द्विवेदी युगीन गद्यभाषा का अध्ययन

प्रयाग विश्वविद्यालय की डी० फिल० उपाधि के लिये प्रस्तुत

शोध - प्रबन्ध

: प्रस्तुत कर्त्री :

विमला

—: निर्देशक :—

डा० हरदेव बाहरी

१९७३

प्रस्तावना

भारतेन्दु युग का परवर्ती युग निश्चय ही आधुनिक खड़ी बोली गद्य की नींव को दृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है। यह युग जहाँ पूर्व में [illegible] का युग रहा वहाँ इसका उत्तरकाल हिन्दी भाषा के लिए स्वर्ण-युग कहा जा सकता है।

हिन्दी भाषा रूपी जिस वृक्ष का बीजवपन इंशा अल्ला खाँ, राजा शिव प्रसाद सितारे हिन्द और राजा लक्ष्मणसिंह ने किया और जो भारतेन्दु युग में पूर्ण रूप से अंकुरित हो कर शाखा-प्रशाखाओं में विकसित हुआ था वह द्विवेदी युग के आगमन के साथ ही साथ पुष्पित एवं पल्लवित भी होने लगा था तथा युग के अन्त होते-होते द्विवेदी जी के अथक परिश्रम के परिणामस्वरूप साहित्यिक क्षेत्र में प्रौढ़, प्रखर, विद्वता-सम्पन्न साहित्यकार रूपी फलों को प्रदान करने में समर्थ हुआ जिनके कृति रूपी अमृत का रसास्वादन करके आज भी हिन्दी प्रेमी नहीं अघाते। वास्तविकता तो यह है कि यह युग साहित्यिक महारथियों के होड़ का युग था। एक दूसरे से बढ़ने की प्रवृत्ति ही लेखकों को इतना प्रौढ़ परिष्कृत, परिमार्जित शैली में लिखने को बाध्य की जिनके टक्कर के साहित्यकार आज भी नहीं मिल पाते, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचन्द, पद्मसिंह शर्मा, बालमुकुन्द गुप्त, चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी', गोविन्द नारायण मिश्र, श्याम सुन्दर दास, महावीर प्रसाद द्विवेदी जैसे आलोचक समीक्षक कहानीकार, नाटककार, कवि, उपन्यासकार हास्य और व्यंग्यकार आज तक नहीं मिले, यद्यपि डा० उदयभानुसिंह और डा० शंकर दयाल चौऋषि ने क्रमशः महावीर प्रसाद द्विवेदी और उनका युग तथा द्विवेदी युगीन गद्य शैलियों का विकास पर थोड़ा बहुत सीमित दृष्टि से प्रकाश डाला है किन्तु इस युग का भाषा-वैज्ञानिक दृष्टि से अध्ययन अछूता ही रहा है, जब कि भाषा-विकास की दृष्टि से इस युग का अभूतपूर्व देन है।

अवधी, ब्रजी तथा भोजपुरी आदि बोलियों का वर्णनात्मक या ऐतिहासिक अध्ययन बहुत या कुछ अंशों में हो चुका है और अभी भी अध्ययन

आदी है। इसी तरह प्राचीन भारतीय आर्यभाषा 'मध्य युगीन भारतीय आर्यभाषा , तथा सूर, तुलसी, कबीर, केशव आदि की कृतियों पर बहुत सीमा तक भाषा - वैज्ञानिक अध्ययन हो चुका है। इसी तरह आधुनिक भारतीय आर्य भाषा के क्षेत्र में भी इस अध्ययन का क्षेत्र बढ़ता ही जा रहा है किन्तु खेद का विषय है कि आधुनिक खड़ी बोली के इस महत्वपूर्ण युग के ऊपर भाषा- वैज्ञानिक अध्ययन नहीं के बराबर हुआ है। इधर कुछ दिनों पूर्व भारतेन्दु की खड़ी बोली पर कुछ अंशों में हमारे अग्रजों ने भाषा -वैज्ञानिक कार्य करके इस मार्ग को थोड़ा प्रशस्त किया है फिर भी यह पर्याप्त नहीं है । भारतेन्दु युग, अथवा द्विवेदी युग के जिन लेखकों ने गद्यभाषा के विकास में जो योगदान किया है उनका मूल्यांकन किए बिना हमारा लक्ष्य अधूरा ही रहता है ।

आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं में खड़ी बोली का आज सामान्य भाषा , राष्ट्रभाषा, राजभाषा , या साहित्यिक भाषा के रूप में जो महत्व है वह भारत की किसी भी भाषा या बोली को नहीं प्राप्त हुआ है किन्तु दुःख के साथ कहना पड़ता है कि अभी तक इस क्षेत्र में पर्याप्त या संतोषप्रद ढंग से कार्य नहीं हो सका है । ऐसी स्थिति में द्विवेदी युगीन गद्यभाषा का भाषा वैज्ञानिक और कुछ अंशों में शैलीगत अध्ययन प्रस्तुत करके मैंने इस दिशा में थोड़ा-बहुत सहयोग देने का प्रयत्न किया है ।

अध्ययन संबंधी विशेषताएं एवं मेरा प्रयास

प्रस्तुत शोधप्रबन्ध सुविधा की दृष्टि से दो खण्डों में विभक्त है (1) भाषा खण्ड (2) शैली खण्ड ।

प्रथम खण्ड में द्विवेदी युगीन प्रायः सामान्य लेखकों की गद्य कृतियों से ले कर प्रौढ़ परिमार्जित लेखकों की गद्यकृतियों में उपलब्ध गद्यभाषा का सांगोपांग अध्ययन भाषा - वैज्ञानिक आधार पर किया गया है। पुनः द्वितीय खण्ड में उन्हीं कृतियों में उपलब्ध गद्यभाषा को शैलीगत दृष्टि से विश्लेषित एवं विवेचित किया गया है । सर्वत्र ही मेरा यह प्रयत्न रहा है कि प्रत्येक कृति के प्रथम संस्करण से ही उदाहरण लिए जाँय । किन्तु जहाँ पर यह

संप्रयोग नहीं मिल पाया है वहाँ पर मात्र सामान्य उदाहरण ही लिए गए हैं।

इसकी भूमिका में द्विवेदी पूर्व हिन्दी गद्य की स्थिति तथा भारतेन्दु युग का थोड़ा बहुत विवेचन करके द्विवेदी युग में युगप्रवर्तक द्विवेदी जी का सरस्वती सम्पादन एवं उनके देवत्व को दिखाते हुए द्विवेदी युग का काल निर्णय तथा अन्य साहित्यकारों के योगदान को दिखाया गया है। अन्त में तत्कालीन गद्यसाहित्य का महत्व एवं उसके स्थान को दिखाने का प्रयत्न किया गया है। भूमिका के लिए हिन्दी साहित्य के इतिहासग्रंथों तथा उनसे संबंधित अनेकों आलोचनात्मक पुस्तकों के अध्ययन और मनन के उपरान्त ही सामग्री एकत्रित की गई है।

मेरी आलोच्य युगीन भाषा का विश्लेषण इस प्रकार किया गया है तथा उदाहरणों को रचना के कालक्रम से इस प्रकार रखा गया है कि भाषा के क्रमिक विकास का दिग्दर्शन सुगमता एवं स्पष्टता से हो सके।

अध्यायों का विभाजन भाषा के निर्माण क्रम से अर्थात सब से छोटी इकाई की तरफ से शुरू करके बड़ी इकाई की ओर क्रमशः बढ़ते हुए किया गया है। इससे द्विवेदी युगीन खड़ी बोली के शोध जिज्ञासुओं के मार्ग प्रदर्शन तथा सामान्य साहित्यिक खड़ी बोली के अध्ययन में सहायता मिल सकती है क्योंकि प्रस्तुत शोध-प्रबंध में द्विवेदी युगीन गद्यभाषा के जो सामान्य प्रयोग दिए गए हैं उनकी सामान्यता की कसौटी आधुनिक खड़ी बोली ही है। जहाँ पर विशिष्टताएँ हैं उन्हें अलग से उल्लिखित किया गया है।

ध्वनि तथा वर्णग्रामिक अनुशीलन में इस युग के लेखकों द्वारा प्रयुक्त प्रायः समस्त ध्वनियों का विश्लेषण शब्दों के रूप में दिखाया गया है। हस्तलिखित अधिक सामग्री न मिलने के कारण लिपि संबंधी पहलू पर नहीं के बराबर विचार हुआ है। किन्तु मुद्रित रचनाओं तथा अल्प मात्रा में उपलब्ध हस्तसामग्री में वर्तनी संबंधित जो भी विशिष्टताएँ मिली हैं उन्हें प्रस्तुत अध्याय में रचना के कालक्रम से दिखाने का प्रयत्न किया गया है।

शब्दावली अध्याय में शब्द समूहों का अध्ययन स्रोत के आधार तथा रचना के आधार पर छः वर्गों में विभक्त कर के किया गया है। साथ ही इस अध्याय में विशेष उल्लेखनीय बात यह है कि हिन्दी शब्द समूहों के समान ही

विदेशी शब्द समूहों को भी तत्सम, अर्धतत्सम एवं तद्भव वर्गों में विभक्त करके दिखाया गया है ।

जिन शब्दों की व्युत्पत्ति का पता नहीं चलता अथवा जिनके विषय में निश्चित रूप से यह नहीं कहा जा सकता कि ये तद्भव नहीं हैं उन्हें देशज नाम से अभिहित किया गया है ।

रचना के आधार पर शब्द समूहों का जो विभाजन हुआ है उन्हें मूल और यौगिक न कह कर प्रातिपदिक और व्युत्पन्न नाम से अभिहित किया गया है ।

व्युत्पन्न शब्दों के अन्तर्गत 'द्विरुक्तितादि शब्द' नाम देने का एक विशेष कारण है क्यों कि एक ही शब्द की आवृत्ति के अतिरिक्त सम्बद्ध शब्द, प्रतिध्वनित शब्द अनुकरणात्मक शब्द, समानार्थी विपरीतार्थी, अथवा सार्थक निरर्थक शब्दों के युगल से भी एक शब्द बनता है। इन सभी प्रकार के शब्दों को, द्विरुक्त शब्द में 'आदि' शब्द जोड़ कर एक ही वर्ग 'द्विरुक्तादि शब्द' के अन्तर्गत रखा गया है ।

द्विवेदीयुगीन गद्यभाषा में विभिन्न स्रोतों से आए हुए शब्दों के अनुपात के संबंध में कोई निश्चित संख्या नहीं बताई जा सकती क्यों कि जहाँ एक तरफ शुद्ध तत्समता के पक्षपाती लेखकों ने विदेशी भाषा के शब्दों के प्रयोग से बचने का प्रयास किया है वहीं जनभाषा के पक्षपाती लेखकों ने निःसंकोच रूप से उनका प्रयोग औपचारिक भाषा में किया है फिर भी इतना निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि जहाँ पूर्वार्ध की भाषा में विदेशी स्रोतों आए हुए शब्दों की बहुलता है वहीं इस युग के उत्तरार्द्ध की भाषा प्रौढ़ परिमार्जित होती गई है और भाषा में तत्सम शब्दों की बहुलता होती गई है। अतः इन सभी प्रकार के शब्दसमूहों का उल्लेख इस छोटे से प्रकरण में न तो किया जा सकता है न करना यहाँ उचित है। अतः द्विवेदीयुगीन शब्दावली का संक्षेप में ही परिचय दिया गया है ।

व्याकरण अध्याय के अन्तर्गत इस युग में प्रचलित एवं व्याकरणिक कोटियों में विभक्त विभिन्न शब्द-भेद अर्थात संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण क्रिया क्रियाविशेषण, अव्यय आदि का संश्लेषणात्मक अध्ययन वाक्य-योजना की एक इकाई के रूप में किया गया है, साथ ही वाक्य के परिचयन और अनुशासन

व्यवस्था में वर्गों के योगदान को भी ध्यान में रखा गया है ।

संज्ञा- सर्वनाम तथा कारक प्रकरण से संबंधित मुख्य बात नाम परिवर्तन की है, इन शब्दभेदों में प्रत्ययों के योग से जो परिवर्तन होता है उन्हें मैंने तिर्यक अथवा विकारी नाम से अभिहित किया है तथा प्रत्ययों से रहित शब्दों को मूल या अविकारी नाम दिया है । साथ ही लिंग-वचन, और पुरुष संबंधी जो असामान्य रूप परिवर्तन हुए हैं उन्हें स्थलविशेष पर 'विशिष्ट' शीर्षक रूप के अन्तर्गत विवेचित किया गया है ।

विशेषण प्रकरण में व्याकरण के सामान्य नियमों के अनुसार ही रूप परिवर्तन दिखाया गया है किन्तु स्थल विशेष पर असामान्य रूप परिवर्तन को विशेषणों के अन्तर्गत भी दिखाया गया है। विशेषणों में संख्यावाचक विशेषण के अन्तर्गत ' निश्चित संख्यावाचक' विशेषण में वर्तनी संबंधी विशिष्टता के कारण एक ही संख्या के कई रूप मिलते हैं: जो तात्कालिक भाषागत अस्थिरता को प्रकट करते हैं, अतः इन विभिन्न रूपों को दिखाने का यथा साध्य प्रयत्न किया गया है ।

क्रिया तथा अव्यय प्रकरण में भी सामान्य के साथ ही साथ कुछ विशिष्ट रूप भी दिखाए गये हैं । क्रिया के काल रूप को दिखाते समय प्रत्येक काल के विवेचन के पूर्व ही वचन और पुरुष के अनुसार ही एक सूची दी गई है जिससे उनके रूप का सहज ही स्पष्टीकरण हो जाय ।

पदबंध अध्याय में यह विशेष रूप से ध्यान रखा गया है कि प्रत्येक शब्दभेद से अभिहित पदबंधों के उदाहरणों में छोटे-से छोटे और बड़े से बड़े पदबंध को दिखाया जाय । प्रत्येक शब्दभेदों के पदबंधों को रचना के आधार पर समशब्द भेद मूलक और भिन्न शब्द भेद मूलक पदों में विभक्त करके विवेचित किया गया है ।

मुहावरों तथा लोकोक्तियों के अध्याय में प्रत्येक का विवेचन प्रयोग, रचना और अर्थ के आधार पर किया गया है ।

मुहावरों तथा लोकोक्तियों के पश्चात् रचना की पूर्ण इकाई वाक्यों का अनुशीलन है वाक्यों के विवेचन में रचना की दो पद्धतियाँ संश्लेषणात्मक (आभ्यन्तरीय) और विश्लेषणात्मक(बाह्य तत्वों) का विशेष ध्यान रखा

गया है । संश्लेषणात्मक पद्धति में वाक्य का भेद रचना और अर्थ दोनों ही दृष्टियों से दिखाया गया है, तत्पश्चात् विश्लेषणात्मक पद्धति के अन्तर्गत वाक्यों में अन्वय, अक्रम, स्थानान्तरण, अध्याहार आदि का स्थान तथा इनसे संबंधित विशिष्टताओं पर व्याख्यात्मक विचार किया गया है ।

वाक्यों के विवेचन के पश्चात तात्कालीन लेखकों की कृतियों में प्रयुक्त विराम चिन्हों का विवेचन हुआ है । विराम चिन्ह वास्तव में वाक्य के ही अंग है किन्तु भारतेन्दु युग के समान ही इस युग में भी इनके प्रयोग में विविधता है। इनके प्रयोग से वाक्यों के अर्थ में भारी परिवर्तन हो जाता है अतः इन्हें अलग अध्याय में रख कर ही विवेचित किया गया है ।

द्विवेदी युगीन गद्यभाषा के अध्ययन का द्वितीय खण्ड शैलीगत है। इसके अन्तर्गत विभिन्न गद्यविधियों को ले कर उनमें उपलब्ध भाषा की शैली के आधार पर विश्लेषित एवं विवेचित किया गया है। साथ ही गद्य भाषा के क्रमिक विकास को दिखाने का भी प्रयत्न किया गया है ।

प्रत्येक अध्याय में उदाहरणों के देते समय कृतियों के कालक्रम का विशेष ध्यान रखा गया है साथ ही सर्वत्र मेरा प्रयत्न यह रहा है कि अधिक से अधिक पुस्तकों से उदाहरण लिए जाय किन्तु जहाँ पर लगातार एक ही पुस्तक से कई उदाहरण लिए गए हैं वह परिस्थिति वश अथवा ऐसे विशिष्ट प्रयोग अथवा शब्द जो अन्य कृतियों में नहीं मिले हैं, के कारण ही उद्धृत हैं । ऐसे प्रयोग अधिकांशतः व्याकरण तथा वाक्य अध्याय के अन्तर्गत ही आए हैं । उद्धृत शब्द या वाक्यों में किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया गया गया है , जहाँ पर सुधार या अर्थ की त्रुटि की सम्भावना है उसे टिप्पणियों में व्यक्त कर दिया गया है ।

प्रबंध का कलेवर अनावश्यक रूप से बढ़ने न पाये , इस दृष्टि से सामान्य प्रयोग के उदाहरणों का उतना ही अंश दिया गया है जितना स्थल विशेष की स्पष्टता के लिए आवश्यक है ।

प्रमाण रूप में इस युग की प्रायः सभी प्रकार की गद्यकृतियों का अध्ययन किया गया है । छोटे से छोटे लेखकों की कृतियों से ले कर प्रौढ़, परिमार्जित गद्य लेखकों की कृतियों का अध्ययन किया गया है । प्रत्येक कृति के १-११-२१-३१ पृष्ठ के क्रम से ही अधिकांश उदाहरण लिए गए हैं तथा पत्र- पत्रिकाओं की सम्पादकीय टिप्पणियाँ तथा इनमें आए हुए निबंधों और लेखों के प्रथम और

विदतीय पृष्ट को ही अधिक महत्व दिया गया है किन्तु इसके अतिरिक्त भी सरसरी दृष्टि से सभी का अध्ययन हुआ है और जहाँ कहीं भी आवश्यक उदाहरण मिल गए हैं उन्हें निःसंकोच लिया गया है। पत्र-पत्रिकाओं में सरस्वती, मर्यादा और प्रभा का ही विशेष उल्लेख है। इसके अलावा 'लक्ष्मी' 'इन्दु' 'माधुरी' 'आज' 'मतवाला' आदि जो भी अंक उपलब्ध हो सके हैं उन्हें यथा स्थान उद्धृत किया गया है।

इस युग की गद्यभाषा के विवेचन के आधार स्वरूप विभिन्न कृतियों के अध्ययन के बावजूद भूमिका तथा शोध प्रबंध की पृष्ठ भूमि के निर्माणार्थ। अनेकों इतिहास ग्रंथों और प्रत्येक अध्याय से संबंधित अनेकों आलोचनात्मक ग्रंथों तथा शोध प्रबंधों के अवलोकन का निर्देशन मेरे पूज्य गुरुवर डा0 हरदेव बाहरी ने दिया। इनके अवलोकन के पश्चात मुझे एक सहज सुलझा हुआ मार्ग दिखाई दिया।

अपनी बात

सर्वप्रथम मैं उन अल्प कठिनाइयों का जिक्र करना चाहूँगी, जिनका सामना मुझे इस शोध के अभियान करना पड़ा। इन्हें अल्प विशेषण से इसलिए अलंकृत की हूँ कि इस शोध की समाप्ति के अवसर पर मैं इन्हें हृदय से कठिनाई न मान कर वरदान ही मानने को बाध्य हूँ। यह निश्चित है कि शुरू - शुरू में जब मुझे इनका सामना करना पड़ता था तो मैं घबड़ा जाती थी और कभी-कभी तो एक दम से निराश हो जाती थी, किन्तु मेरे पूज्य गुरुवर का उत्साहवर्धक सहयोग और यह कथन कि "मैं तुम्हें डा0 बना कर छोड़ूँगा" मुझमें अदम्य साहस और उत्साह को पैदा कर देता था जिससे मैं धीरे धीरे इन कठिनाइयों का सामना करने की अभ्यस्त हो गई, साथ ही मुझमें इस युग की भाषा के गंभीर परत तल तक पहुँचने की उत्सुकता हुई। ज्यों-ज्यों मैं इनमें सीख ली मेरी जिज्ञासा बढ़ती ही गई और एक समय ऐसा आया जब मुझे यह स्वयं ही महसूस होने लगा कि कहाँ किस चीज की कमी रह गई है, कहाँ अभी क्या जोड़ना या घटाना है। अतः इन कठिनाइयों को शोध का आधार मानकर मैं इन्हें वरदान ही मानना अधिक उचित समझूँगी।

सर्वप्रथम और विशेष महत्वपूर्ण कठिनाई मुझे हस्तलिखित रचनाओं की खोज में हुई, क्यों कि इनके बिना किसी भी युग की भाषा का भाषा-वैज्ञानिक अध्ययनपूर्ण नहीं होता। हस्तलिखित प्रतियों की विशेष आवश्यकता वर्तनी और

निरामिकों के लिए होती है। किन्तु खेद का विषय है कि तात्कालीन युग की प्रसिद्ध पत्रिका 'सरस्वती' की प्रकाशन संस्था 'इंडियन प्रेस' अथवा प्रयाग में भी किसी भी लेखक की हस्तलिखित कोई भी रचना उपलब्ध न हो सकी। हिन्दी साहित्य सम्मेलन में मुझे अवश्य ही कुछ हस्तलिखित पत्रसाहित्य को देखने का अवसर मिला जिससे मुझे इस दिशा में कुछ प्रकाश मिल सका किन्तु यह सामग्री इतनी अल्प मात्रा में है कि इससे कुछ निश्चित निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता फिर भी इस अल्प सामग्री में जो भी मद्यभाषा का रूप मिला है इससे मैं निश्चित रूप से कह सकती हूँ कि इनमें व्याकरणिक त्रुटियाँ नहीं के बराबर हैं।

अधिकांश पत्र - पत्रिकाओं की अनेक प्रतियाँ ही नहीं मिल सकी, इस युग में इतनी पत्र-पत्रिकाएं प्रकाशित हुई किन्तु उनका कहीं भी समुचित सिलसिलेवार क्रम नहीं मिलता। 'इंडियन प्रेस' में भी सरस्वती की कुछ प्रतियाँ नहीं हैं तथा जिन संस्थाओं में जो प्रतियाँ हैं भी उनमें से कितने ही लेखों तथा निबंधों के आवश्यक अंश गायब हैं। इसी तरह 'इन्दु' की मात्र एक या दो प्रति ही मुझे भारती भवन प्रयाग संस्था में देखने को मिली। जिसमें भाषागत विशेषताएं पर्याप्त मात्रा में हैं। इसमें यह संदेह नहीं कि यदि इन पत्र- पत्रिकाओं की आरम्भिक प्रतियाँ मिल जाती तो भाषा- शोध कर्ताओं को काफी सहायता मिल जाता, किन्तु खेद का विषय है कि हमारे हिन्दी के संरक्षकों ने इस ओर न कोई विशेष ध्यान दिया है न देने की ही सोचते हैं, हस्तलिखित प्रतियाँ जिनसे इस कार्य में बहुत बड़ी सहायता मिल सकती है, मुद्रित करने के उपरान्त कूड़े की टोकरियों में समर्पित कर दी जाती हैं।

शब्दों की द्विरूपता के कारण उनके गुण और दोष का निर्णय करना बहुत ही कठिन हो जाता है। वर्तनी और व्याकरण अध्याय में इस प्रकार की द्विरूपता को देखा जा सकता है। संज्ञा के लिंगों, 'सर्वनाम' के वचनों तथा गणनात्मक - संख्यावाचक विशेषणों शब्दों में निहित वर्तनी में यह द्विविधता बहुत अधिक मात्रा में पाई गई है।

किन्तु संघर्ष ही जीवन है, जब इन कठिनाइयों के कारण इतने बड़े शोध कार्य का सृजन हुआ है तब इन्हें कठिनाई न मान कर वरदान ही मानना उचित होगा।

इस सम्पूर्ण विचार-विवेचन में कठोर गुरु किन्तु स्नेहिल अभिभावक मेरे श्रद्धेय गुरुवर डा० हरदेव बाहरी का पग-पग पर मिला निर्देशन ही मेरी शक्ति रहा है। सामग्री के अभाव के कारण जब मैं कभी-कभी निराश हो कर कार्य में रुचि भी नहीं लेती थी उस समय अन्यमनस्क हो कर जब उनके पास जाती थी तो मात्र उनके दर्शन से ही मेरे मन चक्षुओं को तीव्र ज्योति मिलती थी फिर उनके सफल एवं विद्वत्तापूर्ण निर्देशन के मिल जाने से तो मैं दुगुना क्या चौगुना उत्साह से कार्य करती थी जिससे कभी-कभी मुझे स्वयं पर ही आश्चर्य होने लगता था। यह मैं अपने सच्चे हृदय से कह रही हूं इसमें कृत्रिमता या बनावट का लेशमात्र भी अंश नहीं है। उनके स्नेहिल निर्देशन और अमूल्य विचार विमर्श ने मेरे निराश होते हुए मन को उत्साहित किया है तथा विशृंखलित होतेहुए विचारों को सही दिशा का अनुसरण करा कर मेरे मानस-चक्षुओं को खुलने का अवसर दिया और मुझे इस शोध प्रबंध के सृजन के योग्य बनाया है। कार्य समापन के इस अवसर पर मात्र कथन 'धन्यवाद' के दो शब्दों से मैं उनसे उऋण नहीं हो सकती इसके लिए मैं उनसे यही आशा करूंगी कि भविष्य में भी उनका निर्देशन सहयोग और उत्साहवर्धक स्नेह मिलता रहे।

आदरणीय गुरुवर डा० रामस्वरूप चतुर्वेदी की मैं विशेष रूप से आभारी हूं जिन्हों ने मुझे विषय-चुनाव में विशेष सहायता दी थी।

विषय से संबंधित सामग्री मुझे सब से अधिक प्रयाग विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं हिन्दी साहित्य सम्मेलन 'प्रयाग' से प्राप्त हुई। इन संस्थाओं के कर्मचारियों ने निर्विघ्नरूप से मेरे कार्य में रुचि लेते हुए सभी प्रकार की सहायता की उसके लिए मैं उन्हें हार्दिक धन्यवाद देती हूं। 'इन्डियन प्रेस' और भारती भवन पुस्तकालय के अध्यक्ष और कर्मचारियों ने 'सरस्वती' और 'इन्दु' की प्रतियों को जिसके लिए मुझे बहुत परेशान होना पड़ा था देने में जो उत्साह एवं रुचि दिखलाई उसके लिए मैं कृतज्ञता स्वीकार करती हूं। यद्यपि मेरी दृष्टि में मात्र कृतज्ञता और धन्यवाद के दो शब्द उनके द्वारा प्रदत्त सेवाओं की तुलना में नगण्य ही लग रहे हैं।

जिन महानुभावों की कृतियों से मैंने आनन्द लाभ किया उनके प्रति मैं विशेष अनुगृहीत हूं। मैं डा० श्रीमती श्याम कुमारी श्रीवास्तव के नाम को नहीं भूल सकती, जिनके शोध प्रबंध, का भारतेन्दु की खड़ी बोली का भाषा-

इस सम्पूर्ण विचार-विवेचन में कठोर गुरु किन्तु स्नेहिल अभिभावक श्रद्धेय गुरुवर डा० हरदेव बाहरी का पग-पग पर मिला निर्देशन ही मेरी शक्ति रहा है। सामग्री के अभाव के कारण जब मैं कभी-कभी निराश हो कर कार्य में रुचि भी नहीं लेती थी उस समय क्लान्तमनस्क हो कर जब उनके पास जाती थी तो मात्र उनके दर्शन से ही मेरे मन चक्षुओं को तीव्र ज्योति मिलती थी फिर उनके सबल एवं विद्वत्तापूर्ण निर्देशन के मिल जाने से तो मैं दुगुना क्या चौगुना उत्साह से कार्य करती थी जिससे कभी-कभी मुझे स्वयं पर ही आश्चर्य होने लगता था। यह मैं अपने सच्चे हृदय से कह रही हूँ इसमें कृत्रिमता या बनावट का लेशमात्र भी अंश नहीं है। उनके स्नेहिल निर्देशन और अमूल्य विचार बिन्दुओं ने मेरे निराश होते हुए मन को उत्साहित किया है तथा विशृंखलित होतेहुए विचारों को सही दिशा का अनुसरण करा कर मेरे मानस-चक्षुओं को खुलने का अवसर दिया और मुझे इस शोध प्रबंध के सृजन के योग्य बनाया है। कार्य समापन के इस अवसर पर मात्र 'धन्यवाद' के दो शब्दों से मैं उनसे उऋण नहीं हो सकती इसके लिए मैं उनसे यही आशा करूँगी कि भविष्य में भी उनका निर्देशन, सहयोग और उत्साहवर्धक स्नेह मिलता रहे।

आदरणीय गुरुवर डा० रामस्वरूप चतुर्वेदी की मैं विशेष रूप से आभारी हूँ जिन्होंने मुझे विषय-चुनाव में विशेष सहायता दी थी।

विषय से संबंधित सामग्री मुझे सब से अधिक प्रयाग विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं हिन्दी साहित्य सम्मेलन 'प्रयाग' से प्राप्त हुई। इन संस्थाओं के कर्मचारियों ने निर्विघ्नरूप से मेरे कार्य में रुचि लेते हुए सभी प्रकार की सहायता की उसके लिए मैं उन्हें हार्दिक धन्यवाद देती हूँ। 'इण्डियन प्रेस' और भारती भवन पुस्तकालय के अध्यक्ष और कर्मचारियों ने 'सरस्वती' और 'इन्दु' की प्रतियाँ को जिसके लिए मुझे बहुत परेशान होना पड़ा था देने में जो उत्साह एवं रुचि दिखलाई उसके लिए मैं कृतज्ञता स्वीकार करती हूँ। यद्यपि मेरी दृष्टि में मात्र कृतज्ञता और धन्यवाद के दो शब्द उनके द्वारा प्रदत्त सेवाओं की तुलना में अल्प ही लग रहे हैं।

जिन महानुभावों की कृतियों से मैंने ज्ञान लाभ किया उनके प्रति मैं विशेष अनुगृहीत हूँ। मैं डा० श्रीमती श्याम कुमारी श्रीवास्तव के नाम को नहीं भूल सकती, जिनके शोध प्रबंध, भारतेन्दु की खड़ी बोली का भाषा-

( )

भाषा- वैज्ञानिक अध्ययन के अवलोकन के उपरान्त ही मुझे अपने विषय की रूप रेखा के निर्माण में बहुत - अधिक सहायता मिली । इस शोध प्रबंध के अवलोकन के पूर्व में किसी भी निश्चित उद्देश्य को प्राप्त करने में असमर्थ हो रही थी ऐसे ही अवसर पर मेरे पूज्य गुरुवर ने इस प्रबंध के अवलोकन का सुझाव दिया जिससे मुझे अपने मार्ग पर चलने का एक सही मार्ग मिला । मैं टंकण अधिकारी श्री अमरबहादुर सिंह जी की हृदय से आभारी हूँ कि इन्होंने अल्पावधि में उत्तरदायित्व पूर्ण ढंग से इस शोध प्रबंध का टंकण कार्य सम्पादित किया ।

इन सब के साथ ही मैं अपने बंधु- बांधवों तथा अपने परिवार के सदस्यों को, विशेष कर अपनी पूजनीय माँ तथा पिता जी को कदापि नहीं भूल सकती जिनका अगाध स्नेह और सहयोग मुझे हमेशा ही प्राप्त होता रहा ।

यद्यपि यह प्रबंध मेरे पूज्य निर्देशक डा० बाहरी द्वारा संशोधित एवं निज द्वारा भी कई बार परिमार्जित, परिष्कृत और सम्पन्न बनाने की चेष्टा की गई है साथ ही टंकण संबंधी भूलों को भी सुधारने का यथा सम्भव उपाय किया गया है किन्तु विषय की गहनता एवं जटिलता तथा कुछ सूक्ष्म त्रुटियों के दृष्टिगत न होने के कारण कुछ कमियों की सम्भावना हो सकती है उसके लिए मैं क्षमा - प्रार्थिनी हूँ ।

अन्त में मैं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रति विशेष श्रद्धा प्रकट करती हूँ जिसके तत्वावधान में मेरा यह शोध प्रबंध सम्पन्न हुआ ।

***

प्रयाग | विमला
अक्टूबर, 1973 ई०

-0-

विषयानुक्रमणिका

-0-

भूमिका

2-ख-1-ख- देशी शब्दावली

2-ख-1-ख-1- शुद्ध देशी , 2-ख-1-ख-2- अनुकरणात्मक शब्द

2-ख-1-ग- विदेशी भाषा के शब्द

2-ख-1-ग-1- अरबी फारसी के शब्दः-

क- अरबी- फारसी तत्सम् शब्द, ख- अरबी-फारसी अर्द्ध तत्सम् शब्द , ग- अरबी फारसी तद्भव शब्द, 2-ख-1-ग-2- अंग्रेजी शब्द3- क- तत्सम शब्द, -ख, अर्द्ध तत्सम शब्द, ग- तद्भव शब्द

2-ख-2- यौगिक शब्द

: 101 - 156 :

क- आर्य भाषा के यौगिक शब्दः- 2ख-2-क- पूर्व प्रत्यय युक्त शब्द , 2-ख- 2-क-1 तत्सम् शब्द, 2ख-2-क-2 पूर्व प्रत्यय युक्त तद्भव शब्द ·

ख — विदेशी यौगिक शब्द : 2ख-2-क-पूर्व प्रत्यय युक्त अरबी- फारसी शब्द, 2-ख-2 -ख-पर प्रत्यय युक्त शब्द, 2-ख-2-ख-1- पर प्रत्यय युक्त तत्सम् शब्द, 2-ख-2-ख-2-पर प्रत्यय युक्त तद्भव शब्द, 2-ख-2-ख-3- संकर शब्द उपसर्ग, ख-2-ग- समास- क-अव्ययीभाव समासीय, ख, तत्पुरुष, ग- कर्मधारय-घ- द्वन्द्व समास, ङ- पूर्वपद संख्या वाचक कर्मधारय या द्विगु समास, च- बहुव्रीहि, 2-ख-2-घ- द्विरुक्तादि शब्द: 1- 2-ख-2-घ-1- एक ही शब्द की आवृत्ति - क- शब्द के अनुसार , ख- प्रयोग के अनुसार अन्य शब्द भेद रूप में 2-ख-2-घ-2- सम्बद्ध शब्द द्वारा आवृत्ति, 2-ख-2-घ-3- प्रति ध्वनित शब्द,

3

व्याकरण

:157 -331 :

3-1 - संज्ञा

: 157- 179:

3-1-क- संज्ञा के भेदः- 1- व्यक्तिवाचक, 2 - जाति वाचक, 3- भाव वाचक 4- द्रव्य वाचक, 3-1-ख-लिंग, 3- 1-ग- वचनः-1-पुल्लिंग -2-स्त्रीलिंग,-3-बहुवचन सूचक शब्दों का योग-4- विशेष

3-2- सर्वनाम

: 180- 197:

(1) सम्भाव्य भविष्यत (2) सामान्य भविष्यत (3) प्रत्यक्षविधि काल (4) परोक्ष विधि काल

3-5-ग-ख-2- कृदन्त -क- वर्तमान कालिक कृदन्तों से बने काल (1) सामान्य संकेतार्थ कर्तरि प्रयोग (2) सामान्य वर्तमान काल (3) अपूर्ण भूत काल (4) सम्भाव्य वर्तमान काल(5) संदिग्ध वर्तमान काल, ख- भूत कालिक कृदन्तों से बने काल (1) सामान्य भूत काल (2) आसन्न भूत काल (3) पूर्ण भूत काल (4) संदिग्ध भूत काल(5) पूर्ण संकेतार्थ काल(6) सम्भाव्य भूत काल
3-5-ग-ख-कर्म वाच्य, 3-5-ग-ख-1 धातु से बने काल (1) सम्भाव्य भविष्यत काल (2) सामान्य भविष्यत काल(3) प्रत्यक्ष तथा परोक्ष विधि काल, 3-5-ग-ख-2- कृदन्त, क-वर्तमान कालिक कृदन्त (1) सामान्य संकेतार्थ काल(2) सामान्य वर्तमान काल (3) संदिग्ध भूत काल, ख- भूत कालिक कृदन्त (1) सामान्य भूत '2) आसन्न भूत (3) पूर्ण भूत काल

3-5-घ- वाच्य- 3-5-घ-1- कर्तृवाच्य, ~~3-5-घ-2-~~
3-5-घ- 2- कर्म वाच्य:-(1) कर्तृ कर्मणि प्रयोग (2) कर्म कर्मणि प्रयोग, 3-5-घ-3- कर्तृकर्म वाच्य, 3-5-घ-4- भाव वाच्य(1) कर्तृ भावे प्रयोग (2) कर्म भावे प्रयोग(3) भाव भावे प्रयोग

3-6- अव्यय

(303- 330)

3-6-क- क्रिया विशेषण

-3-6-क- -1- प्रयोग के आधार पर (क) सामान्य क्रिया विशेषण (ख) अन्य शब्द भेद क्रिया विशेषण रूप में (ग) निश्चित स्थान वाले क्रिया विशेषण, (घ) अनिश्चित स्थान वाले क्रिया विशेषण
3-6-क-2- रचना के आधार पर(क) रूढ़ क्रिया- विशेषण (ख) यौगिक क्रिया विशेषण ,ख-1- उपसर्ग के योग से निर्मित , ख-2,- प्रत्ययों के योग से निर्मित, ख-3- भिन्न शब्द भेदों की द्विरुक्ति से निर्मित, ख-4- विभिन्न शब्दों के संयोग से निर्मित
3-6-क-3- अर्थ के अनुसार क्रिया विशेषणों का भेद -क- स्थान वाचक ख- काल वाचक ग- परिमाण वाचक, घ- रीतिवाचक क्रिया विशेषण

3-6-ख संबंध सूचक अव्यय

3-6-क-2- प्रयोग का आधार, 3-6-ख-2- अर्थ का आधार

3-6-ग- समुच्चय बोधक अव्यय

~~3-5-ग-1- प्रयोग का आधार, 3-6-ग-2- अर्थ का आधार~~

3-6-ग-1- समानाधिकरण-क- संयोजक ख- विभाजक ग- विरोध दर्शक घ- परिणाम दर्शी, 3-6-ग-2- व्यधिकरण समुच्चय बोधक क- कारण वाचक ख- उद्देश्य वाचक संकेत वाचक घ- स्वरूप वाचक

3-6-घ- विस्मयादि बोधक अव्यय

3-6-घ-1- प्रयोग के आधार पर क- मुख्य रूप में भावों के अनुसार बोधक ख- विभिन्न शब्द भेदों के अनुसार बोधक के रूप में प्रयोग, 3-6-घ-2- रचना के आधार पर -क-शब्द ख- पदांश ग- वाक्य

4

पदबंध

: 332-35 :

4-क- 1 संज्ञा पदबंध

4-क-1-क-नाम शब्द भेद मूलक, 4-क-1ख- विभाम शब्द भेद मूलक, 4क-2 सर्वनाम पदबंध 4-क-2-क- समभेदमूलक, 4क-2ख विषम भेद मूलक 4-क-3- विशेषण पदबंध

4-क-3-क- सम शब्द भेद मूलक, 4-क-3-ख- विषम शब्द भेद मूलक

4-क-4- क्रिया पदबंध

4-क-4-क- सम शब्द भेद मूलक, 4-क-4-ख- विषम भेद मूलक

4-क-5- क्रिया विशेषण पद बंध

4-क-5-क- सम शब्द भेद मूलक, 4-क-5-ख- विषम शब्द भेद मूलक, 4-क-5-ग- विभिन्न शब्द भेदों से बने क्रिया विशेषण पदबंधों के कुछ विशिष्ट रूप

4-क-6 परसर्ग पदबंध

4-क-6-क- सम शब्द भेद मूलक, 4-क-6ख- विषम शब्द भेद मूलक

4-क-7- लिंग भावबोधक अव्यय पदबंध

4-क-7-क - सम शब्द भेद मूलक, 4-क-7-ख- विषम शब्द भेद मूलक

5

मुहावरें तथा लोकोक्तियाँ

: 352 - 393 :

5-1- मुहावरें

: 352- 384:

5-1-क- मुहावरों के उपादान की दृष्टि से भेद:-
: 352-369:

5-1-क-1- अंग तथा उनके व्यापार संबंधी, 5-1-क-2- मानव जीवन से संबंधित उपकरण वाले मुहावरे, 5-1-क-3- मानव निर्मित वस्तुयें, 5-1-क-4- प्राकृतिक पदार्थ संबंधित मुहावरे, 5-1-क-5- मार्ग तथा स्थान संबंधी, 5-1-क-6- संख्या, माप, तौल संबंधी, 5-1-क-7- मनुष्येत्तर प्राणी संबंधी, 5-1-क-8- भाव मनोविकार एवंअनुभाव संबंधी उपादान, 5-1-क-9- गुण आदि से संबंधित, 5-1-क-10-क्रिया, प्रतिक्रिया तथा व्यापार संबंधी

5-1-ख- रचना की दृष्टि से मुहावरों के भेद

: 369- 378

5-1-ख-1- संज्ञा+ संज्ञा, 5-1-ख-2- विशेषण + संज्ञा,

5-1-ग- अर्थ की दृष्टि से मुहावरों के भेद

: 378- 384:

5-1-ग-1शब्दगत लाक्षणिकता, 5-1-ग-2- वाक्यांशगत लाक्षणिकता, 5-1-ग-3 अर्थ तत्व का आधार

5-2- लोकोक्तियाँ या कहावतें

:384- 393:

5-2-क- प्रयोग का आधार, 5-2-ख- संरचना का आधार, 5-2-ख-1- वाक्यांश मूलक, 5-2-ख-2 वाक्य मूलक, 5-2- ग- अर्थ का आधार, 5-2-ग-ग-1 अभिधार्थ में प्रयुक्त लोकोक्तियाँ, 5-2-ग-2 लक्षणार्थ में प्रयुक्त लोकोक्तियाँ

5-2-ग-3- अभिधा-लक्षणा द्वारा अर्थ में प्रयुक्त लोकोक्तियाँ, 5-2-ग-4- धार्मिक, काल्पनिक

खण्ड-2

द्विवेदी युगीन गद्य भाषा का शैली गत अध्ययन

: 476- 501 :

1- निबंध विधा, 2- कहानी विधा, 3 उपन्यास विधा, 4- नाट्य विधा
5- समीक्षा , 6- पत्रकारिता

भूमिका

१- द्विवेदी पूर्व गद्यभाषा

क- १९वीं शताब्दी का हिन्दी गद्य :-

द्विवेदी युगीन गद्यभाषा के सांगोपांग विवेचन के पूर्व उसके पूर्ववर्ती गद्य की साहित्यिक परिस्थितियों तथा भाषा पर विचार करना आवश्यक है, क्यों कि पूर्वकालिक - विशेषतः भारतेन्दु युगीन भाषा तथा साहित्यिक परिस्थिति का अध्ययन किए बिना द्विवेदी - युगीन गद्य -भाषा का ठीक- ठीक मूल्यांकन नहीं हो सकेगा ।

द्विवेदी - युगीन गद्य-भाषा किसी एक युग अथवा किसी विशेष परिस्थिति की देन नहीं है, वरन् जन-भाषा के रूप से विकसित हो कर साहित्यिक रूप ग्रहण करने में इसे शताब्दियाँ लग गईं । उद्गमकाल से इस काल तक आते आते इसे कई स्थितियों को पार करना पड़ा, किन्तु स्वतंत्र रूप से आधुनिक हिन्दी गद्य के विकास का प्रथम सोपान ईसा की १९वीं शताब्दी से मानना चाहिए । भाषा -विकास की दृष्टि से यह युग अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है । हिन्दी गद्य की अखंड परम्परा का सूत्रपात करने वाले सदासुखलाल नियाज, सैयद ईशा अल्लाखाँ, लल्लू लाल सदल मिश्र और मथुरा प्रसाद जैसे लेखक हैं जिन्होंने हिन्दी में खड़ी बोली गद्य की नींव डाली । इसके पूर्व तो हिन्दी गद्य धार्मिक टीकाओं , सरकारी आज्ञापत्रों और राजसीघोषणा पत्रों तक ही सीमित था । अभी तक हिन्दी की प्राचीन और प्रौढ़भाषा ब्रज का ही साहित्यिक क्षेत्र में बोल बाला था। किन्तु कालान्तर में सभ्यता के विकास

के साथ ही भावों और विचारों की प्रौढ़ अभिव्यक्ति में ब्रजभाषा अनुपयुक्त प्रतीत हुई जिसके परिणामस्वरूप जनभाषा के रूप में बढ़ते हुए उत्तरदायित्व को वहन करने के लिए हिन्दी साहित्य में खड़ी बोली का समावेश हुआ ।

19वीं शताब्दी का पूर्वार्ध स्वतंत्र साहित्य रचना की दृष्टि से मात्र ईसाई धर्म प्रचार तथा पाठ्य पुस्तकों तक ही सीमित रहा अन्यथा इसका पूर्वार्ध विभिन्न आन्दोलनों सभा-सोसाइटियों , मिशनरियों और साम्प्रदायिक संस्थाओं के निर्माण में ही व्यतीत हो गया । दूसरे शब्दों में हिन्दी गद्य-विकास का यह काल'सुप्तावस्था' का काल कहा जा सकता है ।

हिन्दी गद्य-विकास के इस सुप्तावस्था में भी राजा शिवप्रसाद'सितारेहिन्द', राजा लक्ष्मण सिंह, और दयानन्द सरस्वती जैसी कुछ महान विभूतियाँ उत्पन्न हुईं जो अपने ढंग से इसमें चेतनता लाने का प्रयास करती रहीं । हिन्दी और उर्दू का जो संघर्ष इस समय छिड़ा वह अनवरत रूप से भारतेन्दु के आगमन तक चलता रहा । उर्दू के बढ़ते हुए आधिपत्य की तुलना में हिन्दी की दयनीय स्थिति का दिग्दर्शन कराते हुए आचार्य रामचन्द्र शुक्ल' हिन्दी साहित्य के इतिहास' में लिखते है——

'' सरकार की कृपा से खड़ी बोली का अरबी-फारसीमय रूप लिखने-पढ़ने की अदालती भाषा हो कर सब के सामने आ गया, जीविका और मान मर्यादा की दृष्टि से उर्दू सीखना आवश्यक हो गया । देश-भाषा के नाम पर लड़कों को उर्दू ही सिखाई जाने लगी। उर्दू पढ़े लिखे लोग ही शिक्षित कहलाने लगे । हिन्दी की काव्यपरम्परा यद्यपि राजदरबारों के आश्रय में चली चलती थी पर उसके पढ़ने वालों की संख्या भी घटती जा रही थी । ऐसे प्रतिकूल समय में साधारण जनता के साथ-साथ उर्दू पढ़े-लिखे लोगों की भी जो थोड़ी-बहुत दृष्टि अपने पुराने साहित्य की ओर बनी हुई थी वह धर्मभाव से।''1

उर्दू के रोआब-दाब और तड़क-भड़क के सामने भी हिन्दी का प्रभाव कहीं प्रत्यक्ष और कहीं अप्रत्यक्ष रूप से सतत् बढ़ रहा था यद्यपि इसकी गति बहुत ही मंद थी, बाबू बालमुकुन्द गुप्त के शब्दों में ——

'' जो लोग नागरी अक्षर सीखते थे फारसी अक्षर सीखने पर विवश हुए और हिन्दी भाषा हिन्दी न रह कर उर्दू बन गई । हिन्दी उस भाषा का नाम रहा जो टूटी फूटी चाल पर देवनागरी अक्षरों में लिखी जाती थी । ''2

हिन्दी और उर्दू की यह समस्या हिंदू मुसलमानों की मजहबी समस्या बन गई जिससे 1940 ई0 में हिन्दी को शिक्षा का माध्यम रखने का सरकारी विचार बदलना पड़ा। भाषा संबंधी इस समस्या में अंग्रेजी कूटनीतिज्ञों ने आग में घी का काम किया। फलस्वरूप इसका प्रभाव न केवल उर्दू लेखकों तक ही सीमित रहा वरन् खेद का विषय है कि अपने अथक परिश्रम से न्यायालयों में हिन्दी को प्रतिष्ठित करने वाले राजा- शिवप्रसाद 'सितारे-हिन्द' भी कालान्तर में — "Urdu is becoming our mother tongue" [1] का नारा बुलन्द करने लगे।

इसी समय हिन्दी में राजाशिवप्रसाद 'सितारे हिन्द' की अरबी-फारसी शब्दों से भरी-पूरी आमफहम और खास पसन्द तथा अरबी-फारसी शब्दों को बहिष्कृत करने वाली राजा लक्ष्मणसिंह की संस्कृतनिष्ठ शैलियाँ भी मान्यता तथा स्वीकृति के लिए प्रतिद्वन्द्विता कर रही थीं।

संक्षेप में भारतेन्दु के पूर्व का युग भाषा समस्या और भाषा निर्माण का युग था जिसमें आधुनिक साहित्य की भावी रूप, रेखा का मात्र आभास हो रहा था।

ख - भारतेन्दु युगीन भाषा तथा साहित्यिक परिस्थिति

हिन्दी साहित्य की ऐसी ही शोचनीय और अव्यवस्थित स्थिति में भारतेन्दु का पदार्पण साहित्यिक क्षेत्र में नई आशा और नई चेतना का सूचक था। उन्होंने अपने आगमन के साथ ही अपनी प्रतिभाकुशलता, विदग्धता तथा चतुर्मुखी व्यक्तित्व से साहित्यिक परिस्थिति का सिंहावलोकन कर के यह अनुभव किया कि उक्त दोनों शैलियों के संकीर्ण मार्ग से चलने पर किसी भी भाषा का विकास असम्भव है अतः उन्होंने दोनों ही शैलियों के एकांगी मार्गों का समन्वय कर के एक नई विस्तृत मध्यम मार्गवाली तथा संस्कृत और अरबी-फारसी के अतिवादों से मुक्त शैली की नींव डाली जिसमें लेखकों का प्रयत्न यही रहता था कि कठिन तथा अपरिचित शब्दों के प्रयोग से अधिकाधिक बचें, साथ ही अरबी फारसी तथा संस्कृत के मात्र उन्हीं शब्दों का प्रयोग करें जो किसी निश्चित उद्देश्य-पूर्ति

1- हिन्दी साहित्य का इतिहास- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल- पृष्ठ 409

2- ,, ,, ,, पृष्ठ-409

के लिए आवश्यक हो। अर्थात् इस शैली का मूल आधार दैनिक व्यवहार की भाषा थी जिसे परिमार्जित करके गद्यभाषा के रूप में अपनाया गया। इसी युग में एक नई व्यंजना पद्धति की स्थापना हुई जो पुनर्जागृतिकाल की विभिन्न प्रवृतियों, विषयों, तथा विभिन्न साहित्यिक विधायों की अभिव्यक्ति में समर्थ थी।

भारतेन्दु के पूर्वकालीन हिन्दी गद्य साहित्य का धरातल असमतल तथा उसका स्वरूप अमूर्त था जिसे भारतेन्दु ने एक मूर्त-रूप दिया। भाषा के परिमार्जित शुद्ध रूप देने के लिए अनेकों शैलियों का प्रचार किया गया। खड़ी बोली गद्य के साथ ही साथ पद्य के क्षेत्रों में भी पदार्पण करने लगी। पत्रकारिता तथा रंगमंच के विकास ने विभिन्न विधाओं के विकास में ऐतिहासिक योगदान किया।

इतना होने पर भी विधाओं में जितनी नवस्फूर्ति और नवजागरण की अपेक्षा की जाती थी वह देखने में नहीं मिलती। संक्रान्तिकालीन भाषा होने के कारण काव्यशास्त्रीय परम्पराओं और भाषा की व्याकरण सम्मत एकरूपता के प्रति विशेष ध्यान न दे कर साहित्य में मात्र जनभावनाओं की अभिव्यक्ति को ही लक्ष्य बनाया गया। फलस्वरूप इस युग के साहित्य में अभिव्यक्ति की निश्छलता और यथार्थता का मनोरम रूप तो मिलता है किन्तु बनावट के लिए कोई स्थान नहीं।

इस युग के प्रायः समस्त लेखक किसी न किसी पत्र के सम्पादक थे। सम्पादक होने के नाते इन लेखकों को पत्रों की सफलता के लिए हर सम्भव प्रयत्न से लेखन क्रम बनाए रखने की आवश्यकता थी इसके लिए विषय प्रतिपादन में गंभीरता और प्रौढ़ता की अपेक्षा सजीवता उत्साह आदि गुणों को ही अधिक प्रश्रय दिया गया। इस उद्देश्य की पूर्ति में कहीं कहीं प्रान्तीयता का दोष भी आ गया है किन्तु इससे उनकी व्यवहारिकता तथा प्रभावमयता में कहीं भी कमी नहीं आई है क्यों कि व्यवहारिक विषय के चुनाव के साथ ही साथ उनकी अभिव्यक्ति का ढंग भी सहज और व्यक्तित्वगुण सम्पन्न ही है।

निष्कर्ष रूप में भारतेन्दु युगीन साहित्य में मुख्य रूप से तीन बातें विशेष उल्लेखनीय हैं — भाषा का संस्कार, साहित्य की विभिन्न विधाओं का प्रयोग तथा साहित्य को संघर्ष और अन्धकार के गर्त से बाहर निकाल कर लोकक्षेत्र पर स्थिर और अव्यवस्थित रूप से स्थापित करना। निर्माण के इन समस्त सूत्रों के सूत्रधार भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र थे जिनके पथ का अनुगमन तात्कालीन अनेक लेखकों ने किया जो बाद में भारतेन्दु मंडल के नाम से प्रसिद्ध हुए।

ग - भारतेन्दु की भाषानीति तथा उसका विकास :-

साहित्यिक क्षेत्र में पदार्पण करते ही भारतेन्दु ने अपनी भाषा- नीति का आधार जनता मान्य की भाषा को बनाया। साहित्य के क्षेत्र में वे एक ऐसी गद्य शैली का प्रचार करना चाहते थे जिसे जनता अपनी समझे । अपने नेतृत्व में प्रकाशित 'हरिश्चन्द्र चन्द्रिका' नामक पत्र में उन्होंने अपनी इसी भाषा नीति तथा शैली पर बल दिया है, जैसा कि आचार्य शुक्ल जी कहते हैं-

'' हिन्दी गद्य का ठीक परिष्कृत रूप पहले पहल इसी चन्द्रिका से प्रकट हुआ जिस प्यारी हिन्दी को देश ने अपनी विभूति समझा जिसको जनता ने उत्कंठापूर्वक दौड़ कर अपनाया उसका दर्शन इसी पत्रिका में हुआ ।''

स्वसंस्कृति के अनन्य प्रेमी होने के बावजूद भी भारतेन्दु अपनी इसी भाषानीति के माध्यम से गद्य एवं पद्य दोनों ही रूपों को सशक्त, समृद्ध और युगानुरूप बनाना चाहते थे । जिसके परिणाम स्वरूप हिन्दी शब्दों के साथ विदेशी और विजातीय शब्दों को दाल में नमक के समान ग्रहण किया । उनका राष्ट्रप्रेमी-हृदय स्वाभाविक रूप से संस्कृत के प्रति आकर्षित होने पर भी भाषा के क्षेत्र में उदार रहा । फलस्वरूप एक तरफ उन्होंने लोकोक्तियों, मुहावरों, संस्कृत तथा प्राचीन साहित्यों के उद्धरणों को स्थान दे कर भाषा का व्यावहारिक, शिष्ट तथा प्रौढ रूप प्रस्तुत किया तो दूसरी और अरबी-फारसी शब्दों के नीचे नुक्ता को हटा कर शब्दों का राष्ट्रीयकरण कर के तथा उर्दू -फारसी के भावव्यंजक एवं प्रचलित शब्दों को सहृदयता पूर्वक ग्रहण करके भाषा द्वेष की प्रवृत्ति को दूर किया ।

किन्तु कालान्तर में भारतेन्दु के अवसान के बाद उनकी इसी भाषा-नीति को विकसित करने में कुछ भारतेन्दु मंडल के लेखक ही उदासीन हो गए जिनमें विशेषतः प्रताप नारायणमिश्र की प्रान्तीयता, बैजेन्द्र किशोर की कृत्रिमता और भीमसेनशर्मा की उर्दू-फारसी शब्दों तक का संस्कृतिकरण ने न केवल भाषा के स्वभाविक विकास में बाधा डाली वरन् भाषा के स्वभाविक सौन्दर्य को एक दम से नष्ट करके शब्दाडम्बर और क्लिष्टता की अलंकारिता से जोड़ कर दुरूह बना दिया। जिसके फलस्वरूप भारतेन्दोत्तरकाल में भाषा में सर्वत्र ही अशिष्टता और असंयतता का साम्राज्य छा गया। भाषा विकास की इस ~~दुर्द~~ दुर्दशा का चित्रण डा० उदय भानुसिंह ने बड़े ही सशक्त और प्रभावशाली

हिन्दी साहित्य का इतिहास - पं० रामचन्द्र शुक्ल पृ० 438

शब्दों में किया है —

'' भारतेन्दु और प्रतापनारायण मिश्र के बाद हिन्दी साहित्य प्रभंजन पीड़ित पतवार हीन नौका की भांति ऊभ-चूभ होने लगा। निरंकुश लेखक बगदूदू घोड़ों की भांति मनमानी सरपट दौड़ने लगे। उन्होंने भाषा की शुध्दता का ध्यान रखा न शैली को। सभी की अपनी-अपनी तुंबड़ी थी और अपना-अपना राग था। हिन्दी भाषा और साहित्य में चारों तरफ अराजकता फैल गई ''।

घ- भारतेन्दोत्तर कालीन हिन्दी गद्य:—

विगत विवेचन में यह बताया जा चुका है कि भारतेन्दु युगीन गद्य जो धार्मिक टीकाओं और व्याख्याओं तक ही सीमित था, उसे भारतेन्दु ने सामान्य क्रीड़ा भूमि पर उतार कर विभिन्न विधाओं के माध्यम से विकसित किया। फिर भी गद्य के रूप में स्थिरता और प्रौढ़ता का अभाव खटकता ही रहा क्यों कि भारतेन्दु काल से चली आ रही हिन्दी की अपनी दुर्बलताएं यथा— व्याकरण की व्यवस्था का अभाव, शब्द भंडार का संकोच, वैज्ञानिक शब्दावली का दुर्भिक्ष क्षेत्रीय भाषाओं का परस्पर कलह आदि कुछ ऐसी समस्याएं थी जिसे संवारने, सजाने तथा स्थिरता देने के इच्छुक हिन्दी के कर्णधार शैलियों को प्रौढ़ता और परिष्कार न दे सके। फिर भारतेन्दु की मृत्यु से तो हिन्दी गद्य में एक प्रकार की अराजकता सी आ गई।

भारतेन्दोत्तर युग में हिन्दी गद्य शैली के प्रयोगों, वैयक्तिक रुचियों और बंगला उर्दू के अनुकरण मात्र तक ही सीमित रह गई। भारतेन्दु द्वारा प्रचलित सामान्य भाषा शैली का अस्तित्व प्राय: मिटने सा लगा। नेता के अभाव में भारतेन्दु- मंडल तथा इस युग के समस्त लेखक किसी भी लक्ष्य के अभाव में किसी भी प्रकार की उच्चकोटि की साहित्यिक कृति की रचना में असमर्थ रहे। श्रीधर पाठक, बदरी नारायण चौधरी किशोरीलाल, बालमुकुन्द गुप्त, देवकीनन्दन खत्री, महावीर प्रसाद द्विवेदी जैसे साहित्यकार भी अपनी-अपनी ढफली और अपना अपना राग अलाप रहे थे। दूसरे शब्दों में भारतेन्दोत्तर युग वस्तुत: प्रतिभा के संघर्ष तथा नेतृत्व के परीक्षण की घड़ियों का युग था। साहित्यिक क्षेत्र में इसी स्वच्छन्दतावादी प्रवृत्ति को लक्ष्य कर के डा० उदयभानु सिंह ने कहा है —

---

1. महावीर प्रसाद द्विवेदी और उनका युग - उदयभानु सिंह पृ.- 32-33

'' कोई किसी की सुननेवाला न था, सभी वक्ता गुरु या नेता बने थे, श्रोता, शिष्य या अनुगामी कोई न था अतएव वह अराजकता का युग था।''[1]

भारतेन्दोत्तरकालीन गद्य में अराजकता के कारणों में कुछ सीमातक पूर्वकालीन आन्दोलन तथा विभिन्न भाषा- भाषी लेखकों का आगमन भी था जो गुण की अपेक्षा गणना को अधिक महत्व देते थे। जैसा कि डा० भोलानाथ ने कहा है ——

'' साथ ही आत्म-त्याग समझकर लोग हिन्दी में लिखते थे और मातृभाषा समझकर उसे सीखने की आवश्यकता बिल्कुल ही नहीं समझते थे।''[2]

व्याकरण संबंधी एकरूपता तथा उसके प्रति लेखकों की अज्ञानता के कारण हिन्दी अपनी स्वाभाविक लिंग, वचन, तथा वाक्य विन्यास भी खो बैठी। एक ही शब्द किसी की दृष्टि में पुलिंग तो दूसरे की दृष्टि में स्त्रीलिंग था। वचन के संबंध में भी यही धारणा थी। कहीं कहीं तो एकही लेखक एकही शब्द को कहीं पुलिंग तो कहीं स्त्रीलिंग कहीं एक वचन तो कहीं बहुवचन मानता था।

यद्यपि भारतेन्दु के समय से ही अनेकों भाषाओं के शब्द, पद, मुहावरों के प्रयोग तथा विभिन्न भाषाओं से अनुवादों का कार्य होता रहा किन्तु शब्द भंडार की कमी के कारण विवशतावश उन्हीं भाषाओं के शब्दों को अपनाना पड़ा। भारतेन्दु के समय में जो भी व्यक्तिगत प्रयास हुए वे इस समय रूक गए। पथ प्रदर्शक के अभाव में लोकप्रियता के इच्छुक लेखकों में हठवादिता दुराग्रह और मिथ्याभिमान की भावना इतनी अधिक बढ गई थी कि उचित अनुचित न्याय- अन्याय, सत्य-असत्य जो भी उनके मानस पटल पर प्रतिबिम्बित होता उसे लेखनी के माध्यम से साहित्य रूप में प्रकट कर दिया जाता।

निष्कर्षतः भारतेन्दोत्तर युगीन गद्य में विभिन्न प्रकृति के शब्दों, पदों तथा वाक्यों के स्वच्छन्द एवं अबाध प्रयोग के कारण सर्वत्र ही एकरूपता का अभाव रहा।

- -

1- महावीर प्रसाद द्विवेदी और उनका युग - उदयभानुसिंह पृष्ठ 265

2- हिन्दी साहित्य - डा० भोलानाथ गुप्त पृष्ठ- 42

साहित्य की यह स्थिति बौद्धिक ज्ञान की क्षुधा -तृप्ति में पूर्णतया असमर्थ रही । हिन्दी की इस दैन्यीय दशा का एक कारण हिन्दी लेखकों की दैन्यीय आर्थिक दशा भी थी जिसके कारण वे हमेशा ही हिन्दी के प्रति उपेक्षाभाव रखते थे यथा——

'' क जिन विद्वानों से हिन्दी के भंडार को भरने के लिए कहा जाता था तो वह स्पष्ट कह देता था कि 'क्या करें मुझे तो हिन्दी आती नहीं।''।

उपर्युक्त कथन से स्पष्ट है कि भारतेन्दुोत्तर युग में हिन्दी गद्यसाहित्य में घोर निराशा और दैन्यावस्था का साम्राज्य छाया हुआ था ।

2- द्विवेदी युग

भारतेन्दोत्तर कालीन हिन्दी भाषा की अराजकतापूर्ण और अव्यवस्थित स्थिति की परम्परा द्विवेदी जी के साहित्य में पदार्पण के पूर्व तक चली आई थी। इस समय तक भाषा का मार्ग तो स्थिर हो गया था किन्तु उसमें सौष्ठव नहीं आ सका था। गद्य क्षेत्र में अनेक विधाओं और शैलियों के विकास के बावजूद भी उनमें शिथिलता, और परिपक्वता का अभाव था । भारतेन्दु युगीन लेखकों का एकमात्र उद्देश्य येन-केन प्रकारेण हिन्दी का एक निश्चित रूप प्रस्तुत कर के प्रचार और प्रसार करना था न कि परिमार्जन और परिष्कार। भारतेन्दु के बाद हिन्दी में दैनिक -मासिक साप्ताहिक , पत्रों का विकास अधिकाधिक मात्रा में होने लगा था । अनुवादों की परम्परा की गति में भी तीव्रता आई । भाषाप्रेम की जागृति के फलस्वरूप ग्रामों और नगरों में अनेक सभा और सोसाइटियों की स्थापना हुई जिसमें श्यामसुन्दरदास के प्रयत्न से स्थापित काशी नागरी प्रचारिणी सभा विशेष उल्लेखनीय है । अनेक उत्साही लेखक और कार्यकर्ता हिन्दी के समुद्धार में संलग्न हो चुके थे तथापि सामान्य जनता और साहित्यिक क्षेत्र में यह अनुभव किया गया कि मराठी , बंगला और गुजराती साहित्य की तुलना में हिन्दी साहित्य दुर्बल है । उधर भारतेन्दु काल में व्याकरणिक ज्ञान के अभाव तथा शब्द भंडार में कमी के कारण हिन्दी में मनमाना प्रयोग शुरू हो गया था ऐसी स्थिति में हिन्दी के निजी स्वरूप की रक्षा के लिए और उसकी प्रकृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए

- -

1- हिन्दी साहित्य का इतिहास - आचार्य राम चन्द्र शुक्ल पृष्ठ 448

व्याकरण के अनुशासन की अत्यधिक आवश्यकता थी , ऐसे ही समय में द्विवेदी जी जैसे एक महान प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व का उदय हुआ जिसने शीघ्र ही अपने परिश्रम, अध्यवसाय और लगन से हिन्दी भाषा और साहित्य पर अपनी धाक जमा लिया ।

साहित्य क्षेत्र में पदार्पण तथा 'सरस्वती' सम्पादन कार्य-भार के वहन के साथ ही साथ द्विवेदी जी ने अपने युग के सम्पूर्ण साहित्यिक क्षेत्र का नेतृत्व कर के अपने व्यक्तित्व को अमिट छाप लगा दिया जिससे बीसवीं शताब्दी का प्रथम चतुर्थांश द्विवेदी युग से अभिहित हुआ । व्याकरण, शब्द प्रयोग के प्रति सावधानी तथा विभिन्न विषयों की अभिव्यक्ति हेतु भावद्योतन की विभिन्न मनोवैज्ञानिक शैलियों का विकास और कलात्मक गद्य का आरम्भ इसी युग की देन है ।

क. काल निर्धारण

द्विवेदी जी युग का काल निर्धारण बहुत ही द्वन्द्वात्मक है । जहाँ तक इसके पूर्व सीमा निर्धारण का प्रश्न है उसके लिए प्रायः सभी इतिहासकार एक मत हो कर 1900ई० से इस युग का आरम्भ मानते हैं । इसके लिए वे इस युग की आधारभूत पत्रिका '' सरस्वती का प्रकाशन तथा युगप्रवर्तक द्विवेदी जी के द्वारा उसका संपादन इन दोनों ही घटनाओं को प्रमुख कारण मानते हैं जो बहुत सीमा तक उचित भी है ।

किन्तु इस युग का उत्तर-सीमा निर्धारण बहुत ही विवादास्पद है । कुछ इतिहासकार युगगत विचारधाराओं तथा प्रवृत्तियों को दृष्टि में रख कर द्विवेदी युग का आरंभ 1903 ई० से और उसका अन्त 1920 अर्थात् सरस्वती सम्पादन कार्य से द्विवेदी जी के अवकाश ग्रहण की अवधि तक मानते हैं किन्तु इस सीमित अवधि के घेरे में द्विवेदी युग को बाँध देना उचित नहीं प्रतीत होता क्यों कि सरस्वती सम्पादन के पूर्व सन् 1896ई० से ही द्विवेदी जी की प्रखर प्रतिभा का आभास साहित्यिक क्षेत्र में होने लगा था । श्री शंकर दयाल चौऋषि ने अपने शोधग्रंथ '' द्विवेदी युगीन गद्य-शैलियों का अध्ययन'' की भूमिका में द्विवेदी युग का काल निर्धारण करते हुए लिखा है —

'' द्विवेदी युग का कम से कम पूर्व सीमा 'सरस्वती प्रकाशन । जनवरी 1901 मान सकते हैं और उत्तर सीमा उनकी हिन्दी का प्रथम अभिनन्दनग्रंथ समर्पित करने का समय सन् 1933 तक न ले कर द्विवेदी युग के परिपक्व फैल' आचार्य शुक्ल की अद्वितीय रचना' हिन्दी साहित्य का इतिहास' के रूप में नवयुगागम की सूचना देने वाली प्रतिनिधि रचना के प्रकाशनकाल सन् 1930 की मान सकते हैं । इस प्रकार द्विवेदी युग की

1900 से 1930 तक की सुदृढ़ युगान्तरकारी घटनाओं से भी बांधा जा सकता है ।1

पं0 जगन्नाथ शर्मा ने भी द्विवेदी जी के साहित्यिक काल की सीमा उनके सम्पादन कार्य से मुक्ति को न मान कर सन् 1925 तक स्वीकार किया है स्वयं उन्हीं के शब्दों में इस विचार की पुष्टि हो जाती है यथा ---- --

" यदि उनके सम्पूर्ण साहित्यिक जीवन का विचार किया जाय तो यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि ई0 सन् 1925 तक हिन्दी में उनका राज्य था । वे निर्माता थे , नियामक थे , और साथ ही कठोर शासक भी थे , हिन्दी की गद्य निर्मिति में उनके व्यक्तित्व का एक विशेष महत्व है । "2

गद्य शैलियों के विकास का सिंहावलोकन करने से भी द्विवेदी युग का काल सीमा उपर्युक्त विचारकों से समर्थित लगभग इतने ही समय का ठहरता है ।

सन् 1921 ई0 से प्रारम्भ राष्ट्रीय आन्दोलनों के साथ ही भावनाओं और कल्पनाओं में स्वच्छन्दता और उन्मुक्ति की प्रवृत्ति दिखाई देने लगी जो परवर्ती 8-9 वर्षों में पुष्पित तथा विकसित हो कर सन् 1930 के लगभग स्वच्छन्दतावादी प्रवृत्ति के रूप में प्रकट हुई । इससे साहित्य तथा भाषा शैली में नए विषय तथा नए प्रयोग गद्य के विभिन्न रूपों में दिखाई पड़ने लगे । आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी परम्परावादी प्रवृत्तियों के अग्रगामी नेता थे , फलतः साहित्य में इन स्वच्छन्दतावादी प्रवृत्तियों के आगमन होते ही उनका नेतृत्व समाप्त हो जाता है ।

उपन्यास क्षेत्र में प्रेमचन्द की अन्तिम रचनाएं तथा जैनेन्द्र की प्रथम महत्वपूर्ण उपन्यास रचना 'परख' में क्रमशः भावव्यंजक शैलियों का प्रयोग हुआ । 1930 की रचना 'परख' सर्वप्रथम स्वाभाविक ,सरल, तथा अलंकारविहीन पाश्चात्य ढंग की भाषा शैली से परिपुष्ट थी जिस परम्परा को परवर्ती काल में अज्ञेय ,निराला आदि के अनेक लेखकों ने परिपुष्ट किया ।

सन् 1930 ई में कहानियों के क्षेत्र में चन्द्रगुप्त विद्यालंकार, जैनेन्द्र ,

---

1-द्विवेदी युग की हिन्दी गद्य शैलियों का अध्ययन- शंकर दयाल चौऋषि -आमुख पृ0-च

2- हिन्दी गद्य के युग निर्माता — जगन्नाथ प्रसाद शर्मा - आमुख -पृष्ठ-6

भगवतीचरणवर्मा आदि ने एक नया मोड़ ला कर द्विवेदी युग का पटाक्षेप तथा नवयुग का प्रारम्भ किया ।

नाट्यक्षेत्र में 20वीं शताब्दी के तृतीय दशक के उत्तरार्द्ध में बदरीनाथ भट्ट, जगन्नाथ प्रसाद, 'मिलिन्द' जमनाप्रसाद मेहरा, जयशंकर प्रसाद जैसे नाट्यकारों की कुछ अन्तिम आदर्शवादी ऐतिहासिक कृतियों का प्रकाशन हुआ। इसके बाद नाट्य क्षेत्र में लक्ष्मीनारायण मिश्र के आगमन के साथ ही एक नए युग का विकास होता है । इनकी कृतियाँ 'सन्यासी', 'राक्षस का मंदिर'' 'मुक्ति का रहस्य' और 'राजयोग' में भाषा शैली, टेक्नीक और विचारधारा की दृष्टि से एक नए युग का उद्घाटन होता है। द्विवेदी युगीन आदर्शवादी नाटकों की प्रतिक्रिया नए युग के नाटकों में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ने लगी । लेखकों ने यह अनुभव किया कि वर्तमान की प्रवृत्ति के लिए यथार्थ को महत्व देना होगा । इसी धारणा के विकास से द्विवेदी -युग की परिसमाप्ति होती है तथा यथार्थवादी धारा के श्रीगणेश होने के साथ ही यथा- तथ्य चित्रण की प्रवृत्ति सामने आई।

युग चेतना- जन-विचार एवं भावों के क्षेत्र में श्री रामवृक्ष शर्मा बेनीपुरी की सन् 1928 में प्रकाशित ' युवक' मासिक पत्र ने ओजपूर्ण गद्य का समीचिक विकसित स्वरूप उपस्थित किया । स्वतंत्रता आन्दोलन के फलस्वरूप इस पत्रिका में ओजपूर्ण और भावात्मक गद्य शैली का विकास हुआ ।

समीक्षा के क्षेत्र में द्विवेदी युग की सीमा पर विचार करना अधिक संगत है द्विवेदी युग के काल- निर्धारण में इससे बहुत अधिक सहायता मिलती है । इस दृष्टि से आचार्य नंददुलारे वाजपेयी ने द्विवेदी युग की कालसीमा का जो निर्धारण किया है वह उचित जान पड़ता है । उनके विचार में - - - - -

'' जहाँ तक हिन्दी गद्य और विशेषतः हिन्दी समीक्षा के विकास का प्रश्न है द्विवेदी युग की सीमा सन् 1920 में समाप्त नहीं होती वह कुछ वर्ष और आगे चलती है। जो विचार-धारा और साहित्यिक प्रवृत्तियाँ सन् 1901 ई० के पूर्व पश्चात उत्पन्न हुई थीं वे सन् 1920 में प्रौढ़ और परिपुष्ट होने लगी थीं परन्तु उनका चरम विकास सन् 25 और 30 के आस-पास देखा गया । यही उनके उत्कर्ष की चरम सीमा या अवधि है । हिन्दी समीक्षा के विकास सूत्रों को अच्छी तरह देखने और पहचानने पर हम इसी ... पर पहुँचते हैं कि शुक्ल जी की समीक्षा द्विवेदी युग का ही समुन्नत विकास है , जिस द्विवेदी युग का हिन्दी समीक्षा की सम्पूर्ण गतिविधि शुक्ल जी के साहित्यादर्श में ही अपनी चरम- परिणति प्राप्त करती है । अतएव हमें समीक्षा के क्षेत्र में द्विवेदी -युग की

सीमा सन् 1901 से 1930 ई० तक माननी पड़ेगी । सन् 1930 में शुक्ल जी का हिन्दी साहित्य का इतिहास प्रकाशित हुआ था जिसमें उस युग की की समीक्षा का सम्पूर्ण समाहार दिखाई देता है ।''।

निष्कर्षतः द्विवेदी जी का साहित्यिक शासन सन् 1925 ई० में ही समाप्त हो गया था किन्तु उनके प्रभाविष्णु व्यक्तित्व तथा कठोर संयमित अनुशासन का प्रभाव उनके कुछ वर्ष पश्चात् 1930 तक रहा । विभिन्न गद्यविधाओं के विकास के अध्ययन के फलस्वरूप मैंने भी अपने शोध प्रबंध में द्विवेदी युग का काल सन् 1900 से 1930 तक ही मानना उचित समझा हूँ क्योंकि लगभग इसी समय हिन्दी के बाह्य शिल्प और वर्णनात्मक शैलियों में नवीन प्रयोग दिखाई देने लगा था ।

ख-- द्विवेदी जी का सरस्वती सम्पादन एवं उसका उद्देश्यः-

द्विवेदी जी के साहित्यिक क्षेत्र में आगमन के पूर्व ही हिन्दी साहित्य में कुछ नई शक्तियाँ उत्पन्न हो गई थीं यथा---

(1) न्यायालयों में हिन्दी को प्रतिष्ठा ।
(2) नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना तथा नागरी प्रचारिणी पत्रिका का प्रकाशन
(3) नागरी प्रचारिणी सभा की संरक्षता में सरस्वती पत्रिका का प्रकाशन ।
(4) सन् 1903 ई० में द्विवेदी जी का सम्पादन भार ग्रहण करना ।

भारतेन्दु तथा भारतेन्दु मंडल के अथक परिश्रम के फलस्वरूप सार्वजनीन भाषा में एक सुव्यवस्थित, अतिमयता, नियमितता और सुधारवादी दृष्टिकोण लाने में सरस्वती पत्रिका और सम्पादक ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की । भारतेन्दोत्तर कालीन स्वच्छन्दता और अवांछनीय प्रयोग के प्रति लेखकों का ध्यान आकर्षित करने का सर्वप्रथम प्रयास 'सरस्वती' पत्रिका द्वारा ही किया गया। साथ ही व्याकरणिक त्रुटियों के प्रति सचेत रहने और विरामादि चिन्हों के प्रयोग पर बल भी दिया गया । वस्तुतः द्विवेदी जी ने इसी पत्रिका के माध्यम से हिन्दी गद्य को परिनिष्ठित रूप दे कर भाषा के शब्द भंडार तथा अभिव्यंजना शक्ति को आगे बढ़ाया ।

1- नया साहित्य - नए प्रश्न- नंद दुलारे वाजपेयी- द्विवेदी युग की समीक्षा देन पृ० 32

राष्ट्र-भाषा प्रेम के फलस्वरूप भारत के विभिन्न भागों में अनेक लेखक उत्पन्न हुए जिन्होंने अपनी कृतियों में अपने क्षेत्र से संबंधित अनेकों उर्दू, बंगला, मराठी गुजराती, अवधी, भोजपुरी, बुन्देली, ब्रजी के प्रान्तज और देशज शब्दों को प्रयुक्त किया जिनकी अधिकता से हिन्दी में गवाँरूपन का रूप झलकने लगा। सरस्वती के माध्यम से द्विवेदी जी ने शुद्धभाषा लिखने और लिखाने का आन्दोलन आरम्भ किया।

व्याकरणिक स्थिरता लाने के लिए सरस्वती में व्याकरण संबंधी अनेक लेख प्रकाशित हुए जिसमें एक तरफ शुद्ध गद्य का रूप प्रस्तुत हुआ दूसरी तरफ भाषा मर्मज्ञों को हिन्दी का एक सुव्यवस्थित वैज्ञानिक व्याकरण लिखने की प्रेरणा मिली। शब्दभण्डारों में वृद्धि के लिए द्विवेदी जी ने व्यापक शब्दों की महत्ता तथा उनके प्रयोग पर बल दिया। विभिन्न क्षेत्रों से ज्ञान-विज्ञान संबंधी अनेक लेख सरस्वती में प्रकाशित होते थे जिससे उन विषयों से संबंधित भाव प्रकाशन के लिए अनेक नए शब्दों का प्रयोग होना स्वाभाविक था। अनेक शब्द जो नष्टप्राय हो रहे थे उनका उद्धार और अनेकों नए शब्दों का निर्माण किया गया साथ ही विभिन्न भाषाओं के प्रचलित शब्दों को अपना कर इस पत्रिका ने लेखकों के सामने से शब्द भंडार की सीमितता को दूर किया।

सरस्वती में प्रकाशनार्थ आई समस्त रचनाओं को भाषा एवं व्याकरण की कसौटी पर कस कर प्रकाशित किया जाता था आवश्यकतानुसार उसमें काट-छाँट भी किया जाता था। तत्पश्चात् प्रकाशित रचना के आधार पर लेखक अपनी भाषा में सुधार और व्याकरण संबंधी नियमों के प्रति सचेत हो जाता था। 'सरस्वती' के इसी भाषा संस्कार के कारण ही परवर्ती द्विवेदी युग में हिन्दी जगत के ऐसे ऐसे साहित्यकारों का जन्म हुआ जिनकी टक्कर का साहित्यकार मिलना आज भी दुर्लभ है।

ग- युग प्रवर्तक द्विवेदी

साहित्यिक धरातल पर आते ही द्विवेदी जी ने एक आलोचक, सम्पादक और शैलीकार के रूप में अपने युग को एक नया मोड़ दिया। सरस्वती का कार्यभार सम्भालने के पूर्व ही वे एक निष्पक्ष और साहसी समालोचक के रूप में काफी प्रसिद्ध हो चुके थे। सरस्वती की सम्पादकीय टिप्पणियाँ प्रायः देश की सामाजिक, राजनैतिक सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों की आलोचना से परिपुष्ट रहती थीं ये आलोचनाएँ गहन चिन्तन,

सहृदयता और आचार-पुष्टता से युक्त रहती थीं जो कर्तव्यपालन के साथ ही साथ साहित्य में निर्माण और परिष्कार के लक्ष्य से लिखी जाती थीं ।

अपनी सूक्ष्म तथा गहन आलोचक शक्ति के आधार पर द्विवेदी जी ने हिन्दी में प्रौढ़ तथा पुस्तकाकार समालोचना का श्रीगणेश किया। इसके अतिरिक्त विवेचनात्मक , विश्लेषणात्मक और व्याख्यात्मक आलोचना का सूत्रपात करने में भी वे ही अग्रणी रहें । लेखकों को उनकी त्रुटियों से अवगत कराने तथा भविष्य में उनके प्रति सचेत रहने के लिए उन्होंने अपनी आलोचना की भाषा, सरल, प्रखर, स्वाभाविक एवं प्रवाहपूर्ण रखा।

आलोचक रूप में द्विवेदी जी कर्ता की अपेक्षा नियामक ही अधिक रहे । अपने इसी नियामक और आलोचकीय व्यक्तित्व से उन्होंने हिन्दी को न केवल परिष्कृत, परिमार्जित और गतिशील बनाया वरन् ऐसे उच्च कोटि के कलाकार उत्पन्न किए जिन्होंने अपनी कृतियों से हिन्दी साहित्य में चार-चाँद लगा दिये ।

सम्पादक रूप में द्विवेदी जी ने सर्वत्र अपनी लौह लेखनी से नियमन का कार्य ही किया । उनके अथक परिश्रम के कारण बस पन्द्रह वर्षों से घुटने टेक कर चलने वाली खड़ी बोली सरपट दौड़ने लगी । उनके नियमन और परिष्कार के कारण ही उनके युग में निर्दोष और प्रशस्त लेखन कला का विकास हुआ ।

एक आदर्श और साहित्य प्रेमी सम्पादक की हैसियत से सरस्वती को आदर्श एवं सफल पत्रिका बनाने के लिए उन्होंने इसमें कई नवीन स्तम्भों की स्थापना भी की साथ ही सम्पादन कला के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए उन्होंने बंगला, अंग्रेजी, आदि उन्नत भाषाओं की पत्रकारिताओं से सरस्वती के लिए पाठ्य सामग्री का चयन करके, उसे आधुनिकता के साँचे में ढाल कर परवर्ती पत्रकारिता के विकास के लिए पथ प्रदर्शिका बनाया।

हिन्दी के प्रचार और प्रसार के लिए उन्होंने सरस्वती के माध्यम से अनेकों लेखकों को हिन्दी के प्रति आकृष्ट किया यद्यपि ऐसा करने में उन्हें कठिन परिश्रम करना पड़ता था । उन्होंने विषय की विभिन्नता के प्रति भी लेखकों का ध्यान आकृष्ट किया ।

अब तक हेम नाथ को कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ था(अपूर्ण आत्म पा0-7)

भला इस तरह कब तक काम चलेगा(राजा प्रता परिसं-137)

लौं और लाईं

जब लौं उस वियोगी को अपने नेत्रों से न देख लूँगा तब लौं

भेजन नहीं करूँगा (माधवानल काम-109)

जबहीं पैसा है तबहीं लौं वेश्या को प्रीति है(माधवानल काम-113)

जब लाईं हमारे माथे पै छत्र रहैगो तब लाईं हमको

किसो का डरनहीं (रणधीर प्रेम-120)

भी

अजी हम तो अब भी न सकते(पू0ह0-16)

मैं तो कोई जब भी कुछ नहीं कहता था(धी0द0- 87)

उनके यहाँ भी रोज यहीं किस्से रहते हैं(कमल कुमार-32)

विद्या के अभाव से आज भी हम पुरानी लकीर पीट रहे हैं—
(गद्यमा ला-126)

3-6-क-3-अर्थ के अनुसार क्रिया विशेषणों के भेद

अर्थ के अनुसार क्रिया विशेषणों को चार वर्गों में विभक्त किया जा सकता है :-

(1) स्थान वाचक
(2) काल वाचक
(3) परिमाण वाचक
(4) रीतिवाचक

इन समस्त वर्गों के क्रिया विशेषणों में से अधिकांश का विवेचन प्रयोग और रचना की दृष्टि से वर्गीकृत क्रिया विशेषणों में भी किया जा चुका है इसके अलावा शब्दावली प्रकरण में निरुक्तिलादि शब्दों के अन्तर्गत बहुत से क्रिया - विशेषण को अर्थ के अनुसार ही विभक्त किया गया है । यहाँ पर स्पष्टीकरण के लिए मात्र कुछ ही उदाहरण दिए जा रहे हैं। यथा—

क- स्थान वाचक- क्रिया विशेषण

इसके अन्तर्गत स्थितिवाचक और दिशा वाचक क्रिया विशेषणों को रखा गया है—

(1) स्थिति वाचक-

वहाँ पहुँच कर इधर से उधर सर्वत्र देखा(चन्द्रधर-22)

अपनी बाहों से समुद्र पर्यन्त सब पृथ्वी पर शासन करता है (अभि॰ शकु॰ ना0-46)

किसी घने पेड़ के नीचे पहुँच कर अपने थके मांदे शरीर को आराम दें (चन्द्रकान्ता सं॰ भा01 3पृ107)

यहाँ बैठे गें तो उनका बुरका पानी बन्द हो जाये गा(छोटी बहू-66)

रथ में- मेरे सम्मुख नहीं ठहर सकेंगी(द्रौपदी चीरहरण-8)

जोगिन जमुना किनारे - किनारे चलती हुई और दरवाजे से पास अमर सिंह के बाग के भीतर पहुँची- - (तारा-भाग-1-74)

हजूर मैं तखलिए में कुछ आप से अर्ज किया चाहता हूँ(रा0बेगम-भा2-84)

हाते के बीच में लोहे का एक सुन्दर फाटक बना है(हो0ट0-3)

पैगम्बरों का जामा पहन कर जगह-जगह व्याख्यान देते फिरो(टा0का0कु031

जिस समय वह गाँव के निकट पहुँचा(वि0क्लो0-377)

जनस्थान के बीचोंबीच सघन द्रुम कुंजों के कारण सतत् शीतल श्यामल आरण्य से घिरा हुआ- - - - (उत्तर राम चरित-12)

हम इस बंगले के पास बैठे रहते हैं(डाक्टर-23)

तुम्हें शिकार कहाँ मिले गा(अरण्यबाला-160)

जल को भीगी लकड़ी भीतर से पजलती हुई निकली-(श्रवण कुमार-121)

जहाँ भीषण युद्ध के पूर्व कुरूप हो कुरूप दृष्टि-गोचर होते हैं— (मनोरमा-177)

उनके समक्ष आप का सौदा भी ले जाने वाला कोई न रहे गा— (स्वाभिलाषित-104)

विशिष्ट:- बोलियों के भी कुछ क्रिया विशेषण प्रयुक्त हुए हैं जिन्हें विशिष्ट

ही कहा जायेगा । इनकी संख्या बहुत ही कम है यथा—

आप दूर ही से दर्शन कर लेव मेरे मति के आश्रयो-(वनुचयन्त्री ना043)

दूरई आके दर्शन कर लो ---------(,,)

ऐसा कौन मूर्ख है जो धोरे जा कर इनके पास फेले-(माधवानलकाम-35)

जगत के बाहिर है --------------(,, -90)

इसी मार्ग के अगाड़ी बढ़ कर दाहिनी ओर की गली में घूम

जाओ परन्तु और कुछ अगाड़ी बढ़ कर सब गलियों के अन्त में बायों ओर

घूम जाना- - —(वैनिस नगर का व्यापारी- 19)

(2) दिशावाचक

काले- काले बादल चुपचाप पूरब से पश्चिम को जा रहे थे (ठे0कि0ठ0-37)

जिधर-तिधर आम पकते है (माधवानल का म-160)

दो चार बातें इधर-उधर से एकत्रित कर के अपने पाठकों से निवेदन

किया चाहते हैं - - - - (स01904-127)

चारों ओर सन्नाटा छाया हुआ है(सविद-168)

धीरे धीरे मदनि कमरे की ओर जाने लगा - - -(छोटी बहू-7)

झरोखे से नीचे की तरफ देख कर (रणधीर प्रेम-71)

महाराज आज किधर है ध्यान? (श्री गंगा वतरण-45)

जिधर देखिए उधुर कवि ही कवि (र0र0-24)

बाहर समुद्र की लहरें मारता देख उसे अपना वह सपना या द आ गया

(हौले-110)

(ब) कालवाचक :-

काल वाचक क्रिया विशेषण तीन प्रकार के हैं

(1) समयवाचक) (2) अवधिवाचक (3) पौनः पुन्य वाचक

(1) समयवाचक:-

जब मैं काम में हुआ करूँ तब तुम कृपा कर के मुझसे कुछ मत बोला करो

(स0 1903-128)

मैं पहले ही कह चुका हूँ - -(सर० 1904-120)

मैं अभी जाता हूँ - - - -(नाग नंद-97)

मैं अन्याय करने कब कहती हूँ -(हेमलता-146)

कल सूरज उगते ही राज्यसिंहासन पर बैठूँगा-(चनचोर ना०-64)

आज तुम्हें क्या हो गया है (राजकुमारी-3)

परसों लड़की विदा हो जाये गी -(संसार-35)

फिर भी अन्त में कल्याण ही होगा(उत्तर राम च० ना०89)

मैं सबेरे घर से लिख लाऊँगा - - (रायबहादुर-69)

सब प्रबंध ठीक हो जाने के पश्चात् नन्दराम ने पूछा(भिखारिणी-123)

(2) अवधि वाचक

मैं बहुत देर से यहाँ खड़ी तुमको अगोर रही हूँ(ठे०हि०ठा०13)

दिन भर बैठे बैठे मेरे सिर में पीड़ा उत्पन्न हुई(सर०1903-308)

इसलिए जब तक वह शुभ घड़ी आवे तब तक मुझे कुछ न करना चाहिए

(शकुन्तला ना०143)

तुम आज कल संस्कृत की पौन सी पुस्तक देख ती हो(तारा-12)

जहाँ नित्य घोती गमछा और पानी रखा जाता था(उमा - 98)

देह के गहने बेच कर आज तक कार्य चलाया किया-(चन्द्रधर-4)

अब बहुत देर तक ठहरना न पड़ेगा (आ०हि०-146)

जिसने सदा देखा आया- --(सावित्री सत्यवान-70)

कभी कभी तो हम सब तीन तीन तीन दिन तक भूखे रह जाते थे

(चोहानी तलवार-115)

भला इस तरह कब तक काम चले गा(राणाप्रताप-137)

पैंतीस रोज तक गाड़ी मरम्मत के लिए लगातार खड़ी रही(बुधवार आ05)

विशिष्ट:-

- - - - यत्र के प्रभावस्वरूप लौं, लौं, ताईं निपातों के योग से भी अवधिवाचक क्रिया विशेषण के उदाहरण मिलते हैं ——

जब लौं इस वियोगी को अपने नैनों से न देख लूँगा तब लौं भोजन नहीं करूँगा

(माधव नल काम०109)

तब ही लौं लैला की प्रीति है - मा धवानल काम०113)

अब तक लौं प्रसिद्ध है -- (माधवानल 149)

जब तांई हमारे माथे पै हमारी छत्र रहे गो तब तांई हमको किसी का डर नहीं(रणधीर प्रेम 120)

(3) पौनः पुन्यवाचक

रोज़-ब-रोज़ नए-नए लड़ाई झगड़े कराने शुरू किए(तारा-94)

वह रोज़-रोज़ शोर करता है -(तारा-90)

अब एक बार पुनः अमना-सरस्वती और ज्ञानवती उसी स्थान की तरफ आ रही हैं -- (भूतनाथ-21)

क्या एक दफा भी यह बात तुम्हारे ध्यान में आती है(सर01904-119)

बच्चों को छोड़ कर हर रोज़ आ भी तो नहीं सकते -(संसार-135)

इसी बीच में वह दिन पर दिन बढ़ने लगी(टा0का0कु0146)

उसके लिए पुनः पुनः क्षमा मांगती हूँ(संदेह-187)

दिन-ब-दिन यह पृथ्वी घोर निविड़ अन्धकार में फँसती चली जा रही है
(आरण्यबाला-101)

प्रेम का या अन्य भाव बार-बार क्यों होता है (कु0स0015)

प्रायः प्रतिदिन मेरे मकान पर आ कर (स्वामिभक्त-135)

ग- परिमाणवाचक

परिमाणवाचक विशेषणों से अनिश्चित संख्या व परिमाण का बोध होता है, ये निम्नलिखित अर्थों में प्रयुक्त होते हैं यथा—

(1) अधिकताबोधक-

बस बहुत हो चुका-- (छोटी बहू-116)

आपने देर भी बहुत की (रामबहादुर-137)

हमारे तीन-तीन सिपाहियों को भी भारी पड़ जायेगा(दुर्गावती-90)

अपने आगे दूसरे को अति तुच्छ समझते हो(र0बेगम-9)

जब स्वाधीनता अधिक हो जाती है(भूलभुलैया-12)

विद्यार्थियों को बिल्कुल ही भूल मत जाना(सरलसरोज-22)

नवनीत भी इसका सर्वथा अपवाद है(पद्मपराग-131)

(2) न्यूनतावाचक-

हम लोग टुक पर्वशास्त्र की ओर जाते हैं (संयोगिता-7)

टुक उस झरने पर दृष्टि डालो ----(,, -8)

अब तक हेमन्त्रा की ओर कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ था (अपूर्व आत्मत्याग 7)

लगभग एक घंटा हुआ -- (मनोरमा-309)

कवित्त की सीमा कट छट कर बहुत थोड़ी रह जाती है(र0र0-38)

इंग्लैंड के प्रायः सभी पुरातत्व वस्तु संग्रहालयों को देखा—
(लेखांजलि-10)

(3) पर्याप्त वाचक-

ये सब केवल सभी प्रदर्शनी के लिए बनाई गई है । (सर01904-72)

अस्तु जाने दो ---- (मणिलता देवी- 134)

पल-पल बरस-बरस को बराबर बीतता है (रत्न और प्रेम- 109)

पहले उसी के मुताबिक काम करना ठीक होगा-(दुर्गावती- 24)

अगर सिर्फ ऐसे ही खत और तार हिन्दुस्तान में आवें-(मर्यादा-1979-88)

अनाथबंधु के मन में अंधकार यथेष्ठ था (मर्यादा 1917-209)

मर चाहे जाऊँ पर मन को भेद कर और किसी से विवाह न करूँगी
(र0र0 86)

(4) तुलनावाचक-

अब दिन दो पहर से अधिक चढ़ गया (शकुन्तला-88)

मैं कितना फूँक फूँक कर पैर रखता हूँ —(नरेन्द्र मो0-10)

दूसरों की मूर्तियाँ उतनी ही आयें गी(भारत नि01813

आप जितनी ही बड़ाई करेंगे प्रजा उतनी ही सर पर चढ़ती जायेगी
(भारती-269)

(5) रीतिवाचक-

इस बात की भनक तनक-तनक मेरे पिता के कान में पड़ी(आत्मानन्द-46)

मैंने बारी-बारी से दो सौदों को भेजा- -(तारा-70)

घ- रीतिवाचक क्रिया विशेषण-

गुण वाचक विशेषणों के समान ही रीतिवाचक क्रिया विशेषणों की संख्या भी बहुत अधिक है। इससे प्रकार, निश्चय, अनिश्चय, स्वीकार, कारण, निषेध अवधारण आदि अर्थों का बोध होता है, इनमें सब से अधिक संख्या प्रकारबोधक रीतिवाचक क्रियाविशेषणों की ही है।

(1) प्रकार बोधक—

थोड़ी देर चुपचाप सोचकर बोले (सर01903-33)

हम इसमें अन्यथा क्यों कर सकते हैं (र0बेगम-7)

क्यों झूठ-मूठ रो रही हो-(छोटी बहू- 22)

वह झटपट सिंहासन छोड़ उठा(च० हार- 58)

मैं समझता हूँ कि कोई ऐसो-वैसो नहीं है(मालविका-5)

जो कोई चाहे निधड़क पूछ सकता है (शकुन्तला-23)

ज्यों ही उसे धोने लगा त्यों ही तब उसका पेड़ ऐसा फिरा (लक्ष्मी-1908-23)

मैं बहुत होले-होले से आँखें खोलती (माधवानल-61)

वे चटपट घर आने को तैयार हो गए-(मर्यादा1911-240)

एकाएक उसके हृदय में आग भभक उठी-(टा0का0कु0242)

मन ही मन सोचता रहा - - (अरण्यबाला-67)

अपना-अपना जीवन चरित स्वयं लिखा है (उ0रा म0406)

लगा ओवरसियर सटापट मारने (मर्यादा-1979-516)

आज सहसा मेरा बाँया नेत्र फड़क रहा है(सतोपिन्सा-11)

भाई जल्दी जल्दी आगे बढ़ो — (हरल तरंग-149)

~~मेलमेलमेल~~दत्तप्रयत्न का बहाना करके उन्होंने उनसे अपना पिंड छुड़ाया (संदेह- 183)

सैना स्तब्ध ज्यों को त्यों खड़ी रही(चौहानीतलवार- 65)

लेकिन अकस्मात् एक दिन उनका व्यवहार बिल्कुल ही बदल गया (पीड़ित को-144)

सुशांत एकदम चौंक कर उठ बैठे (आत्मदाह-1)
धीरे - धीरे उसका प्रशान्त गौर मुख कृष्ण वर्ण धारण करने लगा(मनोरमा-57)
सब तो अकारण हो गेहूँ के साथ घुन की तरह पिस गए(ओरम-10)
मैं सुखपूर्वक उनका समर्पण करने को तैयार हूँ(रर्पंजक-111)
वे हो प्रतापूर्वक बोले- - - (भिखारिणी-91)
तुम जानबूझ जले पर नमक छिड़कती हो (मानसरोवर- -74)

(इस प्रकार के और भी रूप है जिसका विवेचन न तो संभव हो है और न अपेक्षित हो)

(2) निश्चय बोधक:-

एक बड़े मुल्क भेज देना (संसार-36)
आप सब का प्रस्ताव निःसंदेह बहुत अच्छा है(सरलतरंग-143)
पर वास्तविक में मैंने अपना कर्तव्य किया(चौहानी तलवार-64)
अवश्य हम सब भाइयों को पूरी दुर्गतिकरते (द्रोपदी चीर015)
देश की अवस्था सचमुच इस समय शोचनीय है (संदेह- 19)
यद्यपि व्याकरण तो सब प्रकार से (गो०नि० 13)
है तो बड़ी पर भाड़ा अधिक है (कलयुगी परिवार-51)

(3) अनिश्चय:-

कदाचित् उस बार युधिष्ठिर हो भोल जाते (द्रोपदी चीर0 15)
शायद किसी अंग्रेज बहादुर का हो हो(चौ०ट03)

(4) स्वीकार बोधक:-

हाँ ऐसा हो हुआ —(रोब नकारा-49)
अच्छा, तो फिर क्या हुआ-(रायबहादुर-9)
ठीक है जो हो तो मैं सोचता था (दुर्गावती-74)
जी हाँ, अभी आप के लिए लड़का हो है (चौ०ट० 37)

(5) निषेध बोधक-

इसे देख कर मारे भय के यहाँ खड़ा नहीं रहा जाता (नगानंद - 28)

अभी ऐसी शंका मत करो (भाग नंब- 28)

आप मुझे और अपने बच्चों को जीवित न पायेंगे(दुर्गावती-74)

(6) अवधारण बोधक:-

गढ़कुण्डार में रहकर भी तुम मुझे नहीं जानते(नवाबजीवनी-34)

पर अब तो चलता नहीं बोलता (कभ इधर-4)

तुरन्त ही आ जाता है(वि0कसी0 129)

इस रुपये को छूते तक नहीं(,, -251)

मनुष्यों को डराने का ढोंग मात्र मानते हैं (कृष्णार्जुन युद्ध-37)

3-6-ब- संबंध सूचक अव्यय:-

संबंध- सूचक अव्यय वास्तव में अलग से कुछ भी नहीं है । प्रयोग की दृष्टि से इनका विशेष संबंध संज्ञा और सर्वनाम से है। कारक विवेचन में इन्हें परसर्गीय इकाइयों के रूप में विवेचित किया गया है । अर्थ की दृष्टि से क्रिया विशेषण और संबंध सूचक अव्यय समान ही है किन्तु प्रयोग के आधार पर ही इन्हें अलग किया जा सकता है । प्रयोग की दृष्टि से क्रियाविशेषण का स्थान वाक्य में कहीं भी हो सकता है किन्तु संबंध सूचक अव्यय संज्ञा या सर्वनाम के बाद ही आते हैं । स्थान की स्पष्टता के लिए इन दोनों को प्रयोग के आधार पर स्पष्ट किया गया है —

3-6-ब-1 प्रयोग-का आधार

क्रिया विशेषण:-

पहले विदेशी शत्रु का संहार किया जाय फिर पीछे घर का झगड़ा निपटाया जाय- --(बीछानी तलवार-91)

सामने समुद्र की लहरें भरता देख उसे अपना वह सपना याद आ गया- - - - (शोले-110)

अन्दर भी अन्धेरा है - - -(मर्यादा 1916- 268)

संबंधसूचक अव्यय:-

यह शहर के बाहर ऐसी उजाड़ और बीहड़ - (तारा -50)

बहन की कोठरी के सामने जा कर उसने कहा(पंडित जी-43)

संध्या से पहले मुझे फुर्सत नहीं - (स्वामिकथित -15)

उसके पीछे मुझे भी रेविंसपुर जाने की आज्ञा है (राजविराई -46)

अर्जुन ने कृष्ण के समीप कर देना और बाकी है(कृष्णार्जुन युद्ध-44)

इस प्रकार प्रयोग की दृष्टि से संबंध सूचक और क्रियाविशेषण में स्पष्टता ही अन्तर है किन्तु अर्थ में दोनों समान होते हैं । यहाँ पर अर्थ की दृष्टि से संबंध सूचक अव्ययों की निम्न वर्गों में विभाजित किया गया है यथा—

36- क-2 अर्थ का आधार:-

क- कालवाचक:-

तिस पीछे बहुत से सिपाहियों ने घेर लिया (पृ0सं039)

राज दण्ड लेने के उपरान्त आप के आशीर्वाद से कीर्ति कमाने को बैठा- - - - - - - गंगा यातरा-23)

पति के चले जाने के बाद अपने घर की सारी पूँजी पसारा लूट

लुट जाने के अनन्तर जब लाडली बेटी न यह रंग दिखाया

(आ0वि0 232)

उसके पश्चात् भी न जाने कितनी स्त्रियाँ-(कर्म -102)

(2) स्थान वाचक:-

अपने निकट बुलाता है (शकुन्तला - ना0-15)

गदाधर सिंह दारोगा के पास गया(चन्द्रकांता- 25)

जगत दृष्टि तल आ सकता है (भारतवर्ष- 31)

इन कुछ एक दरिद्रों के पीछे से किसी मनुष्य को आया न जाती है

(रणधीर प्रेम - 48)

इससे ऊँची चरणों के सामने नहीं गई (मालविका - 54)

(3) दिशावाचक:-

कि अपनी माँ के मुँह की ओर देखने लगी(है0कि0सं0027)

दूसरे हिस्से की तरफ पाठकों को ले चलते हैं (भूतनाथ-52)

इस बगीचे के उसी पार ती गई है (नवाबनन्दिनी-31)

वेद ग्रीकों के प्रति कैसा व्यवहार करना चाहिए(दुर्गावती- 228)

(4) साधन वाचक:-

ओहो आप कब करके आ गए (कु0म0ब.-30)

मंजरी के जरिए जलालुद्दीन सिर्फ आप की सेवा(सोमतोमंजरी-8)

व्यवसाय की बदौलत खूब माल मारते(टा0क0कु0-126)

किसी गुप्त जासूस के ज़रिये हुआ होगा(रणबांकुरा-68)

अपने भुजदण्ड के बल तुम्हें मनाऊँगा (वीरांगना'90)

विस्तृत व्याख्या द्वारा सब संदेह दूर कर दें (पद्मपराग-36)

(5) हेतु वाचक:-

मैया के वास्ते खा ने को देने जाता हूँ (वनबीर ना0 44)

अपनी भगिनी मलयवती कन्के वर निमित्त इसी पर्वत पर (नागानंद- 17)

रुपया पढ़ने के सबब से खूब छोड़ देते हैं(संसार-2)

जोजा जी के मारे तो मेरा नाकों में दम है (भारत म-86)

धर्म, कर्म, धर्म के हेतु बहुतों ने ऐसे बंधनों को निर्मूल कर छोड़ा है
(प्रेमयोग0 91)

तुम्हारे पुत्र पौत्रादि के लिए आवश्यकता है(कर्म-123)

(6)विषय वाचक—

उनके लेखे तो मैं मर गई —(कु0 से0 21)

मुझसे उसके मुखे बात कहो हो (शकुन्तला ना0- 47)

अपने तुई इसे जरा भी डर नहीं था(तारा- 79)

(7) व्यतिरेक—

इसके अतिरिक्त वह राजा बड़ा ही शूरवीर और पराक्रमी था(चन्द्रधर-2)

इस घटना के अलावा कोई बात लिख ने योग्य नहीं - - (भो0द0-73)

यदि पक्षपात रहित हो कर (मर्यादा-1911-10)

मेरे सिवा अन्य दो ही चार अत्यन्त विश्वास पात्र -(तरलतरंग-131)

आप के बिना मेरे कुम्हलाए हुए मुख को वसन्त का समीर भी
नहीं खिला सकता(रणबांकुरा चौ0- 116)

विशेष —, ' बिना, और 'सिवा ' विशेषणवत भी प्रयुक्त हुए हैं यथा ——

सिवा   सिवा उल्लू चमगादड़ों के और कोई वहाँ नहीं रहता -(तारा- 50)

थोड़ी दूर चलने पर सिवा सड़क और हरे हरे मैदान के और कुछ नहीं
दीखता ---------(चां द0- 1)

माता ने बिना आहट किए भीतर प्रवेश किया(आत्मदाह-1)

बिना बदला लिए चैन कभी न लूँगा (स्वामिभक्ति- 98)

(8) विनिमय वाचक:-

दुःख में सहानुभूति दिखलाने के बजाय दिल्लगी कर रही हो (उषा 45)
दुःख के बदले सुख पाने की उत्कट अभिलाषा रखते हैं (कलियुगीपरिवार65
अभिलाषा-रखते हैं-
इसके पलटे में हमारा भी कर्तव्य है (प्रभा 1970- 190)

(9) सादृश्य वाचक:-

यह मृग आश्रम का है मारने योग्य नहीं (शकुन्तला ना०-7)
मिलाप लायक मेरा भाग्य नहीं (रणधीर प्रेम०-89)
अपने पैरों में आप कुल्हाड़ी मारने के बराबर था(भूतनाथ-22)

तुम्हारे साथ अपने कुत्ते का सा व्यवहार नहीं रखा चाहती(तारा-11)
सम्पादक की आज्ञानुसार इस नाटक को अभी ढंग से तैयार किया है(
(द्रौपदीचीर हरण-3)

इस परिवार की नाईं के कम सुखी हैं (संसार-4)

विनोदिनी प्रतिभा के सदृश स्थिर थी (उषा-57)
चोर की तरह कुमुद को दबे पाँव आते हुए(चि0सुम- 150)
पशु रूप धारण करके भवन की भाँति भाग रहे हैं(गो0कुम58)
तुम्हें पैर की जूती के समान समझता हूँ (अमर कुमार-77)
हमारी प्रजा भी हमारी जैसा-वैसा राजा ही बनना चाहती है (
(दुर्गावती-38)

अदालत के हुक्म मुताबिक तुम्हारे घर की सब चीजें निकलवानी पड़ती है
(स्वामिभक्ति- 117)

3-6-ग- समुच्चयबोधक अव्यय:-

समुच्चयबोधक अव्यय अविकृत होते हैं। अध्ययन की सुविधा के लिए इस युग के समुच्चयबोधक अव्ययों को समानाधिकरण और व्याधिकरण दो भागों में बाँट कर विवेचित किया गया है —

3-6-ग-1 समानाधिकरण:-

समानाधिकरण समुच्चय बोधक चार प्रकार के हैं —

(क) संयोजक-

मैं अपने देश व जाति की मान वृद्धि के लिए हर समय उद्यत हूँ
(भारत दर्पण-23)

मेरे जाल से चार नेत्र और बारह नेत्र वाले भी नहीं निकल सकते-
(द्रौपदी चीर० 31)

मान-अपमान तथा सुख दुख का होना ईश्वर ही पर निर्भर करता है
(प्रेमयोगिनी-23)

मैं इस प्रमदा का दुःख हरूँगा और उसको दूसरे के लिए आदर्श बना ऊँगा ---- (तरलतरंग- 23)

वे अपने दुराचारी पति के संग करें एवं मेरी प्यारी बहन कमला से भी यही बात कह देना ---- (स्वामिभक्ति-103)

विशिष्ट:-

कहीं कहीं पर 'और' के स्थान पर 'औ' और अरु' के प्रयोग भी मिले हैं जो बोलियों के प्रभाववश है यथा—

देखटके परस्पर बातें करती अरु यह रागिनी गाती (माधवानल-19)

घुर-घुर अरु घुर घुर कर देखते हैं (माधवानल-19)

बुद्धि समेत पुरान औ वेद को ज्ञान निधान समान अपरा
(महावीर चरित-47)

ख- विभाजक-

या भगवो को कारागार में बन्द कर दो या देश से निकाल दो
(महावीरचरित- 45)

भैया तुमने अपराध किया कि* उपकार किया। यह आप क्या कहते हैं आप बड़े हैं कि हमारे पीछे चलने वाले (महावीरचरित-60)

कोई पुरानी ईर्ष्या है या वह राजभक्त, प्रजा की तरह भोले का कोई राजविद्रोही बना कर उसको दण्ड दिलाना चाहता है (रॉबिन रिकर्ड-1)

कुछ न कुछ स्थान अथवा बंदी गृह में चली जायें गी (भारतदर्पण-126)

चलने को तैयार हो कर रहा है अथवा यों कहिए कि भागने को राह ढूँढ रहा है - - -(सावित्री-3)

वे न आयेंगे, न बात करेंगे न उनको देखेंगे (कृष्णकुमार ना-8)

तृष्णा तो उन जीवों में है न कि उन जीवों में जो अपने घर बार को त्याग कर दिन रात ईश्वर के भजन में माला फिराते हैं
(प्रेमयोगिनी-22)

मथो में प्राण रखूंगी अथवा इसी समय जीवन त्याग कर दूंगी
(सावित्री-27)

सुधार करना चाहिए नहीं तो अपने राज्य की बड़ी भारी बदनामी है
(राजसिंह- 71)

क्या वह धर्म कुछ भी नहीं है (भीष्म पृ0-31)

चाहे संसार की रीति से, चाहे धर्म की रीति से जाँच कर देखो -
(रणधीर प्रेम मो0 -105)

लोग गृह- मैत्री या भक्ति का लगना कहते हैं(उरा ०४०-109)

जल्दी भाग वरना तेरा भी सर मेरी इस कराल काल सदृश तलवार से उड़ा दिया जायेगा (रणधीकुरा-13)

ग- विरोध - दर्शक-

प्रार्थना का प्रभाव इतनी जल्दी न मिट जायेगा परन्तु मुझे भय है - - (सर0 1903- 72)

अभी हम तो अब भी न रुकते अगर हमारे खाँसाहब कुछ फूंक फूंक कर पाँव धरते हैं - - (पु080-16)

इसमें और तो कोई नुक्स नहीं, लेकिन ये कम्बख्त काली जायगी
(रणधीर प्रे0-43)

कुल असबाब को जल्दी दिखा देंगे लेकिन अपने अक्षय नमकहार का माल दुश्मन के तहत तसर्रुफ में कभी न जाने देंगे(रणधीर प्रेम-125)

मुझसे शास्त्रार्थ नहीं करता हूं, वरन् ऊँचा-नीचा समझाता हूँ
(संयोगिता हरण-40)

यह उल्टी नीति नहीं, बल्कि हमारे पुनीत भारतवर्ष की नीति है
(राजसिंह-59)

- -

*विशेष:- विकल्पक 'कि' का रूप बहुत कम मिले हैं वस्तुतः आधुनिक हिन्दी में भी इस 'कि' का अनुचित प्रयोग ही मिलता है ।

मेल तू कंगाल है पर तू दुखों का अन्त कर देती है (राजारिचर्ड-नि0 03।

यह तो सब ठीक है, किन्तु फिर इन दोनों का क्षत्रियोचित संस्कार कौन करेगा (उ0रा0 च0 - 146)

ख- परिणाम दर्शक —

उसको चाल भी अच्छी नहीं है जो उसका होना न होना बराबर है
(महावीर चरित ना0-45)

मैंने कोई अपराध नहीं किया अतः अब आप कृपा कीजिए (कृ0 क.र्जुनपु0 66)

मैं बहुत दूर गया था, इसीलिए थक गया (श्री गंगा वतरण-55)

अतएव बड़ी गवाह बदे गए (नैषध चरित च0-36)

तब पहले का स्मरण दिलाने वाले, सुतरां उससे भी कहीं प्रचण्ड दूसरे को गंभीर गर्जना कर्ण - कुहर में प्रविष्ट होने लगी यह बात वास्तव में अधिक चमत्कार जनक मालूम पड़ती है (उ0रा0 च0 ना0-5)

3-6-ग-2 व्यधिकरण समुच्चयबोधक:-

व्यधिकरण समुच्चयबोधक के भी चार भेद होते हैं यथा—

क- कारण बोधक-

जिसका का राज्य है सो ले ले क्योंकि असल राजा तो वही है
(वनवीर ना0 59)

मैंने वही किया जो कि एक क्षत्रिय कन्या को करना चाहिए (संयोगिता ह0 39)

यह इसलिए किया ताकि आप ऐसा न सोचे (संयोगिताहरण-39)

मैंने जो कुछ कहा है, सो इसलिए कि आप का आचरण सुधर जाय - - - - (राव बहादुर-99)

ख- उद्देश्यवाचक:-

आप लोगों को चाहिए कि लड़कों के अधर्म से बचाइये (महावीरचरित -61)

मैंने पार्लमेन्ट में उसकी जमानत की है कि वह सदा राजा का हितैषी रहेगा - - - (राजारिचर्ड, 97)

मैंने क्या नहीं किया जो चन्दन की खड़ाऊँ बनाई (मालविका 055)

'पर' ठेठ हिन्दी का शब्द है और इस काल में इसका प्रयोग बहुत अधिक हुआ है जिससे साहित्यिक भाषा और जन भाषा का सम्पर्क स्वभावतः स्पष्ट है।

उसी में इसे भी लिख लूँ ताकि पीछे से भूल न जाऊँ (राजबहादुर- 167)

ग- संकेत वाचक:-

यद्यपि हमको पराजित होना पड़ा परन्तु हमारी वीरता की धाक संसार में जम गई - - -(कोशलकुमार- 60)

यदि वे चाहते तो वैसा कर सकते थे (राजकुमारी- 154)

यद्यपि दुबेजी ने बहुत चाहा मगर मैंने उस बात पर ध्यान नहीं दिया (राजकुमारी-155)

चाहे कठोरता के कवच धारण करने की चेष्टा योगेश्वर कितना ही क्यों न करें तो भी वे मनुष्य ही हैं (उमा-122)

राजा ने यद्यपि वह विष था तथापि सोचा वह पानी ही है(लक्ष्मी 1908-23

जो आप लोगों को डर लगे तो आप ठहरे रहिए(राजारिचर्ड द्वि037)

ऊपर से वे चाहे जैसे भी हों परन्तु भीतर से बड़े भोले हैं(दुर्गावती-62)

घ- स्वरूप वाचक:-

किसकी सामर्थ्य है जो हमारे प्यारे यजमान राजर्षि विदेहराज की परछाईं भी लाँघ सके (महावीर चरित- 35)

हमें पश्चिमी सभ्यता अर्थात् खूब सूरत कुत्ता क्यों नहीं सुहाता (संसार-179

मैं समझता हूँ कि तू बहरा हो गया है (भूलभुलैया-27)

यानी तुम सरस्वती जैसे भामिनी बनने का नहीं आ न(गंगावतरण-6)

तुमने अपूर्व रूप पाया है मानों विधाता ने स्वयं अपने हाथों बड़े ही परिश्रम से तुम्हें बनाया है (भीष्म प्रतिज्ञा-21)

3-6- च- विस्मयादि-बोधक अव्यय:-

व्याकरणिक दृष्टि से विस्मयादि बोधक अव्यय शब्दों का कोई विशेष महत्व नहीं है क्योंकि वाक्यों के विधान में इनसे कोई विशेष सहायता नहीं मिलती। किन्तु वाक्य में निहित अर्थ की अपेक्षा भावों की तीव्रता को सूचित करने में इनका विशेष रूप से उपयोग होता है।

विस्मयादि बोधक अव्ययों में कुछ तो कुछ रूप से भाव या अभिव्यक्तियों के अनुसार सूचक है किन्तु कुछ विस्मयादि बोध अव्यय रचना की दृष्टि से तो अन्य शब्द भेद के अन्तर्गत आते हैं किन्तु प्रयोग के अनुसार वे विस्मयादिबोधक अव्यय हो हैं, इसी तरह कहीं एक ही शब्द तो कहीं एक वाक्यांश या पूरे वाक्य ही विस्मयबोधक हो जाते हैं।

~~द्विवेदी~~ विवेच्य युग के विस्मयादि बोधक अव्ययों को प्रयोग और रचना

दो दृष्टियों से विवेचित किया गया है ।

3-6-घ-1 प्रयोग के आधार पर :-

प्रयोग के आधार पर दो उपवर्ग हैं

(1) मुख्य रूप में भावों के अनुसार बोधक

(2) विभिन्न शब्द भेदों के अनुसार बोधक के रूप में प्रयोग

क- मुख्य रूप में भावों के अनुसार बोधक:-

ये निम्नलिखित अर्थों में प्रयुक्त है यथा —

(1) हर्ष बोधक

आहा ? तू है भारत माता। (भारत दर्पण -38)

वाह! वाह!! वाह !!! महाराज़ो भी कैसे उदार हैं(मालविका0-61)

अहाहा! कृष्ण का रंग बहुत ही मोटा होगा(कृष्णार्जुन युद्ध-86)

अहा! कैसा अलौकिक रूप। (भीष्म प्रतिज्ञा -18)

(2) शोक बोधक:-

हाय! न पूछो होगा कैसा शोक की बात है(शकुन्तला ना0140)

हाय! हाय! यहाँ इस काम को दो (महा वीरचरित ना0-10)

आह! इन लोगों को इस दुष्टता-रूप अग्नि की पूज्य बाबा जी को

दुराचारि ने बुझा दिया है (द्रौपदी चीरहरण-19)

उफ! हृदय शान्त न हो। (कृष्णार्जुन युद्ध-19)

हा ! क्या मैं वसुदेव के राज्य का एक भिक्षिकारी हो रहा हूँ? हाँ!

एक समय यह था - - (सती चिन्ता-99)

(3) आश्चर्यबोधक —

आह! यह क्या शंका की बात है ? (अभिमन्यु वीर हरण- 35)

हाँ ! यह पत्र, और वह पत्र , दोनों मैंने अपने वास्केट की जेब में

रख लिए थे (चीक ट0- 38)

ओह! सचमुच इसने अचल समाधि लगाई है - श्री गंगावतरण- 36)

अरे ! अब घर सरेआम तो सवार नहीं? (भीष्म प्र0-27)

हैं ! हैं! पितामह जी ! यह आप क्या कह रहे हैं?

(भीष्म प्र0-108)

हैं। यह क्या बाबा (स्वामिभक्ति - 50)

(आश्चर्य से)हैं । आप क्या विचार रहे हैं? (सती चिन्ता -100)

अरे, अरे । मदनसिंह जी। आप कहाँ ? (दुर्गावती-46)

हूँ। तो क्या वशिष्ट जी आए हैं । उ0रा0 च0 80)

(4) तिरस्कार बोधक:-

छि। छि। छि। आज कल क्या लोगों को अपने नाम इज्जत का कुछ भी ख्याल नहीं रहा- - - -(संसार- 168)

रे पामर। भक्त भय भंजन श्री कृष्ण भगवान मेरे सहायक हैं(द्रोपदीचीर6

ओः! (क्रोधपूर्वक) ऐसे स्वार्थियों को सभा में आना पाप है (

(राज्यश्री- 80)

(5) संबोधन द्योतक-

भाई। खुदा के वास्ते बातें को पहेली न बनाओ(र0बेगम- 84)

ओः! नामर्द रोमत हैं । (रायबहादुर- 22)

ओः! फिर वही बात (,, -23)

क्यों? कुल पतिका ने मालविका को मुक्त कर दी न? (मालविका-30)

अरे! जो कुछ सुख,दुख इस अभागिनी को भोगना है(प्रेमयोगिनी- 33)

उई!, भाड़ में पड़े ऐसा निरालापन (भीष्म- 16)

अजी! आप भी अच्छे काम के समय आ कर डट गए(राज्यश्री- 87)

(6) अनुमोदन बोधक:-

हाँ! तभी तो मैंने यह सूरत बनाई (दुर्गावती-46)

हाँ! हाँ!। आप घबड़ाइये नहीं (स्वामिभक्ति- 77)

ख- विभिन्न शब्द भेद अनुसार बोधक रूप में -

(1) संज्ञा -

जय! जय श्री रामचन्द्र जी की जय। (महावीर च0- 7)

राम! राम । कैसी पूजा की बात है (संसार-168)

(कान पर हाथ रख कर() शिव। । शिव। पाठक । देखा (राजकुमारी-38)

नारायण ! नारायण ! हमारी वर्षों बाद गंगावतरण का समय आया है

(श्री गंगावतरण-11)

बेटी! तूने यह क्या कहा (रणधीर प्रे0-114)

वत्स! तो इस चिरंजीव को भी यहीं हो बुला लो (उत्त० च०-127)

(2) विशेषण:-

धन्य! उनके समीप हो रुक तौर के उपासक हमारे प्रभु भ्रातागण हैं (द्रौपदी चीरहरण- 2)

भला! आपलोगों ने यह कैसे जाना। (राजाविधि -20)

अच्छा । तो अब हम लोग जाते हैं (स्वामिभक्ति-77)

(3) क्रिया:-

हट, हट बाहर चल बाहर (राजाविधि-80)

देखो ! यह प्रस्तवण नाम पहाड़ है (महावीर चरितना0- 64)

कहो, मित्र, बड़े महाराज ने तो खूब दूध और हलुआ खिलाया था

(तरलतरंग- 149)

लो, मिठाइयाँ जो। (राजकुमारी- 103)

3-6- ब -2 रचना के आधार पर:-

रचना के आधार पर विस्मयादि बोधक अव्ययों को तीन वर्गों में विभक्त किया गया है (1) शब्द (2) वाक्यांश (3) वाक्य (इस प्रकार के विस्मयादि बोधक अव्ययों की संख्या काफी है तथा इस आधार पर इनके विस्तृत रूप भी होते गए हैं किन्तु यहाँ पर मात्र स्पष्टीकरण हेतु कुछ ही उदाहरण दिए जा रहे हैं।

क- शब्द- कहीं कहीं एक ही शब्द व्यक्ति के सम्पूर्ण मनोभावों को व्यक्त करता है यथा——

शाबाश, मेरे मिट्टी के शेर शाबाश। (स्वामिभक्ति- 51)

बेशक । हाँ जी। (रायबहादुर- 31)

धन्य वीरों धन्य, तुम लोगों से ऐसे ही पराक्रम की आशा थी

(श्री गंगावतरण-34)

बेशा। यही सुकुमारी का परज था(राजकुमारी- 38)

राम। राम। - -(संसार- 168)

बस, भोभो। - -(अँगूठी का नगीना - 118)

ख- वाक्यांश:-

लो जो मिठाइयाँ जो (राजकुमारी- 103)

अच्छा तो। देखा जाये ना(प्रेमयोगिनी'-18)

अरे राम, राम , अब तो मेरी पूरी मरम्मत हो गई (प्रेमयोगिनी-71)

अरे नाना। जाओ मत। (चनचोर ना0 4)

जी हाँ, आप का कहना बहुत ठीक है (रायबहादुर-130)

धत् तेरे की। सारा जीवन व्यर्थ हो गया (स्वामिभक्ति-31)

है, यह कैसे ? --- (ऊषा अनिरुद्ध 60)

हैं यह क्या।। क्या वह धन भी हर ले गया (सती चन्द्रा - 50)

क्यों महाशय, यहाँ से बर्कली कितनी दूर है (राजा रिचर्ड -47)

ग- वाक्य--

----- कहीं-कहीं सम्पूर्ण वाक्य ही विस्मय सूचक होता है यथा--

वाह भाई साहब, इससे क्या आप का यह मतलब है कि मैं पैदल चल ही नहीं सकती ? --(बी0ए0- 59)

धत्तेरे की, तुम अब तक खाक नहीं समझे (रायबहादुर- 166)

यह तो महाराज के ही मंत्री का लिखा हुआ है और इस पर स्वयं महाराज के हस्ताक्षर भी हैं। --(तरलतरंग- 131)

हाय। इस सुन्दर बालक को किस निर्दयी ने इस भयानक वन में छोड़ दिया है (तरलतरंग- 110)

इस समय तो आप अजब तरह की बातें कर रहे हैं।(अंगूठी का नगीना-169)

4- पदबंध

व्याकरणिक अर्थ की दृष्टि से वाक्यांश या पदबंध परस्पर सम्बद्ध एकाधिक शब्दों के समूह है जो किसी बात का संश्लिष्ट बोध कराने में सहायक होते हैं। अर्थ की दृष्टि से सभी शब्द भेदों के परस्पर संयोग से अनेक प्रकार के पदबंध बनते हैं। विवेवेदी युगीन पदबंधों का संरचनात्मक अध्ययन दो दृष्टियों से किया जा सकता है।

(1) सम शब्द भेद मूलक पदबंध:- अर्थात् जिनमें एक ही शब्द भेद के समान शब्दों को रखा गया है। [1] द्विरुक्तिवाचक शब्दों के अन्तर्गत समशब्द भेद मूलक पदबंधों को देखा जा सकता है।

(2) विषम शब्द भेद मूलक पदबंध:-

इस वर्ग के अन्तर्गत विभिन्न शब्द भेदों के संयोग से बने पदबंधों को रखा गया है।

यहाँ पर क्रमशः रचना के उपर्युक्त दोनों दृष्टिकोणों को ध्यान में रख कर प्रत्येक शब्द भेदों के अन्तर्गत निर्मित विभिन्न पदबंधों को दिखाने का प्रयत्न किया जा रहा है —

4-क-1 . संज्ञा पदबंध - 4-क-1-क(सम शब्द भेद मूलक)

(1) द्विरुक्तित शब्द:-(1) कौड़ी कौड़ी (तुलसीदास-9) बोटी-बोटी(राजकुमारी-117)
चिट्ठी पत्री(तारा-58) बलिबुद्धि(नवावनन्दिनी-2)
धर्म अधर्म(प्र0या0-28) व्यापार वाणिज्य(प्रभा1924-503)

(2) सम नाम अथवा शब्द द्वारा:-

अनंग पाल के राज्य का उत्तराधिकारी कान्यकुब्ज पृथ्वीराज चौहान (संयोगिता ह0-9)

पंगु राज जयचन्द- - - (संयोगिता हरण-34)

मंदिर के अधिकारी महात्मा हरिहर शर्मा(र0 वेगम-2)

योगिनीपति पृथ्वीराज- - (संयोगिताहरण- 35)
देवताओं के राजा इन्द्र —(,, -50)
त्रिलोक के मालिक कैलाशपति(,, - 87)
निमि कुल के राजा विदेह (महावीर चरित- 4)
महात्मा कौशिक मुनि का चेला राम(,, -42)
भरत की माँ रानी कैकेई - - (,, -43)

1- अर्थ की दृष्टि से द्विरुक्त शब्दों में से अनेक भले ही कुछ समास के अन्तर्गत भी आ सकते हैं किन्तु रचना की दृष्टि से ये पदबंध ही कहे जाते हैं। शब्दावली के अन्तर्गत इनका विस्तार से विवरण किया गया है। यहाँ पर कुछ उदाहरण स्पष्टीकरण

4-5-1-अ विषम शब्द कोष मूलक

(1) संज्ञा + परसर्ग + संज्ञा-

विघ्न पर विघ्न(वेनिस का बंका-40)
जलोते पर जलोता (तारा-60)
गाँव का गाँव (संसार-15)
बात की बात (हो सब कुछ है(संयोगिता हरण-33)
मिसरे पर मिसरा (भारतवर्ष-139)
घड़े के घड़े (,, -143)
लड़की की लड़की(तुलसीदास- 7)

(2) संज्ञा + संयोजक + संज्ञा:-

वैश्य और शूद्र(द्रौपदी चीर ह0-56)
फूल और पुष्प (रणधीर प्रेम-86)
दया व धर्म (भीष्म प्र0-31)
दुख तथा चिन्ता(प्रेमयोगी0-21)
अपमान और दुःख(,, -32)
आदर धौर राज्य(धर्मजय-22)

(3) संज्ञा + निपात + संज्ञा

मर्द ही मर्द(मानो बसन्त ना0-11)
अफसोस सब अफसोस(कोमोतलवार-74)
अंधकार ही अंधकार(टा0का0कु0-13)
बालू ही बालू (आरण्यबाला-99)
उत्कंठा ही उत्कंठा(प्र0पा0-158)
धुआँ ही धुआँ (मनोरमा -1925-177)

(4) संज्ञा + क्रियार्थक संज्ञा:-

सर गूँथना (अधखिलाफू0 -84)
बेल बूटे बनाना(,, -84)
पोत पिरोना (,,-83)
माथा गूथना (,,- 84)
हाट बटाना (,,- 214)

(5) संज्ञा + क्रियार्थक संज्ञा + परसर्ग + संज्ञा

स्नान करने के लिए पानी(नवाबनन्दिनी-70)
प्यार करने की ख्वाहिश (,, -38)
रसोई पानी करने का भार(उमा-72)
वासा पूर्ति करने की मशीन (भारती-211)

(6) सर्वनाम/ विशेषण + क्रियार्थक संज्ञा :-

कुछ कहने (को) (भारत दर्पण- 72)

तुम लोगों का पढ़ना-लिखना (खोंमोतलवार- 129)

तुम्हारा कहना (तारा- -11)

मेरा कहना (तारा-30)

तुमने क्या करना विचारा है (नवाबनंदिनी- 46)

ऐसा करने से (मानोवसन्त- 31)

कुछ कहना चाहता है (भारती -114)

(7) क्रियार्थक संज्ञा + परसर्ग + संज्ञा :-

जाने का पता (उमा- 49)
पुकारने की जरूरत (,,-49)
समझने में भूल (नवाबनंदिनी-39)
पहनने की पोशाक (,, -69)
लौटने का इन्तजार (भूतनाथ- 90)
पढ़ने के लिए कमरा (रायबहादुर- 61)
जीने का अधिकार (मौसे -121)

बैठने के लिए जगह (लम्बी दाढ़ी -18)

(8) वर्तमानकालिक कृदन्त + संज्ञा :-

डूबते हुए सूरज (अध0 फू0 -78)

जलते हुए जी (को) (बबबोर न0-87)
हँसती - मुस्कराती उमा सुन्दरी (उमा -11)
धड़कती हुई आग (में) (मजमा रतन न0 -72)
उड़ती उड़ती खबर (संयोगिता हरण-18)
उचटती नजर (प्रेमयोगिनी-58)
जलते हुए कोयले (दुर्गावती-66)
उबलता हुआ पानी (बुद्धू का कांटा-38)

(9) भूतकालिक कृदन्त + संज्ञा :-

खिली चमेली (अध0 फू0 78)
फूली हुई फुलवारी (अध0 फू0-78)
उतरा हुआ चेहरा (राजकुमारी-5)
मरा हुआ बेटा (,, -144)
बैठा हुआ तारा (तारा- 19)

फटो लंगोटी (रा बबहादुर-82)

देवा-ज्वाला-मार्ग (मीरा बाई- 75)

परित्यक्त वनलता (दुर्गावती-60)

सूखी लकड़ी (उसने कहा था -51)

4-क-1-ग संज्ञा पदबंधों का विस्तार

(1) समानाधिकरण सर्वनाम/ विशेषण द्वारा :-

मैं, महात्मा कौशिक मुनि का चेला राम(महावीर चरित ना0-42)

वह, भारत की माँ रानी कैकेई (महावीर चरित ना0- 43)

तुम, निराधार सेवक को (रणधीर प्रेम-112)

मुझ, अभागिनी संयोगिता के (संयोगिताहरण- 102)

मैं, दास राजा अश्वपति (सावित्री- सत्यवान- 13)

मैं, इनकी पुत्री मैं पत्नी सुशीला (,,, -13)

(2) विशेषण द्वारा :-

ये दुष्ट रिश्वती, निर्दयी आदमी(सर01904-20)

बहुत परोपकारी साधु (नागानंद- 67)

वे आकर्ण विस्तृत मृगोपम आँखें (उमा-3)

एक तपोपुंज, प्रलम्बकाय, अतिदर्शनीयवेश शरीर(र0बेगम- 4)

उन पापी कलंकी गोरे अंग्रेज सौदागरों (टा0का0कु0 14)

इन अभागी कुछ बड़ी दासियों को (,, -14)

गुलाबी रेशमी कपड़ा - -(सु0वि0-11)

एक शीतल सुगंधित बयारें -(संयोगिताहरण- 96)

तुम्हारी जैसी चंचल कामिनी (गंगावतरण- 87)

कैसी अच्छी नौकरी - -(दुर्गावती- 44)

यह कैसा असह्य वचन (उ0रा म0च0 -21)

वो लोग बुड्ढे पतले बंगाली बाबू(रवरा सोना-25)

कैसा रमणीय शोभायमान धाम (सती चिन्ता -80)

छोटे छोटे निर्वंश राजाओं (ऊषा अनिरुद्ध -81)

ऐसे दानी नरेश - - (राजा शिवि-90)

4-क-2 सर्वनाम पदबंध - 4-क-2-क (सम्बन्ध बोध मूलक)

जो जो (तारा-60) जिनको जिनको - (तारा-8)

तुम खुद (रा0 वेन-88) किसी-किसी (टा0का0कु0-31)
जो कुछ (वि0क्सी0 -91) अपना अपना (खरा सोना-40)

4-क-2-ख - विषम शब्द भेद मूलक विस्तार— समानाधिकरण—

पंचतत्व के पुतले हम तुम (संयोगिता हरण- 110)

अयचन्द्र के आतंक को रोकने वाला कौन (संयोगिता -25)

बेटो संयोगिता तू (संयोगिता हरण- 31)
घेरे में से निकल भागने वाला मैं (वि0क्सी0-144)
क्षत्रिय का बच्चा तू (महावीर चरित ना0- 30)
क्षत्रिय के लड़के तू (,, ,, -30)
बेटा तुम)(महावीर चरित ना0110-111)
बहू तुम)

(सर्वनाम पदबंध बहुत ही कम हैं, जो है भी वे सर्वनाम पदबंध न हो कर अन्य शब्दों के साथ संज्ञा विशेषण पदबंध बनाते हैं)

4-क-3 विशेषण पदबंध - 4-क-3-क- समशब्द भेद मूलक -

(1) द्विरुक्ति -

दुष्ट दुष्ट (कैमोलतवार- 142) दस-बारह-(राजकुमारी- 72)
बूढ़ बूढ़े - बूढ़े (द्रौपदी चीर-7) मैला -कुचैला (नवाबनंदिनी-51)
बढ़िया बढ़िया (टा0का0कु0 6) दो चार (पी0टा0- 5)
छोटा-मोटा 'नीलमणि- 20) ऊँच नीच (प्र0या059)
छोटी छोटी (कर्म-47) नई-नई (र0र0 -42)

(2) संयुक्त / समानाधिकरण विशेषण द्वारा :-

इतना बड़ा(छाता)(सर01904-123)
ऐसे निष्ठुर(वचन) (नागानंद-63)
एक आध- मोटी-मोटी (के बातें) (उषा -120)
अति सूक्ष्म सौवर्ण तार(नवाबनंदिनी-65)
परम-पुनीत '(दिन) (र0वेनक-1)
बड़ा, नया, अनोखा, ईमानदार, चतुर(बाज)(टा0का0कु0-2)
पक्का बेवकूफ (आदमी) (मनोविनोद ना0-85)
बड़ी बड़ी मनकीक आदि)(सु0वि0-139)

4-4-3-ख विग्रह शब्द कोष मूलकः-

(1) संज्ञा + विशेषण-

अत्याचार पीड़ित (देश) (टा०क०कु०-586)

देश प्रचलित (कानून) (टा०क० कु०-567)

बुद्धि हीन(पुरुष) (राजबहादुर- 87)

पद दलित (स्त्री) (प्रेमयोगिनी-25)

मन मलीन (वेश्या)(अक्षय कुमार-43)

(2) संज्ञा + का के की + संज्ञा :-

धाँग की धाँग (स्त्रियाँ) (माधवानलकाम०-19)

झुण्ड के झुण्ड (पक्षी) मल्लिका देवी-5)

गरीब के गरीब(पुरुष वर्ग) चौहानी तलवार-105)

दल के दल(मुगल) आनन्दमठ- 79)

गठ्ठ को गठ्ठ (लकड़ियाँ) चौहानी तलवार- 33)

ढेर का ढेर (पुष्प) (टा०क०कु०-13)

(3) संज्ञा + के, का, की + विशेषणः-

हृदय का गंभीर (व्यक्ति)(टा०क०कु०-110)

दिल के काले ((,, -115)

धुन के पक्के (व्यक्ति)(मानोवसन्त-45)

माता का कलंक (पुत्र) (मानोवसन्त- 46)

मन के अच्छे(पुरुष) (,, - 86)

आँख का अंधा(व्यक्ति) गद्यमाला-157)

(4) संज्ञा + सादृश्य सूचक शब्दः-

पत्ते से(हाथ) (ठे०हि०ठ०-17)

रघुनाथ राय सरीखे (व्यक्ति) मानोवसन्त ना०-96)

फूल जैसी(कन्या) (दुर्गावती-58)

फूल- फूल सरीखे (चेहरे)(,,-60)

वज्र जैसी (कठोरता (''- 106)

फूल सी (देह) आ०हि०-232)

बच्चों सी(बातें) (अरण्यबाला-55)

(5) संज्ञा + सादृश्यसूचक शब्द + विशेषण:-

कामदेव के समान सुन्दर(पुरुष) ना आनंद-24)

वज्र से भी अधिक प्रचण्ड(गर्जन)(ना आनंद-78)

कुटकी जैसो कड़ुवा (वचन) (आ0डि0232)

मुँडेरी से ऊँची (लहर) दुर्गावती-77)

पृथ्वी से भी बड़ा (पेट) (मानोचनन्द ना0-46)

क्षय को सरीखी असाध्य बीमारी(,, -94)

(6) संज्ञा + कर्तृवाचक कृदन्त:-

हस्तिनापुर जीने वाले (क्षत्रिय) शकुन्तला ना0-75)

मंगल करने वाले (जय के लक्षण(महावीर चरित ना0- 23)

जीवन बचाने हारा(श्यामापोषा)(क्से बेनिस का व्या0- 79)

समाचार लाने हारा(दूत) (वेनिस न0व्या0 व्या 0-38)

दूध पिलाने वाली(मैं धाई माँ) बनवीरना0 -43)

घी कबके गालने वाली(शीतल सेनी)(,,-55)

बीचर पाथने वाली(दास) छोटीबहू -3)

बातें मारने वाला(ओसवाल सरदार) दुर्गावती- 34)

जागीर हड़पने वाली (कुलोति)(दुर्गावती- 73)

मद बोदने वाला(देव भोडो(,, -74)

(7) संज्ञा + परसर्ग में पर + वर्तमान कालिक कृदन्त:-पवि

धूँध पहुँते (भारत) महावीर चरितना0- 109)

कीचों में काँपती (आँखें) शकुन्तला ना 0- 17)

गंगा में उठती हुई (लहर) सर01907- पृ0119)

आकाश में चमकते (तारे) कृष्णार्जुन युद्ध)

होठों पर उभरती (मुस्कान) (शा सै-82)

(8) संज्ञा + परसर्ग + भूतकालिक कृदन्त:-

खुरों से उठी हुई(धूल) (शकुन्तला ना0- 6)

विरह का सताया हुआ(शेरचरक) नायानंद-43)

माँस से लिखा हुआ(चूड़ामणि)(,,- 76)

जहर की बुझी (कटारी) (नरेन्द्र मो0-69)
गोद में आई दौलत (स्व01907-119)
अपमान के मारे (यवन))(महाभारत ना0-70)
दासत्व प्रथा पर लिखे हुए उपन्यास (टा0का0कु0-561)
जल की भाँजी (लकड़ी) (श्रवणकुमार-121)
मुँह से निकली (बात) (दुर्गावती-75)

(9) सर्वनाम + से + विशेषण:-

अपने से सवाया (कोई) (टा0का0कु0 42)
अपने से अच्छे (व्यक्ति) (,, -182)
उससे पचगुना (धन) (,,- 197)
उससे अधिक (बुराई) (सूर्यग्रहण- 42)
इससे उत्तम (उपदेश) (मानोबल त-19)
सब से प्रिय (बात) (प्रेमयोगिनी- 51)
उनमें से एक (भी व्यक्ति) (,, -168)

(10) सर्वनाम + सादृश्यसूचक शब्द + विशेषण,

तुम से कम बहादुर (जवान) पा0ना0-10)
मेरे सदृश उपाधि धारी (रायबहादुर-62)
मेरे सदृश भाग्यशाली(,, -119)
तेरा ऐसा हृदयवाला(सुखमय जी0-17)
उसका सा कोई (दुख) (प्रेमयोगिनी-51)
तुम ऐसा टेढ़ा विचारवान (,,- 92)
तुम सरीख चतुर (जोध)(श्रवणकुमार-21)
आप सरीखे महात्मा (पुरुष) (,, 94)

(11) विशेषण + से + विशेषण:-

महान से महान(पुरुष) (भारतदर्पण-1)
सख्त से सख्त (आदमी) कोमोतलवार-74)
बढ़िया से बढ़िया(गाना) (प्रेमयोगिनी-79)
अधिक से अधिक (धन) (प्र0या0 147)
कम से कम (वस्तु) (आरण्यबाला-79)
बुरे से बुरे(मार्ग) (कर्ण-96)
कठिन से कठिन(काम) (श्रवण कुमार-9)
निकम्मे से निकम्मे(काम) (प्रतापसिंह-116)

(12) विशेषण + न + विशेषण:-

एक न एक (बिन)(रायबहादुर-109)

कोई न कोई (अयवित) प्रथा०-42)

कुछ न कुछ धन(तिलांजलि-22)

4क-4 क्रिया पदबंध:-

क्रिया पदबंधों के अन्तर्गत पुनरुक्त क्रियाओं तथा संयुक्त क्रियाओं का उल्लेख ही विचारणीय है। यद्यपि यह बात अलग है कि इनका विस्तार होता गया है। इस प्रकार की क्रियाओं का विवेचन स्वतंत्र रूप से तथा व्याकरण अध्याय के अन्तर्गत किया जा चुका है। यहाँ पर स्पष्टीकरण के लिए मात्र कुछ ही उदाहरण दिए जा रहे हैं यथा——

4क-4क- क सम्बन्ध भेद मूलक — संयुक्त क्रियाएं :-

इसके अन्तर्गत द्विरुक्त क्रियाएं तथा संयुक्त क्रियाएं जो कृदन्त रूपों के संयोग से बनी हैं रखी गई हैं यथा——

(1) द्विरुक्त क्रियाएं:-

देखो देखो-(महावीरचरित-88)

उठो- उठो(,, -60)

आ- आ (श्रीगंगावतरण- 27)

जा- जा(,, - 46)

उठ-उठ(दुर्गावती-26)

छोड़ो- छोड़ो(कृष्ण कांत का दानपत्र- 162)

चलो चलो(सत्य नारायण-114)

बताओ- बताओ(,, -115)

आइए आइए (दुर्गावती- 50)

जाओ- जाओ(संयोगिताहरण-30)

देखिए -देखिए(दुर्गावती -105)

(2) संयुक्त क्रियाओं के द्वारा —

क- धातु + क्रियाएं—

बैठ गए(उमा- 94)

देख पड़े(नागानंद- 36)

जा चुके हैं (हेमलता-97)

छोड़ दो (मालविका- 62)

पढ़ लिया (आ०हि०- 113)

कह चुकी हो(भारत रमणी-80)

चल चलेंगी(चनबोर मा03)

हैस दिया करती थी(उमा-25)

मर गया(बुड्ढे का ब्याह-26)

(ख) वर्तमान कालिक कृदन्त + क्रिया-

छरछराता चला आता है (धनघोर ना0-35)

देखते जाते हो (राजकुमारी-30)

फिरतो आतो हो (बुध्दू का कांटा- 36)

उतरतो आ रहो है (शोले -46)

करते चले गें (धनघोर ना0-2)

सुनता रहा -(चाँद बोले- 186)

अपने बोल पढ़ते हैं(कर्मवीर ना 0-43)

रखतो चलो गई है (भारत र0-111)

ताकता रहा आऊंगा (कोरम -58)

ग- भूत कालिक कृदन्त + क्रियाः-

किया करता है (सर0 1904-120)

बताया जाता है (चन्द्रकांता सं0-10)

बढ़ो हुई होगो(कुलदे0 -68)

दिया जाता है (या0त0- 37)

किया करतो (छोटो बहू-141)

हुआ जाता है (ओपदो घोर डर0-17)

टपका पड़ता है (उ0रा0चरित ना 0- 9)

बैठे घूम रहे है (कर्मवीर ना0- 132)

खोजा करता है (प्रभा 1913-214)

(घ) पूर्व कालिक कृदन्त + क्रियाः-

देख कर निकल देने लगे(सर01904-121)

बोल कर कहेंगो (आनंदमठ-51)

आ कर खड़ा हो गया(हेमलता- 149)

जा कर मिल सकता है (शान्ति-34)

छिप कर सुने गा (राजकु0-31)

छिप कर सुनेगा(राजकु0-31)

घुम कर बोला (,,-55)

कह कर पुकारतो हो(नि0कबी0- 111)

बैठ कर निकला जाते थे(प्रेमाश्रम- 14)

बैठ कर निकला चाहते थे (प्रेमाश्रय-14)
आ कर कहे :-(महात्मा ईसा- 51)
लगा के चल दे (लम्बा बाबू -36)

(छ) क्रियार्थक संज्ञा + क्रिया:-

चरने चली गई है (र० बेगम-47)
देने आई है (रोशन आरा-96)
सुनने लगेंगे (उमा- 27)
बोलने लग गए (सूर्यग्रहण- 7)
तोड़ना चाहते हो (,, -13)
कटवाना चाहता हूँ (दा०का०कु०-339)
आनना चाहता हूँ (वैवाहिक अत्याचार -36)
करना जानता हूँ (नयाधर्मविनो- 39)

4-क-4-ख - विजातीय शब्द भेद मूलक — संयुक्त क्रियाएँ

(1) संज्ञा + क्रियाएँ:-

खर्च कर रहा है (मस्तिष्क देवी-129)
इन्तजार कर रहा है (मृतात्मा- 97)
बोध होता है (बंगसरोजनी- 118)
आग्रह दिखाते हैं (,, -122)
दर्शन करने आ रहे हैं (सूर्यग्रहण- 12)
विश्वास दिलाता हूँ (वैवाहिक अत्याचार- 17)
श्रवण करते हैं (उत्तर राम चरित-6)
आज्ञा देते हैं (,, -138)
प्रस्थान किया (नागानंद -22)
शयन कर रहे हैं (रुक्मिणी- 3)
प्रणामकिया (मर्यादा- 1979- 314)

(2) विशेषण + क्रियाएँ:-

विकास होती है (सर० 1904- 157)
ठंडी कर ली (शकुन्तला ना०- 11)
चौथा कर लिया (मस्तिष्क -140)
पूरे हो गए (,,- 57)
अच्छी होती है (प्रेमयोगिनी- 54)

पचके बोलते हैं (मनोवस्न्त ना0-11)
टेढ़ो हाने लगो(,, - 41)
साफ करते हैं (टा0क0कु0-140)
फेंका पड़ गया (,,- 534)
मोटे बन रहे हैं (,, - 248)
पुलकित होने लगता है (कृष्णार्जुन युद्ध-61)
सुहावनो लगतो है (नागानंद- 8)

(3) क्रिया विशेषण + क्रिया:-

एक एक रो उठो(उमा- 85)
वेग-वेग आता है (शकुन्तला ना0 -70)
पीछे पीछे चल पड़ा ("ल ना0-6)
आगे आगे आया है (नवाबनंदिनी- 32)
कभी कभी बोल लिया करते हैं (प्रेम यो0-105)
शोघ्र हो ग्रहण करो(कृष्णकान्त का वा 0 111)
इधर उधर दौड़ा करते हैं (ठ0ठ0गा0-186)
झटपट ले आओ--(रायबहादुर- 15)
जल्दो रोकिए --(रणधीर प्रेम0- 114)

4-क-5 क्रिया विशेषण पदबंध - 4-क-5-क(सम्भाव्य भेद भूतकाल)

क्रिया विशेषण पदबंधों को बहुत बड़ी संख्या है । शब्दावली तथा अव्यय प्रकरण में क्रिया विशेषण के विभिन्न भेद दिए जा चुके हैं यहाँ पर पदबंध रूप में कुछ उदाहरण दिए जा रहे हैं —

(1) द्विरुक्ति द्वारा:-

कभी कभी (राजकुमारी-62) जैसे-जैसे(द्रोपदी चीर0-62)
जब जब(तारा-60) तैसे- तैसे(,,- 62)
अभी अभी (रायबहादुर- 123) पीछे पीछे(नवाबनंदिनी- 32)
ज्यों ज्यों (,, - 105) आगे आगे (,, -32)
त्यों त्यों (,, -105) धीरे धीरे (उमा- 2)
करीब करीब (,,-130) शनैः शनैः (मिथाइ कुसुम- 130)
वेग वेग (शकुन्तला ना 0-70) जोरशोर (,, - 130)
यहाँ वहाँ (म0चौ0 44) जल्दोजल्दो (1949/14 हरिहरस म

4-क-5-ख विषम शब्द भेद मूलक:-

(1) संज्ञा की द्विरुक्ति से :-

किनारे -किनारे (राजकुमारी-9) | बन-बन (प्रेमयोगिनी-123)
द्वारे - द्वारे (संसार-26) | दिन-दिन (अरुंधती-101)
गली- गली (रायबहादुर-85) | घर-घर (कौमोलखार- 35)
सबेरे सबेरे (संसार-66) | रोज़ रोज़ (तारा -90)

(2) ~~संज्ञा~~ संज्ञा + निपात + संज्ञा:-

मन ही मन(स०1907-119) | किनारे ही किनारे(राजकुमारी- 30)
दिल ही दिल (तारा- 82) | रोज़ ब रोज़ (तारा - 84)
दिन ब दिन (प्रेमयोगिनी-3) | कूचा ब कूचा "(नवाबनंदिनी- 95)
लड़के ही लड़के (संसार- 27)

(3) संज्ञा + परसर्ग + संज्ञा-

पैर पर पैर चढ़ा कर बैठी हुई (संसार-12)
दिन पर दिन (प्र०पा० -9)
बात की बात में उड़ जाता है (माधवानल-85)

(4) संज्ञा + परसर्गीय शब्दावली-

गंगा किनारे (स०1907-119)
कृष्ण के समीप (कृष्णार्जुन युद्ध- 44)
दरोगा के पास गया (चन्द्रकांता-25)
संध्या के पहले ही (दा०क०कु०-57)
ब्याह के पहले देखा था(भारत र०78)
बाग के भीतर (तारा-74)
पेड़ के नीचे पहुँच कर (चन्द्रकांता सं०-107)
गाँव के निकट पहुँचा (पि०क्षी० -177)
डाले के बीच में - -(बी०द०-3)

(5) संज्ञा + परसर्गीय शब्दावली + कृदंत + निपात:-

बैरा होते ही - - (दू०ब०-51)
वनों के बाहर निकलते ही (सूर्यग्रहण-104)
तट पर आते ही -(कृष्णार्जुन-61)
बाहर देखते हुए (देता) उसने कहा-51)

(6) संज्ञा + अव्यय + परसर्ग

महीनों भर तो (मानोवन्तर ना0 35)
पहरों लौं (रोता रहा (माधवानल-44)
स्वर्गों लौं (पहुँचा) (,,-140)
समुद्र पर्यन्त (राज्य करता है) (शकुन्तला ना -46)
देर तक (लगाए खड़े रहे (आ0वा0-41)
दिन भर (बैठे बैठे (सर0 1904- 308)
जिन्दगी भर में (वि0क्षो0 -144)
रात भर से (जागने के) (शकुन्तला ना0 57)
पल भर को भी (नहीं रुके) (चन्द्रधर-26)
छुटपन से ही (मानोवन्तर सना0-11)
जब भर ही में (,, -26)
बीच ही में छोड़ (,,- 29)

(7) सर्वनाम+ संज्ञा-

इस समय (सर0 1903-99)
उस रोज (कहा) अवध कुमार-102)
उन दिनों (डोल रहा) (छोटी बहू -98)
इसी समय (सुन लिया) (उमा - 16)

(8) विशेषण की द्विरुक्ति द्वारा-

साफ साफ कहा (विराट कुसुम0-39)
अलग -अलग (जा कर (मर्यादा-1979-34)
ठीक ठीक (कहा) ता रा-94)
धीमी धीमी (गरम होने लगी)(ठे0हो0ब0-37)
कुछ कुछ समझ लिया) (आत्मदाह- 101)
प्रथम प्रथम (अवहेल हुआ हूँ (द्रौपदी चीरहरण-45)

(9) विशेषण + संज्ञा + परसर्गीय शब्दावली-

एक अठवारे पीछे (कहा)(छोटी बहू-114)
दो पहर पीछे(उसे चेत हुआ(,,-174)
दो महीने बाद ——(पी0द0- 100)
कुछ दिन पहले (आए थे) (ओसे-2)
बहुत देर से (बाट देख रहा हूँ(स्वामीभक्ति-11)
ऐसी रात में (कहाँ जाते हो) (कृष्णार्जुन युद्ध- 65)

अट्ठ अवसर पर(आज) (सत्यनारायण-16)

बारह बजे रात को (हैगा) बुधवार आ0-35)

(10) विशेषण+ संज्ञा + अव्यय:-

कुछ दिनों तक (पड़ा रहा(अह्न बु0- 196)

इतने दिनों तक (कहाँ थे) (उमा- 15)

बैंलोसरोज तक (ऐसे हो रहे(बुधवार-आ0- 5)

अपनो जिन्दगो भर में (नहीं देखा (पि0कसौ0-144)

(11) विशेषण + क्रिया विशेषण:-

इतनो जल्दो -जल्दो (कह कर भगाया चाहते हो)(चन्द्रकांता-57)

बहुत होले होले से(आंसो(माधवा नल-61)

ऐसे चुपचाप (आते हो)(मानोवसन्त मा0- 35)

इतने जोर से चिल्लाने का (,, -93)

बड़े जोर से दौड़ा (नवाबननिदनो-10)

क्रिया को द्विरुक्ति:-

इसके अन्तर्गत वर्तमान कालिक कृदन्त भूतकालिक कृदन्त और पूर्वकालिक कृदन्तों को द्विरुक्ति से बने क्रिया विशेषण पदबंधों को रखा गया है यथा—

(12) वर्तमान कालिक कृदन्त:-

(लड़को को) मारते-मारते (लाया) (मानोवसन्त-22)

चलते चलते चला गया(छोटी बहू -23)

घुमते घुमते कहा(विवाह कुसु0- 13)

करते करते(सोचा) (दुर्गा बलो- 81)

जाते -जाते (तारा- 87)

उठते उठते बुझने लगा(कृष्णार्जुन युद्ध- 10)

रोते रोते गले मिले(राजकुमारी-47)

खींचते खींचते थक गया(डोयवो चोर 68)

चिट्ठी लिखते -लि- लिख ते निकल आया(अरण्यबाला-60)

(13) भूतकालिक कृदन्त:-

बैठो बैठो सोचतो रहो(तारा- 60)

पड़ो पड़ो देखो (छोटो बहू-23)

खड़ो खड़ो देखतो रहो (राजकुमारी- 59)

हिला हिला - चमका चमका कहो(संसार-18)

4-क-5-ग- विभिन्न शब्द भेदों से बने क्रिया विशेषण पदबंधों के कुछ विस्तृत रूप---

जैसा कि पहले ही कहा जा चुका है कि क्रिया विशेषण पदबंधों की संख्या बहुत अधिक है फलस्वरूप विभिन्न शब्द भेदों के संयोग से इनका विस्तार इतना लम्बा चौड़ा है कि उनका अलग - अलग विभाजन करना कठिन हो जाता है। उदाहरण के तौर पर यहाँ पर इसी प्रकार के कुछ विस्तृत क्रिया विशेषण पदबंधों को देना रोचक होगा यथा---

वे, उस दिन एक जहाज पर दिन भर भी स्थिर नहीं होते थे(र0बेगम-3)

वे, कभी कभी शिविर के बाहर निकल कर कुछ दूर तक इधर उधर घूम आते थे - - - - (रंगमहल में हलचल- 3)

रोशन, यह सुनते ही पागल की तरह छटपटा हुआ बाहर को दौड़ गया - --(राजकुमार)- 86)

चिन्ता में पड़े हुए, करवटें बदलते , जागते -जागते ही रातें बीत जाती हैं (नवाबनंदिनी- 2)

पड़े बेगम के सदा आलस्य में पड़े पड़े दिन पर दिन बीतते चले जाते हैं (नवाबनंदिनी-2)

हाथ में फूलों की माला लिए हुए धीरे धीरे मुस्कराती हुई उनके सामने आ रही है (नवाबनंदिनी- 5)

बड़ी देर तक सिर नीचा किए ही सोचने विचारने के बाद पूछा- - -

वह, अब रसोई घर में जाते हुए मन ही मन सोचने लगा(टा0का0कु0-66)

इतना सुनते ही जोर से हँसते हुए कहा(सूर्यग्रहण- 81)

किन्तु , वे मराठे सैनिकों के बहुत ही पास पहुँच जाने पर भी चुपचाप अपनी जगह पर बैठे रहे - - - - - --(सूर्यग्रहण- 90)

जामनी से बाहर निकलते ही औरंगाबाद की ओर बढ़ने लगे(सूर्य ग्रहण-104)

अब शीघ्र चल कर पास ही डट जाय(सतीचिन्ता- 79)

इस घटना के पीछे , पल पल , मन ही मन पूछने लगी(कुसमकान्त का दान पत्र- 115)

जहाँ जहाँ चोरी-चोरी रात को जाता हूँ (कुमार -79)

4-क-6 परसर्गपदबंध - 4-क-6-क (सम शब्द भेद मूलक)

पूर्व के पदबंधों से ज्ञात होता है कि विभिन्न शब्द भेद मात्र परसर्गों के संयोग से अर्थ की दृष्टि से विभिन्न पदबंधों के अन्तर्गत आए हैं किन्तु परसर्ग की पदबंधता में मात्र परसर्ग का अर्थ तथा अन्य शब्द भेद किस तरह परसर्ग वत प्रयुक्त हुए हैं यही दिखाना मुख्य उद्देश्य है यथा—

(1) परसर्ग + परसर्ग:

आसमान पर से टपक पड़ता (सूर्यग्रहण-84)
मकान पर से घेरा (नवाबनंदिनी-10)
चेहरे पर से मालूम (गा० ज्यो० म प्र0-42)
जमीन में से निकल आते (सूर्यग्रहण- 84)
सेना में का कोई दुष्ट (,,- 101)
घेरे में से निकल भागा (,,-144)
उसमें के मसाला को (वेनिस न0 व्या0- 2)
उनमें से कोई (वि0कसौ0-144)
तुममें से किसी (मानोमस्त ना0 167)

4-क-6-ख- विषम शब्द भेद मूलक:-

(1) परसर्ग + परसर्गीय शब्दावली-

नित्य दान की अपेक्षा(वेनिस न0 व्या0- 2)
(मारने) के लिए(सूर्यग्रहण- 85)
आने के लिए होता है (ट0का0कु0-110)
होने के कारण (नवाबनंदिनी-22)
अलेख के साथ कहा (,, -2)
भैया के पास (,, -3)
आग की नाईं (महावीर च0ना0- 36)
धर्म के अनुसार (प्रभा 1923 -190)
उनके लेखे - (गु0ते0- 87)
धर्म के हेतु(प्रेमयोगिनी-91)
माल के पलटे (शकुन्तला ना0 -10)
औरत की बदौलत (रामबहादुर- 98)

(2) परसर्ग + संज्ञा-

नदी के किनारे (बनबोर ना0-79)
युध के समय (प्रभा1913-191)
फुर्सत के वक्त (रायबहादुर- 114)

(3) परसर्ग + क्रिया विशेषण

नगर के बाहर(सतो विन्ता-110)
स्त्रियों के सामने (बुद्धू का कांटा- 28)
दरोगा के पास (अलनादर -123)
चारपाई के आगे(तारा- 84)
मुह की ओर (ठे0ठ0ठ0-27)
पेड़ के नीचे (बनबोर ना0- 79)
हिरके की तरफ (अलनादर -32)
गाँव के निकट (वि0क0वी0 -377)

(4) परसर्ग + परसर्गीय अव्यय या परसर्ग -

ओठो के भीतर से (मकाबनीबिनो-6)
चरणों के पास से (,, -13)
काम के जरिये से (,, - 14)
होने की वजह से (सूर्यग्रहण-85)
सेना के बीच से (म0विलास-64)
नदी मंडल की ओर से (भालो - 282)

4-क-7 विस्मयादिबोधक अव्यय पदबंध-

विस्मयादि बोधक अव्यय वास्तव में अव्यय नहीं हैं वरन् विभिन्न प्रकार के मनोभावों को अभिव्यक्ति के लिए विभिन्न प्रकार के शब्दों के समूह ही कहे जायेंगे । संज्ञा , विशेषण, क्रिया विशेषण आदि का प्रयोग जब भावाभिव्यक्ति के लिए होता है तो विस्मयादि बोधक अव्यय ही कहे जायेंगे –

4-क-7-क- सम अन्वय मूलक-

इसके अन्तर्गत निम्नलिखित वाले शब्दों को रखा गया है —

जय। जय। (महावीर चरित ना0-7)

वाह। वाह। वाह। (मालविका-61)

हाय। हाय। (महावीर चरित -10)

राम। राम। छि: छि: छि: (संसार-168)

शिव। शिव। शिव। (वनवीर ना0 -11)

4-क- 7-ख- विस्मय शब्द बोध सूचक-

इसके अन्तर्गत मात्र विस्मयादिबोधक अव्ययों के विस्तार को दिखाना ही लक्ष्य रहा है, क्यों कि प्रत्येक का वर्ग विभाजन करना कठिन नहीं तो दुरूह अवश्य होगा फिर एक ही वर्ग के शब्द विभिन्न प्रकार के भावों के भी सूचक हैं अतः विस्मय बोधक रूप में उनकी प्रचुरता के विस्तार को ही मात्र दिखाया गया है यथा—

क्यों, मित्र। (मल्लिकादेवी-4)

अय, दयाधाम। (,,- 57)

ऐसो भाली दिल्लगी। (मानोपदेश ना0-28)

अरे, राम, राम। (प्रेम योगिनी-71)

लो, जिलानी जी। (राजकुमारी- 103)

अच्छा लो। (प्रेमयोगिनी- 18)

धन्य वीरों। धन्य। (संयोगिता हरण-45)

अरे, ना, ना। (वन वीर ना0 4)

वाह तेरे की। (स्वामी भक्ति-31)

हैं, यह कैसे? -(ऊषा अनिरुद्ध- 60)

वाह भाई साहब। (चा0 च0- 59)

हैं, यह क्या।। (सती चिन्ता -50)

बेशक। हाँ हाँ। (रायबहादुर- 31)

शाबाश। मेरो प्यारो शाबाश। (स्वामिभक्ति-32)

अरे बाप रे। (मानोपदेश- 41)

मुहावरे तथा लोकोक्तियाँ

भाषा के प्रसार और सम्पन्नता के साथ ही साथ जनसाधारण के भाव, विचार और अनुभव आदि सहज, प्रयोग के रूप में व्यक्त न हो कर मुहावरों और कहावतों में ढल जाते हैं । इनका अर्थ सामान्य भाषा से अधिक प्रभावशाली और शिष्टग्राह्य होता है । यद्यपि यह निश्चित है कि द्विवेदी युग में भाषा को परिमार्जित और परिनिष्ठित बनाना ही मुख्य लक्ष्य था किन्तु साथ ही साथ भाषा में सजीवता, सूक्ष्मता, रोचकता एवं चुस्ती प्रदान करने के लिए युग के गद्यकारों ने मुहावरों और लोकोक्तियों का प्रयोग यथा स्थान किया है । शुद्ध विचारता पूर्ण साहित्य की अपेक्षा रचनात्मक साहित्य- उपन्यास, कहानी, नाटक आदि में इनका प्रयोग अधिक हुआ है । इन लाक्षणिक प्रयोगों का अध्ययन दो वर्गों में विभक्त करके किया जा सकता है :-

मुहावरे
लोकोक्तियाँ

5- 1 मुहावरे--

लाक्षणिक प्रयोग की दृष्टि से ~~मुहावरों~~ मुहावरे पदबंध के रूप में वाक्यों में आते हैं किन्तु इनके मूल में निहित अर्थ सामान्य पदों से विशिष्ट होता है। रचना की दृष्टि से प्रत्येक मुहावरे का अन्तिम पद क्रियार्थक संज्ञा होता है किन्तु प्रयोग के अनुसार उसका परिवर्तन संज्ञा, विशेषण क्रिया- विशेषण और क्रिया के रूप में भी सम्भव हो जाता है ।

हिन्दी में प्रयुक्त इस प्रकार के मुहावरे फारसी, शैली के देन हैं। चूँकि इस युग के अधिकांश लेखक अरबी - फारसी शैली से प्रभावित थे, फलस्वरूप भाषा में व्यावहारिकता लाने के लिए उन्होंने मुहावरों का प्रयोग यथा स्थान निःसंकोच रूप से किया है । लाक्षणिक अर्थ समन्वित होने के कारण मुहावरों के प्रयोग से वाक्यों की शैली में भी भिन्नता आ जाती है ।

मुहावरों के अनुशीलन से यह स्पष्ट होता है कि इस युग में भी पूर्व निर्मित मुहावरों का ही पिष्टपेषण हुआ है । ऐसी स्थिति में यह अनुमान लगाना कठिन है कि युग में कौन-कौन से नवीन मुहावरे प्रयुक्त हुए हैं। फिर भी प्रयुक्त मुहावरों का अध्ययन निम्नलिखित आधार पर करना सुविधाजनक होगा- यथा:--

मुहावरों के उपादान की दृष्टि से भेद

रचना की दृष्टि से मुहावरों के भेद

अर्थ की दृष्टि से मुहावरों के भेद

5-1-क- मुहावरों के उपादान की दृष्टि से भेद:-

मुहावरों का निर्माण सामान्य रूप से जिन आधारों पर होता है उन्हें मुहावरों के उपादान कह सकते हैं। ये उपादान शरीरिक अंग, मानवजीवन से संबंधित वस्तुएं, मनुष्येतर प्राणी मानव मस्तिष्क और हृदय से निःसृत विभिन्न प्रकार के भाव तथा सामान्य जीवन घटित व्यापार, गुण, तक हो सकते हैं। निम्नलिखित मुहावरे अंग तथा उसकी क्रिया को ध्यान में रख कर दिए गये हैं जिनमें अलक्रम का ध्यान भी रखा गया है —

5-1-क-1 अंग तथा उनके व्यापार संबंधी-

बाल- बाल बाँका करना (सूर्यग्रहण-80)
बाल छूना ---(टा0का0कु0- 200)

सिर- चिकने सिर वाला जोगी(श कुन्तला 17)सिर पर चला आना(तारा-38)
सिर घूमना (नरेन्द्रमोहिनी-22) सिर पर पैर रख भागना (श्रीमती मंजरी-58)
सिर पर बिजली टूटना (छोटी बहू -132)
बेसिर पैर की बातें करना (रायबहादुर- -115)
सिर पटकना (राजकुमारी- 35) सिर चढ़ाना(टा0का0कु0-392)
सिर पर ले कर भटकना(भारतमणि-10) सिर नीचा करना(कृष्णार्जुन -55)
सिर पर पैर रखना (,,- 111) सिर पर पहाड़ निकला- उठाना (शैले-8)
सर खपाना(भारती-21) आसमान सिर पर उठाना (,,-1)
सिर आँखों पर लेना (,,-118)

माथा-
माथा खाना(सत्य नारायण- 50) माथा टेकना (उसने कहा था -
माथा खपाना -(भारती-10) दूसरों के माथे कुलौड़ियाँ खाना (सेवासदन-12?
माथा मारना(,, - 25) माथा चकराना (गंगावतरण- 47)

दिमाग:-
अब क्या उपाय करूँ, जिससे दोनों ही प्रसन्न रहें और उचित न्याय की धुन कर, उलटी धारा न बहे? (सती चिन्ता- 20)

---

*इस प्रकार के वाक्य जिनमें पहले संज्ञा का उपयोग कर के बाद में उसका संबंध या वह सर्वनाम अथवा कभी कभी उस संज्ञा के बदले में निश्चय वाचक सर्वनाम प्रयुक्त किए जाते हैं, अंग्रेजी के संबंधवाचक सर्वनाम की रचना के अनुकरण का फल जान पड़ता है, हिन्दी में आजकल इस प्रकार की शैली का प्रयोग अधिकाधिक हो रहा है।

6-1-क-2-ग क्रिया विशेषण उपवाक्य

क्रिया विशेषण उपवाक्यों का प्रयोग मुख्य उपवाक्य के विधेय के काल, स्थान, रीति, परिमाण, कार्यकारण जैसे अवस्थाओं के सभी अर्थों में हुआ है। परन्तु यहाँ पर उनका अलग- अलग विवेचन न करके केवल रचना प्रक्रिया के विचार से कुछ ही उदाहरण दिए जायेंगे क्योंकि जिन क्रिया विशेषण अव्ययों के संयोग से ये उपवाक्य बनते हैं उनका विस्तृत विवेचन शब्दावली और व्याकरण प्रकरण में किया जा चुका है,— जैसेः—

अगर ऐसा नहीं होगा तो हमारे लिए सत्याग्रह का मैदान साफ है।
(भारत दर्शन- 79)

यदि मेरी सेवा से उनका अंतःपतन जाय तो मैं कठिन से कठिन पुरुषार्थ करने के लिए भी तैयार हूँ।- - - -(श्रवण कुमार- 9)

मेरा लड़का होता तो कभी ऐसा राजद्रोही, मालिक की आज्ञा न मानने वाला और कर्तव्य हीन नहीं होता—(नवाबनन्दिनी-27)

जिस प्रकार उस अनादि अनन्त ब्रह्म को किसी ने पार नहीं पाया, उसी प्रकार शास्त्र बल का भी कोई पार नहीं पा सकता (संयोगिता हरण-101)

पृथ्वीराज की अर्द्धांगिनी जब तक कन्ह काका के धोखे में दम है, तब तक तू किसी बात की चिन्ता न कर। - -(संयोगिता हरण- 102)

जब से हम लोगों ने विघ्नराज जी की क्रिया की है तब से तो पंचवटी से निकले बड़ी देर हुई (महावीर चरित- 64)

टाम जब भोजनागार में बैठकर पेट पूजा करने लगा तब सब दास-दासी वहाँ इकट्ठा हो कर बड़े चाव से उसके पुत्र के विषय में कुछ पूछ -पाछ करने लगे -(टा0का0कु0- 87)

लेकिन अफसोस, ज्यों ज्यों मैं आगे बढ़ता जाता था त्यों-त्यों पानी का वह गड्ढा भी आगे बढ़ता जाता था- --(चंद्रकांता- 155)

आप जितनी ही बड़ाई करेंगे प्रजा उतनी ही घर पर बढ़ती जायेगी
(भारती- 269)

एक रोज जैसे ही चवाल में हम लोग पहुँचे, वैसे ही पंडित जी भागवत के कहने लगे - - -(लम्बोदाढ़ी- 36)

(1) क्रिया विशेषण का समानाधिकरण उपवाक्य

तपस्वियों के आश्रम में विनीत भेष से आना कहा है इसलिए तो तुम ये लिए रहो और जब तक मैं तपोवन वासियों के दर्शन कर के आऊँ तुम घोड़ों की पीठ ठण्डी कर लो --- (शकुन्तला ना0- 11)

अपना यह बात खूब जानता था कि यदि लोग मेरे सती होने के मतलब को जान जायेंगे तो होशियार हो जायेंगे और तब मैं अपनी इच्छा कदापि पूरी न कर सकूँगी)-(राजकुमारी-13)

लेकिन जब हम जल बरसाते हैं, तभी मृत्यु लोकवासी एक-एक दाने के सौ-सौ दाने पाते और खाते हैं, फिर उन्हीं दानों की कमाई से यज्ञ में धर्म कमाते हैं (श्री गंगावतरण- 39)

जब पावस ऋतु वायु का प्रचण्ड प्रचार होता है तब वह मेघ की धारा बरस कर धरा पर प्रलय कर देता है , सो आज यह पृथ्वीराज मेघ कन्नौज का प्रलय करेगा —(संयोगिताहरण-163)

सोची सी बात यह है कि जब आप को कोई उपाधि नहीं मिली , और न आप का जन्म ही किसी धनी घरदार के यहाँ हुआ है, तब मेरी लड़की आपको इस जन्म में क्या, सात जन्म में भी नहीं मिलेगी(राय बहादुर-81)

अगर चार आदमियों में फँस गए तो मुँह खोल के खड़े हो गए, और अगर कहीं उनके सामने से किताब हटा ली फिर तो भड़के हुए बैल का मजा लीजिए- - -(लम्बोदादी-34)

: उपर्युक्त संज्ञा, विशेषण और क्रिया विशेषण उपवाक्यों का मुख्य उपवाक्यों के साथ योग का जो विधान हुआ है उससे स्पष्ट है कि संज्ञा और विशेषण उपवाक्य सामान्यतः मुख्य उपवाक्य के बाद ही आए हैं किन्तु क्रियाविशेषण उपवाक्य अधिकतर मुख्य उपवाक्य के पूर्व ही आए हैं । अब यहाँ पर तीनों उपवाक्यों के योग , से कुछ विस्तृत मिश्रित उपवाक्यों के उदाहरण दिए जा रहे हैं —

6-1-क-2-ब मिश्रित वाक्य का विस्तार

यदि आपने अपने ईश्वर के नाम धन धान्य न्यौछावर कर दिखाया है तो भारतवर्ष को देखो जिसने विदेशी सरकार के लिए राजा के नाम पर तन मन

धन सब लुटाया है और अपने आप को इससे भी दीन- दरिद्र बनाया है।

(भारत वर्ष- 58)

मंत्री ने हाथ जोड़ कर कहा है कि विदर्भ से दो कलावती स्त्रियाँ आई थी सो राह की थकी थीं इससे श्री चरणों के सामने नहीं गईं -- (मालविका0- !

कुबेर ने जो रावण के सौतेले भाई है जब गन्धर्वराज से यह हाल सुना तब हमको आज्ञा दी कि जाओ जो हमारे भाई बन्धु बचे हैं उनको समझा बुझा आओ ------------(महावीर चरित- 99)

मैं वहाँ का एक निरपराध जागीरदार हूँ जिसका सब कुछ छीन लिया गया है और जो दूध में पड़ी मक्खी की भाँति वहाँ से बाहर निकाल कर फेंक दिया गया है जिससे दुनिया भर में धूल चाटता फिरे -(दुर्गावती- 55)

पापी को प्राणदण्ड देने से बेहतर है, कि अपने एहसानों से उसके जीवन को अन्त में आदर्श बना दें, ताकि देश के इतिहास लेखक और नाट्यकारों को उसका नाम लिख कर अपनी पवित्र लेखनी को कलुषित न करना पड़े —(स्वामिभक्ति- 145)

6-1-क-3- संयुक्त वाक्य

एक से अधिक प्रधान उपवाक्यों के योग से बने संयुक्त वाक्यों का प्रयोग भी इस युग में बहुत ही विस्तृत रूप में हुआ है। संयुक्त वाक्यों के समानाधिकरण उपवाक्यों में संयोजक, विभाजक, विरोध दर्शक, और परिणाम बोधक संबंध पाया जाता है जो बहुधा समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्ययों द्वारा सूचित होते हैं। अब इन संबंध-क्रम संबंधों का अलग विवेचन किया जा रहा है —

6-1-क-3क संयोजक-

बहू छाती पीट-पीट कर रोने लगी और अपने सोए हुए दोनों बालकों को जगा, उन दोनों के हाथ पकड़ कर घर से बाहर निकल गई

(छोटी बहू- 5)

लहनासिंह ने दोनों गोले बोर कर बन्दक के बाहर फेंके और सब को घसीट कर सिगड़ी के पास लिटाया (उसने कहा था- 56)

केवल तुम जीवन दान ही के योग्य नहीं हो सो तुम्हारे निमित्त इतना प्रसाद और है ---(नागानंद- 100)

उसने एक ओर जाते ही अंगुली को काट कर सिर्फ जुर्म ही नहीं किया है लेकिन सदा ही में कुछ का भी सर्वनाश किया है (रस का कुरा धी0-27)

आप लोग विराजिए, मैं कोई पहुँचा हुआ साधू नहीं हूँ, केवल आप के सामने अपना दुखड़ा रोने आया हूँ -(दुर्गावती- 54)

6-1-क-3ख विभाजक

अब की या तो ये ही हमें जीत कर पैतृक कुल का वृहत राज्य भोगेंगे या हमीं लोग उनका सर्वस्व जीत उन्हें कानन निवासी बना कर छोड़ेंगे

(द्रौपदी चीरहरण- 17)

तो क्या ऐसे पापी जीव को अभी देह से बाहर करूँ अथवा इन दोनों को समझाऊँ (नागानंद- 81)

न तो गणित करने से कुछ फल निकलता है और न दर्शनशास्त्र से ही इसकी मीमांसा होती है ------(प्रतापसिंह -119)

दुनियाँ में सभी आपके हैं - न सब बुरे ही हैं न सब भले ही।-

(दुर्गावती- 57)

पर अब मुझे आशा राम जैसे आदमियों से दोस्ती का नाता न रखना चाहिए नहीं तो मेरी इज्जत में बट्टा लगेगा(रायबहादुर- 147)

अकेले कहानी कहने चले हो या दिल के फफोले फोड़ने (बुद्धू का काँटा-20)

6-1-क-3-ग- विरोध दर्शक

भोग विलास का बहु रंग रंजित चित्रमय जगत दृष्टि तल आ सकता है पर निरसहाय धूल धूसरित कुन्तला विधवा की करुणोत्पादक मूर्ति स्वप्न में भी दृष्टिगोचर नहीं हो सकती (——(भारत दर्पण-31)

उसके चेहरे पर चिन्ता का लेश नहीं है, किन्तु उसके बदले उमा के चेहरे से सौभाग्य की छटा फूट फूट कर निकल रही है ।(उमा- 9)

कुँज का ख्याल छोड़ कर मैं दरिया की ठीक करने चली लेकिन वह भी मेरी कलम से मरियम का सुहावना मुखड़ा ही निकला — -(चाँदबीबी-128)

शयनागार में कुम- आराधना होने पर बहुत कुछ विचार किया , परन्तु कुछ भी थाह - पत्थर उसकी समझ में न आया—(राजकुमारी- 88)

6-1-क-3घ परिणाम बोधक—

यहाँ पर रहते- रहते जी ऊब गया है, इसीलिए कुछ दिनों के लिए कन्नौज आ रहा हूँ (रणबाँकुरा- पी0-116)

द्रव्य ने इन लोगों को अंधा कर दिया है इसीलिए इनके सिर पर पुतलेनो सरदार बनने की धुन आठ पहर चौसठ घड़ी सवार रहती है -------------------(रावबहादुर- 36)

वह अकबर का दूत बेचारा तनिक मार्ग में भटक गया था, सो मैं उसको सीधा मार्ग बतला रहा था—(दुर्गावती- 4)

कभी कभी समानाधिकरण अव्यय बिना ही समुच्चयबोधक के जोड़ दिए जाते हैं, अथवा जोड़े से आने वाले अव्ययों में से किसी एक का लोप कर के भी संयुक्त वाक्य बनता है। इस प्रकार के संयुक्त वाक्य मात्र अर्धविराम लगाने से बनाया जाता है यहाँ पर कुछ इसी प्रकार के संयुक्त वाक्य के उदाहरण दिए जा रहे हैं:—

उमा ने अपनी साड़ी को मैली होते हुए देख, एक रोबदार सेनापति की तरह गुड़गुड़ी की ताबादार चिलम को पीकदान के ऊपर उलट दिया, घर के पूर्व ओर की खिड़की का किवाड़ खोल दिया एवं बच्चे के हाथ से साड़ी ले कर अरगनी पर रख दिया- --(उमा- 12)

भइया गोवर्धन, तुम्हारे जीजा जी के मारे तो मेरा नाम में दम है, न कुछ करते है न धरते हैं, घर में बैठे बातें बना या करते हैं।

(भीष्म- 86)

न कुछ करना, न धरना - बैठे बैठे बातें बनाना और कोई समझावे-बुझावे तो उसकी छाती पे चढ़ बैठना --- (भीष्म- 96)

आप का कहना काबिल इतमीनान है, आप सचमुच वैसे ही रणबाँकुरा हैं, लेकिन यह मौका बहादुरी दिखाने का नहीं है, यह मौका अक्लमंदी का है

(रणबाँकुरा-36)

6-1-क-3-ङ संयुक्त वाक्यों का विस्तार:-

संयुक्त वाक्यों के जो विस्तृत प्रयोग मिले हैं उनके कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं:—

तुम तो अब राजभवन छोड़ इस भयंकर निरजन वन में बस कर अहेरियों के काम करोगे परन्तु मैं सत्य कहता हूँ कि जंगली पशुओं के पीछे दिन प्रतिदिन भागते - भागते मेरे अंगों के जोड़ हिल गए हैं इसलिए दया कर के मुझे एक दिन तो विश्राम कर लेने को छोड़ जाओ—

(शकुन्तला ना०- 33)

क्यों कि लोगों ने उसे कोचबक्स पर बैठने कहा था, सो वह एक छलांग मार कर ऊपर जा बैठा, और आनन्द से बाँए हाथ में घोड़ों की रास, और दाहिने हाथ में चाबुक ले कर आप ही गाड़ी हाँकने के लिए उतावली मचानें लगा- - - - - -(छोटी बहू- 81)

दीवान ने दिन भर तो सब्र किया, पर आधी रात को वहाँ जा कर एक ताली के सहारे से उस ताले को खोला और तहखाने के जरिए वह नीचे उतर गया पर वहाँ थोड़ी देर तक मोम बत्ती के उजाले में कुछ देर तक देखभाल कर चट वह ऊपर वापस आया और आप ही आप बोल उठा

(राजकुमारी- 96)

सोने के का कुंडनाल होंठ पर झूल रहा है, बच्चा उस कुंडनाल को पकड़ हथिया लेने के लिए बार बार चेष्टा करता है, पर विफल मनोरथ हो पिता की देह पर हंसता हुआ लोट जाता है और माँ की रंगीन साड़ी माथे पर रख ची का रूप बनाता है ।- -(उमा- 12)

6-1-ब अर्थ का आधार।-

व्याकरणिक अर्थ के अनुसार वाक्यों के आठ भेद होते हैं। इनमें से केवल संकेतार्थक वाक्य को छोड़ कर सभी वाक्य रचना की दृष्टि से साधारण , मिश्र और संयुक्त हो सकते हैं। अर्थ की दृष्टि से युग की भाषा में जो वाक्य मिलते हैं उनके कुछ ही रूप मात्र स्पष्टीकरण के लिए दिए गये हैं , क्यों कि इनका विस्तृत विवेचन रचना की दृष्टि से भेद के अन्तर्गत किया जा चुका है —

6-1-ब-1 विधानार्थक वाक्य:-

(क) साधारण:-

तुम्हारे उचित व्यवहार से हम अति संतुष्ट हुए(सतीचिन्ता- 27)

आप का कहना सच है - - -(रायबहादुरम 169)

ख- मिश्र—

जब हमारा और उनका जो भी युद्ध समाप्त हो जायेगा तब गोदान कर के कुमारों का ब्याह होगा।— --(महावीर चरित-17)

यद्यपि हमको पराजित हो होना पड़ा परन्तु हमारी वीरता की धाक संसार में बंध गई ---(कोमोतलवार- 60)

ग- संयुक्तः-

उस कटार को बांधती हूं और यह उछल कर गिर पड़ती है।- (रणबांकुरा चौहान- 121)

सुबह होते- होते वहाँ पहुँच जाये गें, इसलिए जल्दी पट्टी बांध कर एक गाड़ी में घायल लिटाए गए और दूसरी में लाशें रखी गईं। (उसने कहा था- 58)

6-1-क-2 निषेध वाचक वाक्य

क- साधारण—

यह वचन आप के मुख से निकलने योग्य नहीं है(द्रौपदी चीरहरण- 21)

उनकी इच्छा के विरुद्ध बात करने वाला संसार में कोई नहीं है। (नवाबनंदिनी- 7)

ख- मिश्रः-

मुझे इतना ही कहना है कि क्षमा करने में वार न लगा जो राम ~~जैसा~~ ऐसा वीर न होता ----(महावीर की रस- 32)

यह बदबख्त जब तक आप की नजरों से दूर नहीं होगी जब तक दोनों को तकलीफ नहीं दूर होगी।---(नवाबनंदिनी-97)

ग- संयुक्तः-

यह महा अधर्म हम चारों भाई नहीं स्वीकार कर सकते और न हम लोग इस प्रकार हार को ही स्वीकार करें गें (द्रौपदीचीर हरण-52)

देश का हित साधन वक्तृताएँ देने से होता है और न गोल माने से (राणाप्रतापसिंह-3)

6-1-क-3- आज्ञार्थक-

क- साधारणः-

बस अब अधिक बोलने का साहस न कर(सती चिन्ता-68)

सामंतों इस दुष्ट तातार को इसकी सेना सहित कुचल डालो।

(राजपूताना चौहान- 185)

ख- मिश्र-

महाबानो से कहो कि योगिनी जी के साथ यहाँ आ जांय (मालविका0-8)

अगर कोई भूल कर भी मेरे प्यारे हिन्दू धर्म को सर्वहीन करे तो उसी दम गोली से उड़ा दिया जाय।--(दुर्गावती- 93)

हे वैनतेय! मैं कहता हूँ सो सुनो। (नागानंद- 92)

ग- संयुक्त:-

अच्छा तू अभी जा कर कोटपाल से कह कि शीघ्र ही आगे से जा कर उनका स्वागत कर आदर सहित उन्हें लिवा लावें और सेना को उस लोह मंडित दुर्ग में उतारे (द्रौपदीचीरहरण- 25)

प्रधानजी! ले जाओ और साधारण रीति से विवाह कार्य सम्पूर्ण कर, इन दोनों को नगर के बाहर छोड़ आओ।(सती चिन्ता- 110)

6-1क- 4 प्रश्नार्थक:-

क- साधारण:-

तुमको यह कहाँ मिली? (नवाब नंदिनी- 86)

यह सब आप ही के यहाँ के लोग हैं?(मालविका 0-55)

ख- मिश्र:-

क्या तुम चाहते हो कि तुम और तुम्हारी संतान दासता की बेड़ियों में जकड़ी जाय और पराधीनता के दुख भोगा करे?(दुर्गावती-98)

क्या मैं जान सकती हूँ कि यह दुष्टता भरी कलंक का टीका उनके मस्तक पर कैसे लगा?- - - - - - -(प्रेम योगिनी- 95)

ग- संयुक्त:-

मैं क्या कर रहा हूँ अथवा क्या सोच रहा हूँ सो तू सुन कर क्या करेगी?

(प्रेमयोगिनी-67)

अरे, क्या फिर भी ये हारे हुए योध्दा साहस कर के युध्द के लिए लौट आए हैं और मुझ पर प्रहार करना चाहते हैं?--(उत्तरा0 चर0105)

6-1क-5अ विस्मयादि बोधक:-

क- साधारण:-

ओह! आज बड़ी चिंतित दिखती रही हो(उमा- 63)

आहा, देखा अच्छा रुका था(रावबहादुर- 57)

ख- मिश्र

मैं नहीं जानता था कि तुम्हें इतना रूप है, इतना लावण्य है।

(उमा- 53)

महाराज मैंने तो सोचा था यह सकुशल है(राणाप्रतापसिंह-106)

ग-संयुक्तः-

मैंने सब कुछ पाकर भी अपने वंश का गौरव नष्ट किया है और तुमने सब कुछ भी खो कर उसे बनाए रखा है।(राणाप्रतापसिंह-133)

तोप खाने के आने में देर हुई, इसीलिए अहुलो बार मैदान हमारे हाथ से निकल गया, वरना भला कोई बात थी।(दुर्गावती- 113)

6-1-ख-6- इच्छा बोधक:-

क- साधारणः-

देवी तेरा कल्याण करें। (वनवीर नाटक- 61)

भगवान मेरे दोनों लड़कों को जीवित रखें(कुमा - 66)

ख- मिश्रः-

कहीं रहें सुख से रहें (छोटी बहू- 136)

भगवान करें, यही हो। (दुर्गावती- 122)

ग- संयुक्तः-

संसार में तेरा नाम अमर हो और भारत वर्ष के बच्चे तुझे अपना पथ प्रदर्शक और आदर्श मान कर तेरा अनुकरण करते हुए स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का मोह छोड़ कर इसी प्रकार युद्ध करें।(दुर्गावती- 130)

6-1ख-7- संदेह सूचक

क- साधारणः-

नौकरानियाँ आती होंगी --(नवाबनन्दिनी- 87)

अब उसकी उम्र 20 वर्ष के लगभग होगी(रावबहादुर- 43)

ख- मिश्रः-

तब भी उसकी बनावट, उसकी मजबूती और उसके विस्तार को देख कर यह ख्याल होता है कि जो इस मकान का मालिक होगा उसका दौर- दौरा उस समय खूब रहा होगा—(पां०८०-2)

ग- संयुक्तः-

आज यहाँ सब ग्रामीणों का जमघट होता होगा, और वे सब मेरी

यह आदमी उन्हीं के साथ का होगा और किसी सबब से पीछे रह गया होगा
(दुर्गावती-71)

6-1-क-8 संकेतार्थः-

अगर आप झुक कर सलाम करें तो मैं आप को झुक कर सलाम करूँगा। अगर आप मुझे गाली देंगे तो मैं आप के कत्ल का इन्तजाम करूँगा (भारतदर्पण-89)

यदि मैंने तुम्हारी तरह पूर्व जन्म में बलि दान किया होता तो डेढ़ हाथ और लम्बा हो गया होता—(सती चिन्ता-25)

6-2 विश्लेषणात्मक पद्धतिः-

संश्लेषणात्मक पद्धति के वाक्य, उपवाक्य तथा वाक्यांश नामक वाक्यस्तरीय रचनाओं की अन्विति में जिन लघुतत्वों अर्थात अन्वय, शब्द क्रम, स्थानान्तरण, अध्याहार का सक्रिय योगदान है उन्हें विशिष्ट रूप में रख कर वाक्य योजना के मूल में सक्रिय व्यवस्था की ओर निर्देश कर के वाक्यों का अध्ययन करना ही विश्लेषणात्मक पद्धति का लक्ष्य है।

विश्लेषणात्मक पद्धति के आधार पर इस युग के वाक्यों का अध्ययन निम्नलिखित अंशीय तत्वों के आधार पर किया गया है -

6-2-क अन्वय
6-2-ख शब्दक्रम
6-2-ग - स्थानान्तरण
6-2-घ- अध्याहार-

6-2-क अन्वयः-

विश्लेषणात्मक दृष्टि से किसी भी साहित्यिक भाषा में वाक्य संरचना के मुख्य तत्व शब्दान्वय तथा शब्दक्रम है। शब्दों के लिंग, वचन तथा कारकादि के आधार पर वाक्य में शब्दों के परस्पर संबंध का निर्णय करना ही अन्वय का विषय है

अस्तु स्पष्टीकरण के लिए व्याकरणिक नियमानुकूल निर्मित इन संबंधों के कुछ उदाहरण प्रयोग सहित निम्नलिखित रूप में दिए जा रहे हैं —

6-2-क-1 कर्ता और क्रिया का अन्वयः-

1 परसर्ग रहित कर्ताकारक के लिंग, वचन और पुरुष के अनुसार ही क्रिया के भी

लिंग, वचन और पुरुष हैः-

हथियार बन्द बनचोर गुप्त पत्र पढ़ता देवा के सामने आता है (बनचोर ना0- 58)

कोई सुन्दर नारी वीणा को बजाती है (नागानंद- 11)

उनके पेट में चूहे कूदने लगते हैं (मतीचिन्ता- 22)

राजा विदूषक, इरावती प्रतिहारी बाहर आते हैं (मती भक- 48)

मैं शहजादा मुराद आप को अदाब करता हूँ(चांदबीबी- 364)

मैं ऐसा सवाल क्यों न करती (स्वाभिमानित-93)

1- सम्भाव्य भविष्यत तथा विधि काल के कर्तृवाच्य में और स्थिति दर्शक होना'

क्रिया के सामान्य वर्तमान काल में लिंग के कारण क्रिया में कोई रूपान्तर नहीं होता।

हम लोग भी देव मंदिर के दर्शन करें (नागानंद-11)स्त्रीलिंग)

हम लोग भी तमाल वीथिका को चलें (,,- 51) पुलिंग)

मैं अपना सर्वस्व उसे दे डालूँ(गंगावतरण-67)

पुत्र भगीरथ- तुम अपने साठ हजार पितरों का स्थान बताओ, मैं तुम्हारे- तुम्हारे साथ चलती हूँ, तुम आगे आगे राह दिखाओ(श्री गंगावतरण-63)

कौशल अरुण कुमार। देखते क्या हो, चाबो और स्वर्ग का मजा उड़ाओ। (रणबांकुरा चौहान- 16)

इस कार्य में विघ्न है (प्रेमयोगिनी- 113)

आदर के अर्थ में एक वचन कर्ता के साथ बहुवचन क्रिया का प्रयोग सामान्य है।—

पिता जी मुझे बुलाते हैं (नागानंद- 61)

कुछ तो राज की ड्योढ़ी से उतर चुके हैं (संयोगिताहरण-75)

मदन जी इन दूसरी पगडंडी से चलने लगे(वी0द0- 66)

अब आप युद्ध को ललकारते हैं (भीष्म प्रतिज्ञा-90)

उद्देश्य पूर्ति के लिंग, वचन पुरुष उद्देश्य से भिन्न होते हैं फिर भी क्रिया उद्देश्य के लिंग वचन के अनुसार होती है।—

मैंने बहुत परोपकारी साधु देखे हैं (नागानंद-67)

तुम दिन रात महाराज चौपट्ट के दरबार में बैठे कर मक्खियाँ मारा करते हो और मैं यजमानों के प्रताप से लड्डू और पेड़ों पर हाथ मारा करता हूँ(सती चिन्ता-23)

ये लोग एक- एक पैसे के यत्न में आहें भर रहे हैं , यहाँ की विचित्र लीला देख कर धर्मनीति, राजनीति , शास्त्रनीति और शास्त्रनीति पशुनीति पशु रूप धारण कर के [illegible] की भाँति घास चर रहे हैं। गौतमबु0-58)

मालूम होता है कि आप अपनी बुद्धि घर पर रख आये हैं(गौ0बु0-30)

[illegible]- समुच्चय बोधक शब्दों से जुड़े हुए भिन्न लिंग के कर्ताओं की क्रिया बहुवचन पुल्लिंग में होती है :-

यहीं फाटक चन्द्र और सवेरी हैं। ([illegible]-141)

राजाओं में इन्द्र और नक्षत्रों में चन्द्र, पशुओं में मृग और पर्वतों में (जिस प्रकार) कैलाश शोभायमान हैं([illegible] कुमार-65)

शक्ति और दौलतुन्निसा यहाँ से नीचे उतरते हैं (राणाप्रताप सिंह- 186)

भिन्न भिन्न लिंग, वचन के एक से अधिक अप्रत्यय संज्ञाओं के कर्ता कारक में आने पर क्रिया का लिंग वचन अन्तिम कर्ता के अनुसार होता है —

पृथ्वीराज तथा संयोगिता दो चार सामंतों के सहित आती है।

(संयोगिताहरण- 106)

कुमार और समस्त कुमारियाँ आ पहुँची हैं -(गौतम बुद्ध- 5)

पन्ना , कर्मचन्द राव, जगमलराय, जयसिंह देव और अन्य बहुत से सरदार प्रवेश करते हैं - - - (बनवीर नाटक - 120)

: इसी प्रकार अन्य कर्ता शब्दों की अन्विति क्रिया के साथ सामान्य रूप से हुई है । चूंकि इस काल में भाषा संबंधी सुधार की तरफ लेखकों का अधिक ध्यान था अतः अन्विति संबंधी त्रुटि नहीं के बराबर हो हुई है ।

6-2-क-2 कर्म तथा क्रिया का अन्वयः-

सकर्मक क्रियाओं के भूतकालिक कृदन्त से बने हुए कालों के साथ जब सप्रत्यय कर्ताकारक और अप्रत्यय कर्म कारक आता है तब कर्म के लिंग वचन पुरुष के अनुसार क्रिया के लिंगादि में परिवर्तन होता है :—

मेरी प्यारी रानी ने जिसे अपना प्यारा पुत्र माना था और मैंने एक दिन जिसके नाम अपनी सारी सम्पत्ति लिख दी थी -(राजकुमारी- 164)

राधे मोहन ने पिता के कम में पुत्र बनने में संकोच न किया([illegible]-99)

उस दुष्ट ने हमारो मात पुश्त की इज्जत बरबाद कर दी - कुल में कलंक लगा दिया - - - - - - - - - (रायबहादुर- 47)

नीच जयचन्द ने मेरा भयंकर अपमान किया है -(रणबांकुरा चौहान- 112)

महलों पर पताकाएं उड़ रही हैं.। (प्रतापसिंह- 167)

: सकर्मक क्रिया के उद्देश्य और मुख्य धर्म (कर्म) दोनों के परसर्ग युक्त होने पर क्रिया पुलिंग एक वचन , अन्य पुरुष में आती है :—

कपिल ने उन सब को क्रोध दृष्टि से भस्म किया। (गंगावतरण- 11)

मैंने जब रमाबाई को देखा था - - -(रायबहादुर- 43)

बुढ इब्राहिम शाह को पहरेदारों ने उनके महल में घुसने नहीं दिया (चाँदबीबी- 106)

: यदि दो या अधिक संयोजक समानाधिकरण वाक्य 'और' संयोजक समुच्चयबोधक शब्द से जुड़े हों और उनमें भिन्न भिन्न रूपों के — अर्थात अप्रत्यय सप्रत्यय कर्ताकारक आवे तो बहुधा पिछले कर्ताकारक का अध्याहार हो जाता है किन्तु क्रिया के लिंग, वचन और पुरुष यथा नियम अर्थात कर्ता, कर्म और भाव के अनुसार हो रहते हैं :—

मैंने चश्मा रुमाल से पोंछा और ( ) उसका मुंह देखा(सुखमय जी०-13)

तुम्हारे मिलने के लिए मैंने कितना तप किया है फिर प्राणों का संयम ऐसा किया - - - - - - - - -(मा मार्कंड- 48)

उसने अपने हाथों से रसोई बनाई और अपने हा आप परोस कर सब को खाना खिलाया - - - - - - -(उमा- 105)

अब मैं आप के चरणों को साक्षी बना कर प्रतिज्ञा करती हूँ कि आज से अपने सास श्वसुर को शंकर और पार्वती समझूंगी तथा अपने पति को परमेश्वर का स्वरूप मान कर पूजूंगी —(श्रवणकुमार- 68)

- -

टिप्पणी- कर्म- क्रिया लिंग, वचनादि के अन्वय संबंधी अन्य सामान्य प्रयोग कर्ता, क्रिया संबंधी अन्वय की भांति ही इस काल में भी प्रयुक्त हुए हैं इसी प्रकार विभिन्न कारकों का अन्य शब्द के साथ अन्वय का समुचित विवेचन व्याकरण अध्याय के संज्ञा सर्वनाम के कारक प्रकरण में किया जा चुका है ।

6-2-क-3 विशेषण विशेष्य का अन्वयः-

युग में प्रयुक्त विशेषण विशेष्य की अन्विति भी सामान्य रूप से ही हुई है, अर्थात विशेषण प्रायः विशेष्य के अनुसार ही अन्वित है। सामान्यतः यदि विशेष्य विकृत रूप में आता है तब आकारान्त विशेषणों में भी उसी के लिंग वचन, और कारक के अनुसार विकार होता है। यहाँ पर स्पष्टीकरण के लिए कुछ उदाहरण दिये जा रहे हैं :—

अच्छे कार्यों के लिए कठिन तपस्या और परिश्रम करने की आवश्यकता है
(संयोगिताहरण-16)

सब लोग भूलो-भटको राहों से अच्छे मार्ग पर आ रहे हैं(प्रेमयोगिनी-10)

ये कम्बख्त पुराने चावलों और पुराने पान का मजा क्या जानें?(चांदबीबी-51)

उसकी बड़ी बड़ी दोनों आँखों से आँसू की धारा बहने लगी(...मा-91)

यदि अनेक विशेष्यों का एक ही विकारी विशेषण हो तो वह प्रथम विशेष्य के लिंगवचनानुसार ही बदलता है :—

मैंने अपना सारा धन, विद्या और सम्मान भी गवाया(गंगावतरण-73)

काल, दूरत, माप, धन दिशा और रीतिवाचक संज्ञाओं के पूर्व जब संख्यावाचक विशेषण आता है और उन संज्ञाओं से समुदाय का बोध नहीं होता है तब बहुधा विशेषण विकृत कारकों में भी एक वचन के ही रूप में आता है :—

उसने पन्द्रह दिन में चुन कर हुक्म भी दे दिया (बुढु का काटा-26)
तीन मील का सामना है ((उसने कहा था-50)
कोई चार पाँच बरस की लड़की कुवारी अवधेगी। (सुखमय जीवन- 23)
सोचा कि मेरे घर सिताबपुर से पन्द्रह मील पर का लानगर है
(सुखमय जीवन-11)
इस कमरे की लम्बाई तीस फीट से कुछ कम है और चौड़ाई 23 फीट से कुछ ज्यादा है - --(धी०द०- 23)

इसी प्रकार विशेषण विशेष्य के अन्वय अन्विति सामान्य रूप से ही हुई है।

6-2-क-4- भेदक (संबंधकारक) एवं भेद्य (संबंधी शब्द) का अन्वय:-

व्याकरणिक नियम के अनुसार भेदक का रूप संबंधी शब्द के अनुसार होता है क्यों कि ये संबंधी शब्द के विशेषण होते हैं जैसे,—

निपुण कारीगरों की बुद्धि चक्कर खाने लगती है(रस०1904-15)

ब्रह्मा ने जहाँ पनाह का आँखों को बिल्कुल अन्धा बनाया है (चांदबाबा-103)

सम्प्रदायों की पूर्तियाँ करने से अनेक व्याध रह गए(र०र०-24)

केवल मुझे दूध को मक्खी समझ लिया है (मानसरोवर-149)

घोड़ों का हाल महाबाभनों से पूछिए(कुमदा र- आ०-5)

किन्तु कहीं -कहीं ऐसा भी देखा गया है कि संबंध कारक की अन्विति संबंधी शब्द के अनुसार नहीं हुई है । इस प्रकार के शब्दों का विवेचन इसी अध्याय के विशिष्ट वाक्य रचना की अन्वय संबंधी विशिष्टता में दिया गया है देखिए--6-2-क-6

6-2-क-5 अव्ययों का अन्य शब्दों से संबंध:-

व्याकरण प्रकरण में अव्ययों के रूप तथा प्रयोगों का विस्तृत विवेचन किया जा चुका है यहाँ पर उनका विवेचन करना पुनरावर्तन ही होगा। (अतः वाक्य में अव्ययों का अन्य शब्दों से संबंध के लिए देखिए व्याकरण प्रकरण-3-5)

6-2-क-6 अन्वय संबंधी विशिष्टताएँ:-

यह स्पष्ट है कि इस समय तक भाषा काफी सम्पन्न और विकसित हो गई थी फिर भी संक्रांति काल होने के कारण अन्वय संबंधी त्रुटियाँ वाक्यों में यथास्थान आ ही गई हैं। वाक्यों में अन्वय संबंधी ये दोष अधिकांशतः अनुवादित कृतियों में ही उपलब्ध हैं जो निम्न लिखित हैं :—

(1) कर्ता + क्रिया का अन्वय

क- लिंग संबंधी:-

कर्ता के अनुसार क्रिया का लिंग नहीं है :—

आँचल के नीचे क्या छिपाए हो देखपाला(ठ०हि०८०- 16)

वह रमणी रत्न गाढ़ी नींद में सो रहा था(वि०क्यो०- 147)

होनहार किसी के रोके नहीं रुकती (रणधीर प्रेम0- 12)

लाज के पर्दे को हटा कर रखा को प्रार्थना करने के लिए मेरी आत्मा आप के सामने इस प्रकार बोला है - - - -(ऊषा अनिरुद्ध- 4)

ऐसा मैं कभी नहीं करूँगी: कदाचित ऐसा करने से आप मुझे न प्राप्त कर सकें यदि ऐसा हो देव तो मेरे मन में कुछ उत्पन्न होगी कि मैं क्यों नहीं नियम त्यागी (पैनिस न0 का व्या0-43)

यह सोचती थी कि सामने पड़ने पर क्या कहूँ गा(चौ0द0'- 96)

रानी लक्ष्मी बाई ग्वालियर की ओर से घोड़े पर सवार हो कर , अपनी तलवार चमकाते हुई अपने सेना भाग के आगे हुई (वीनता विलास- 63)

ख - वचन संबंधी:-

कर्ता के अनुसार क्रिया के वचन नहीं हैं । और इस प्रकार के प्रयोग इस काल में बहुत अधिक हुए है व्याकरण प्रकरण के सर्वनाम प्रयोग में इस प्रकार के रूप दिखाए जा चुके हैं स्पष्टी करण के लिए यहाँ पर निम्न प्रयोग उल्लेख नीय है :—

दूकानें फूल चुन-चुन कर देते हैं - - -(रजनी-4)

हमारे लड़का औषधि वितरण करने फिरते हैं (कौंसिल की मेम्बरी-39)

ऐसे करोड़ों बन्दर सुग्रीव के साथ हैं (महावीर चरित ना0- 81)

और लोग भी मन में लज करता है - -(कौंसिल की मे0-29)

ये इस काम से कभी को हुआ(रणधीर प्रेम मो0- 79)

ये भीड़ में छिप कर आ गया होगा (,,- 78)

यह प्रभु को नाई लिखते हैं (महावीर चरित ना0-19)

यह समझ गई - ---- - - -(कौंसिल की मे0-27)

यह क्यों ऐसा कहते हैं - -(,,, - 15)

यह अपने घर के पितरों की प्रतिष्ठा का बड़ा आदर करते थे(सु0चि026)

उसी दिन ये प्रसन्न होगी (आनन्दमठ- 19)

तुम सच कहता है (श्रीमती मंजरी- 46)

इस बात को हम भी जानता है तुम भी जानता है और सब जानता है
(कौंसिल की मैं0-30)

वह तो हमारे ही जोविका पर पानी फेरना चाहते हैं(संयोगिताहरण-64)

मैंने बहुतों को देखा है कि वह केवल ज्योतिष के भरोसे व्यापार करते-
फिरते हैं - - - - - - - - - - - - - -(गद्यमाला- 127)

ग- पुरुष संबंधी:-

वचन और लिंग के समान ही कर्ता के पुरुष के समान क्रिया का पुरुष नहीं है। यह विशेषता अधिकांशतः मध्यम पुरुष के साथ ही घटित होती है । आदर सूचक 'आप' के साथ क्रिया अन्य पुरुष बहुवचन में आती है । इस समय बहुत से प्रयोग ऐसे हुए हैं जिनमें कर्ता के पुरुष और क्रिया के पुरुष में भिन्नता है ।—

आप ऐसा वचन मत कहो- - -(रणधीर प्रेम0 73)

आप क्या भाँव से प्रीति करके मित्र की प्रीति भूलते हो(रणधीर प्रेम0108)

आप अपने यश की रक्षा करने के लिए जब उठो -(रणधीर प्रेम-108)

आप लोग अब मन कर हम को बचाओ- - - - -(,, - 111)

क्या आप को कुछ घर की भी खबर है कि रण ही रण में मग्न
रहते हो - - - - - - - - - - - - - - - - - -(संयोगिताहरण- 29)

आप हमारा पराक्रम देखना - --(माधवानल काम-150)

यह बात तुम मुझसे मत कहिए (सूर्यग्रहण-65)

आप को क नहीं भेजना है तो मत भेजिए-(मालतीमाधव- ना0-19)

आप कृपा करके बताओ तो - --(तुलसीदास-116)

सरकारी वकील साहब पूछता है --(श्रीमती मंजरी-88)

राजा परिध्वज तुम ऐसा पुरोहित पाके धन्य हैं(महावीरचरित ना0-35)

(2) कर्म + क्रिया का अन्वय:-

क- लिंग संबंधी:-

कर्म के अनुसार क्रिया का लिंग नहीं बदला है ।-

उनको सूर्य भगवान को किरणें खोजने लगे(आनंदमठ-19)

एक बात और कहना रह गई (उषा अनिरुद्ध-28)

इन दोनों ने रात भर रह कर उनको चाकरी करना चाहता था
(सु0चि0- 49)

इस बात को शुद्धि मन से परोक्षा करना चाहिए(चौमित को मै0-59)

यज्ञ पूर्ण होने हो नहीं पाती - --(धनुष यज्ञ ना0- 54)

गरीब की लड़की का ब्याह क्यों नहीं होतो(संसार-12)

ख- वचन संबंधीः-

आप के मुख से ये वचन अच्छा नहीं लगता(रणधोर प्रेम मो0-110)

यह बातें सब सत्य हैं --------(माधवानल086)

सूर्य के समान दो रिजुआ नहीं हैं--(,,- 91)

चार घोड़े और डेढ़ बहू थीं - --(रजनी-4)

ये तो क तपी बर्षो की कन्या हैं (शकुन्तला ना0- 12)

क्या यहूदी के आंखि नहीं हैं (वेनिस न9 का0 व्या0- 48)

आंख की पुतली पौर कृष्ण वर्ण की थीं--(सावित्री-19)

(3) विशेषण तथा विशेष्य का अन्वयः-

सामान्यतः विशेष्य के लिंग और वचन के अनुसार हो विशेषण के लिंग और वचन में भी परिवर्तन होता है किन्तु इस समय अनेकों ऐसे रूप तथा प्रयोग हैं जिनमें विशेष्य के लिंग और वचन के अनुसार विशेषण का लिंग और वचन भिन्न हैं जो अन्वय संबंधी विशेषता हो है यथा--

क- लिंग संबंधीः-

तुम्हारे आंखें है --------(रजनी-12)

अपना शिकार बनाने के लिए मेरा सामर्थ्य नहीं है(रणधीर प्रेम मो0-8)

जिसमें मेरो चित्र है ------(वेनिस न0 का0 व्या0- 35)

जो मेरो समान पापो हो --(मोराबाई -73)

जो सदा अपनो निमीलित नेत्रों से देखते हुए- - -(वेनिस न0 का व्या02

थोड़ा सा दही लाने कहा था- --(संसार-85)

राम ही यह भी कहा है, कि आज कल बहुत उपद्रव आरम्भ हो गया अतः बड़ा सावधानो से रहना होगा , - - -(हेमलता - 138)

इसके बाद उस रक्षराज ने राजपुत्र को अपना माता विशाखिनो के पास ले जा कर सौंप दिया- - -(सर0 1909- 206)

(4) भेदक संबंधी (कारक) तथा भेद्य संबंधी शब्द का अन्वय:-

संबंध कारक के रूप कई स्थलों पर भेद्य के लिंग, वचन के अनुसार नहीं हैं कहीं भेद्य के स्त्रीलिंग होने पर भी भेदक पुलिंग है तो कहीं भेद्य पुलिंग है तो भेदक स्त्रीलिंग, इसी प्रकार कहीं भेद्य बहुवचन में है तो भेदक का परसर्ग एकवचन में । इस प्रकार यह भिन्नता भेदक भेद्य संबंधी अन्वय की विशेषता ही कहा जायेगा यथा:—

क- लिंग संबंधी:-

जल से निकलने की जी नहीं चाहता—(माधवानल 0-66)
स्त्रियों को आगे या पीछे कहीं पैरों की आश्रय प्राप्त हुआ है (उ०रा० च०-24)
हमारे नलपत्तन के दो भाई है —(धनुषयज्ञ- 75)
वियोग से अपनी प्रारब्ध को दोष दे रही है -(माधवानल 54)
राजाओं की प्रीति रेत की भीत की समान होती है (मोरध्वज- 31)
परन्तु कुबेर जी को पता नहीं ---------(,,- 56)
या आज की खबर की कारण --(वेनिस न० का व्या०-74)
अंगुलीयक लेने की उपाय करो -(,,- 72)
योग्यता प्राप्त करने की साहस न कर(,,- 36)
अतिथि सत्कार का आज्ञा दे कर उसी की प्रबन्ध किया करने के लिए आई है
(शकुन्तला ना०- 9)
रुपये पैसे और अन्न की लड़ाई है (कौंसिल की मैं०- 29)
हक के वीरता को प्राप्त करने के लिए आया है(कौंसिल की मैं०-10)
अपना प्राण रक्षा करो --------(आनन्दम०- 68)
ईश्वरेच्छा का शपथ है -------(,,- 75)
पाषाण के मूर्ति के समान क्यों बैठे रहे(वेनिस न० का व्या०-4)
उसके आत्मा का परामर्श का ---(,,- 75)
तुम्हारे आंखें हैं --------(रजनी-12)
अपना शिकार बनाने के लिए मेरा सामर्थ्य नहीं(रणधीर प्रेम०-8)
परशुराम जी के हथियार पाने की रीति के हांसी सी कर रहे हैं
(महावीर चरित ना०-27)
बड़ों के आज्ञा पालन करने की शीघ्रता में तुम्हारी यथोचित सेवा किए
(उत्तर रा० च० ना०46)

इसमें सिर्फ किसी के रुचि के बात है (मझा और चरित्र ना0-59)

हम लोगों को भाग से लड़के लौट आए (,,- 110)

हजूर हो या खिदमत में अन्नते माना करती है—(तारा भा0ना-पु081)

मैं अपना भाग्य को धन्य मानता हूँ —(वेनिस ना0 का व्या0-8)

ब- वचन संबंधीः-

हमारे लड़का औषधि वितरण करते फिरते हैं(कौसिल की मैं0-38)

मैं और मेरे गुलाम हमेशा तैयार हैं- - - -(47) ,,- 47)

- -

शेष अरकों तथा उनके संबंधी कक द के साथ जो अन्वय हुआ है वे गत प्रकरण में परसर्ग की अनियमितता के अन्तर्गत किया जा चुका है देखिए— 3-3-ग(2)

यहाँ पर कुछ पुनरावृत्ति वृत्ति करना मात्र पिष्ट पिष्टपेषण होगा।

- -

शब्दों की अन्विति से अधिक वैविध्य सम्पूर्ण वाक्यों की अन्विति में है। इस काल में हो ऐसे प्रयोग प्रारम्भिक कृतियों में अधिक है। कर्ता और क्रिया के अन्वय में पुरुष संबंधी अन्वितियों उद्देश्य और विधेय की अन्विति को देखा जा सकता है यथा- - - -

(5) उद्देश्य आदर सूचक - विधेय मध्यमपुरुष बहुवचनः-

आप ऐसा वचन मत कहो —(रणधीर प्रेम-110)

आप हो मेरे पूज्य हो आप हो मेरे सर्वस्व हो —(रणधीर प्रेम-11)

आप किसी प्रकार का संदेह मत करो - - -(माधवानल का0- 39)

आप हमारा पराक्रम देखना - - - - - -(,,- ,,150)

आप अपने वंश की रक्षा करने के लिए जल्दी उठो- -(रणधीर प्रेम - 108)

क्या आप मुझे पहिचानते हो - - (वेनिस नगर का व्या0- 20)

(6) वाक्य- वाक्य की अन्वितिः-

कहीं कहीं एक ही व्यक्ति के संदर्भ में एक वाक्य आदरसूचक है तथा अन्य वाक्य दूसरे पुरुष और वचन में है :—

~~कहीं कहीं एक ही~~

यह तो बताओ कि कानपुर में जा कर क्या- क्या देख आये, वह मुझे भी तो बतलाइये - - - -(पुनर्जन्म ना0- 102)

आप को नहीं भेजना है तो मत भेजो —(माधोबसन्त० 19)

आप मुझे मनुष्य नहीं ज्ञात होते , देवता हो? या किन्नर हो?
(माधवानल० 143)

आप बात कहते- कहते कभी- कभी नेत्रों में जल भर लाते थे और तुम्हारे
कंठ से गद्-गद् वचन निकलते थे और तुम दीर्घ श्वास भरते थे
(माधवानल काम० 91)

हाय-हाय हे युवा नायक मैं तो तुमको नहीं पहचानता तथापि मैं आप की
प्रार्थना करता हूँ- - - - -(बैनिस न० का कथा -20)

आप अपनी परिचायक पावक बर्षाओं से शान्त रहें और मुझे आप अपना
आशीर्वाद देवें मैं तो लारसेलेट हूँ, जो तुम्हारा पुत्र था(बैनिस न० का कथा० 21)

तुम इस पिटारे को पकड़ो , यह अन्न के योग्य है मैं रात्रि होने के कारण
प्रकट न हूँ कि आप मुझे नहीं देख सकते - -(बैनिस न० का कथा०-30)
यदि तुम उसको जाओगे तो मैं उसी के साथ आप को हूँ(बे०न० का कथा034)
प्रथम तुम मिर्जा में चल कर मुझे कभी बना के शीघ्र अपने मित्र की रक्षा के
लिए चले जाव क्यों कि पोर्शिआ के निकट आप ऐसी व्याकुल दशा में नहीं
रहेंगे - - - - - - - - - - - - - -(बैनिस न० का कथा०- 51)
मेरी प्रार्थना है कि आप इसका प्रयोग भोजन के समय करें क्यों कि
जो कुछ तुम कहो गो उसको औरों के साथ पचा डालूँगा (बे० न० का कथा057)
यदि आप उसको स्वीकार न करें तो तुम्हारा शासन पत्र और पौरजनाधिकार
दूषित होंगे- - - - - - - - - - - - - -(बे० नगर का कथा०-59)
महाराज ऐसी बात न कहो । मैं अपना काम हुए बिना आप को न
जाने दूँगो । मैं दिन रात आप के यहाँ धरना दे दूँगो तब कहाँ से
जाओगे - - - - - - -) (वि०को०- 163)
अच्छा, आप को ऐसी ही इच्छा है तो पधारो परन्तु मुझे वचन दे कर जाओ
शायद तुम न आए तो मैं घर को रहूँ न घाट को - (वि०को०- 163)

6-2-ब शब्दक्रम

द्विवेदी युग के वाक्य-रचना में शब्दों का क्रम प्रायः हिन्दी भाषा के व्याकरणिक नियमों के अनुसार होते हुए भी कहीं ,कहीं विशिष्ट रूप में मिलता है। यद्यपि व्याकरण प्रकरण में शब्दों के नियमानुसार रूप के साथ शब्दों का क्रम स्पष्ट को भी दिखाया गया है । अन्य भी इस प्रकरण में भी रचना की दृष्टि से

पिछले सरल वाक्यों के विवेचन में प्रमुख शब्दों की स्थिति को दिखाया जा चुका है। अतएव यहाँ पर विशेष स्पष्टीकरण हेतु कुछ ही वाक्य प्रस्तुत किए जा रहे हैं :-
: वाक्यों में पदक्रम का सामान्य नियम यह है कि अकर्मक वाक्य में पहले उद्देश्य फिर क्रिया और सकर्मक वाक्यों में पहले कर्ता, फिर कर्म और अन्त में क्रिया का स्थान होता है जैसे:—

6-2-क-1 अकर्मक वाक्य:-

राजा और विदूषक आते हैं (नागानंद- 26)
केदार आया था - - -(भारत रमणी- 9)
अमात्य आता है ——(गौतम बुद्ध -5)
आप आ गईं - - -(चंद्रावती- 62)
जयसेना आती है - -(मालविका-39)

6-2-क-2 सकर्मक वाक्य:-

हमने गाना सीखा है - - - -(मालविका- 54)
तुम क्या समझते हो? - - (कृष्णार्जुन युद्ध-5)
राजा सगर ने यज्ञ रचाया—— (गंगावतरण- 11)
मैं तुम्हें आशीर्वाद देती हूँ - -(दुर्गावती-122)

कर्ता, कर्म के अतिरिक्त अन्य कारक प्रायः अपने संबंधी शब्द के पूर्व आते हैं:

इन सजीव पत्तों पर छुरा फेरते हो(सर01904-119)
हमारी जातीय उन्नति के पथ पर काँटे बो रहे हैं(सर0 1913-448)
रक्त से अपने हाथ रंगने को नाचता दिखाने में नहीं हिचकता था
(जु0 से0-41)
यह काम त्रिपाठी जी को चिकित्सा से ही प्रारम्भ हो जाय।
(1652/14 पद्मसिंह शर्मा)

महानगरी कलकत्ता की भौगोलिक स्थिति उसका प्राचीन तथा अर्वाचीन इतिहास उसकी जनसंख्या इत्यादि के वर्णन करने का न तो हमारे पास अवसर है। (या0 त0 -34)

6-2-क-3 विशेषण विशेष्य का स्थान

संज्ञा विशेषण प्रायः संज्ञा के पूर्व और क्रिया विशेषण प्रायः क्रिया के पूर्व आते हैं इस विधान के अनुसार इस युग के प्रयोग निम्न हैं :-

उसके द्वारा दस हजार रुपये कमाऊँगा (प्रेमयोगिनी-8)
वो परम दयालु ईश्वर ऐसे अभिमानी, अधर्मी और आलसी पुरुषों के पक्ष में हम पर दया ही नहीं करेगा बल्कि हमारी तरफ से आप लड़ेगा।
(रणधीर प्रेम मो0-105)

अच्छे कपड़े पहन कर मैं निहाल सिंह का बाट जोहने लगा(या०ता०75)

मेरा जीवन व्यर्थ हो जा रहा है ---(टा०का०कु०- 264)

निदान सोचते- सोचते अकस्मात् द्वार के आँगन में आ पहुँचा।

(छोटी बहू-20)

मैं अपने निश्चय को कभी नहीं बदल सकता (रायबहादुर- 89)

आप सदा मेरे पास रहा कीजिए --(सूर्यग्रहण- 73)

6-4-5-4 अन्य विभिन्न अव्ययों का स्थानः-

'न' ,'नहीं' और मत' निषेध के अर्थ में क्रिया के पूर्व अथवा अन्त में, अथवा संयुक्त क्रिया या संयुक्त काल होने पर ये अव्यय मुख्य क्रिया और सहायक क्रिया के बीच में आते हैं :—

मेरे उत्तर का आसरा न देख कर स्वयं आगे बढ़े(या०त०-60)

तुम्हारा दिल दुःख की माला फेरते न बैठेगा (आशीर्वाद- ना०)

बाल ब्रह्मचारी भीष्म पर ऐसा बोहतान लगाना अच्छा नहीं(भीष्म प्र०-69)

इसी से श्रीमति नवदुर्गादेवी फूली नहीं समाती थीं(उषा -61)

बाबू जी क्या जाने कि घर भर के दिमाग ही नहीं मिलते(गृहपञ्चदश-115)

मित्र ऐसा मत कहो ---------(नागानंद- 7)

प्यारे घबराओ मत----------(राजकुमारी- 123)

अच्छा तो मत सुनो-------(प्रतापसिंह- 111)

समुच्चयबोधक के रूप में निषेध के अर्थ में वाक्य अथवा वाक्यांश के पूर्व ही 'न' का प्रयोग हुआ है :—

जब आँखें खोल कर देखा तो न वह वन है न गुफा है, न अभिन्न हृदय मित्र हैं और न रजनी है ------(मणिसंज्ञा देवी-32)

न रहेगा बाँस, न बजेगी बाँसुरी(कु०ब०ब०- 74)

जिससे न साँप मरे और न लाठी टूटे(सु०सि०ब०- 74)

न नौ मन तेल होगा, न राधारानी नाचेगी(आ०सि०- 19)

अवधारण के अर्थ में 'न' वाक्य के अन्त में ही आता है :—

वह मुगल तो भाग गया न ?(बाँ बीबी- 72)

यह भी तो सम्मुख की ही बात है न ? (प्रतापसिंह'-43)

इस ब्याह के लिए वह राजी तो नहीं है न? (भारत रमणी- 43)

देखिए, बड़ी बात हुई न? --------(दुर्गावती- 50)

'ही', 'भी', 'भर', आदि अव्यय अपने संबंधी शब्द के बाद आ कर अवधारण का बोध कराते हैं:—

चतुरा का बोझ मोल कर देने ही से तो ऐसा हुआ है (वनवीर ना०-105)
बीज ही उत्पत्ति का कारण है----(भारत र०णी- 13)
मैं यहाँ एक क्षण भी नहीं रह सकती --(भीष्म प्रतिज्ञा- 34)
तप और व्रत भी महाविकट है----(गौतम बुद्ध-85)
घंटे भर दिन चढ़ा ---(वि०सी०- 36)
मुंह भर हिल कर रह गया--(अ०बु०- 149)
(शेष अव्यय के लिए देखिए अव्यय प्रकरण- 3,5,1,2)

उपर्युक्त शब्दों का स्थानान्तरण प्रायः अर्थ में परिवर्तन लाता है परन्तु 'ही', 'भी' का कुछ शब्दों में प्रकृति और प्रत्यय के बीच में आना बोल-चाल की भाषा में भी सामान्य है किन्तु शिष्ट भाषा में इनका यह रूप प्रयुक्त नहीं होता। द्विवेदी युग की भी कृतियों में कहीं 2 कृतियों में ऐसा प्रयोग मिल जाता है यथा—

तू अपनी स्त्री को सब बातों में हाँ, हाँ की तान और बात- बात में कुर्बान होवे होगी और नहीं में सही देवे ही गी। (प्रेमयोगिनी-55)

: प्रश्न वाचक अव्यय क्रिया विशेषण और सर्वनाम के अवधारण के लिए मुख्य क्रिया और सहायक क्रिया के बीच में भी आया है। इसी तरह प्रश्नवाचक अव्यय 'क्या' भी बहुधा वाक्य के आदि, बीच, और अन्त में आ कर अर्थ में विभिन्न प्रकार के परिवर्तन लाता है उदाहरणार्थ :—

तू कौन है मुझको रोकने वाला?--(भीष्म प्रतिज्ञा- 41)
यहाँ के लोग जाने ही क्यों देंगे (भारतरमणी- 100)
समय पर अपना काम ऐसा निकालते हैं—कि कोई लख नहीं सकता है कि निष्कर्ष भी मैंने किया क्या।---(संयोगिताहरण- 64)
आप कहते क्या हैं महाशय -(भारत रमणी- 12)
होगी क्यों नहीं? (राणाप्रताप सिंह-44)
क्या उसको तुम दोनों मार-मार कर घर से तो नहीं निकाल दिया?
(अजय कुमार-47)

पलट दिया क्या ? ---(भारतरमणी- 114)

संबंध वाचक और उसके अनुसंबंधी सर्वनाम के कर्माधिकारक बहुधा वाक्य के आदि में आते हैं इसी विधान के अनुसार द्विवेदी युगीन प्रयोग निम्नलिखित हैं:-

देखो यह प्रस्रवण नाम पहाड़ जनस्थान के बीच में है जिसका नीला रंग बार-बार पानी के बरसने से मैला सा हो गया है और जिसको घने हरे पेड़ों के ऊंचे वनों के किनारे नदी गोदावरी के हलोरों ~~के ऊंचे वे~~ से गूंज रही है ----------- (महावीर चरित -64)

उसकी माता का क्रोध भी तब तक नहीं उतरा था(छोटी बहू-5)

इसका पुरस्कार उसको क्या मिलेगा- - -(भारत दर्पण- 59)

6-3-ग स्थानान्तरण:-

अवधारण के लिए उपर्युक्त शब्द क्रम में बहुत-कुछ अन्तर भी पड़ गया है। यह स्थानान्तरण बहुधा अर्थ पर बल देने के लिए अथवा अर्थ में विभिन्न प्रकार के परिवर्तन लाने के लिए किया गया है जैसे—

6-2ग-1 कर्ता तथा कर्म का स्थानान्तरण:-

अब जो जी आप लोग चाहे सोई-सोई करें - -(द्रौपदी चीर-16)

मेरे वीर सरदारों, तुम्हें परमात्मा ~~...~~ वैसा उत्साह दो, शूरवीर, वे तेजस्वी बनावें ।-------------(रणबांकुरा-42)

सभी गोल तो मैंने बना लिया —(शकुन्तला ना0- 59)

कुछ इब्राहिम शाह की पहरेदारों ने उनके महल में घुसने नहीं दिया

(चांदबीबी- 108)

6-2-ग-2 क्रिया का स्थानान्तरण:-

आधुनिक खड़ी बोली के समान द्विवेदी युग में क्रिया के स्थानान्तरण का प्रयोग बहुत अधिक मात्रा में मिलता है :—

कहिए अपना हाल, - - - -(भाग्य प्रति0- 24)
रोक लो अपना क्रन्दन - -(,,- 41)

सोचती क्या हो? - - - -(भारत रमणी- 80)

आया तेरा बाप- - - - -(भीष्म प्रतिज्ञा- 25)

यहाँ तो कुछ दीखता है दाल में काला- - -(तुलसीदास-45)

मैं आया था ब्रजेश्वर बाबू की तलाश में (भारतरमणी- 17)
लो यह घड़ा , तुम भरो पानी ।- - -(कृष्णार्जुन युद्ध- 7)

तुम संयत करो अपने मन को प्रिय ।—(राठौड़ वीर-25)

अरे कर न तब, नहीं तो मैं करता हूँ। दुर्गावती-80)

आए थे आनन्द उठाने , हो यह गया (भिखारिणी- 141)

6-2-ग-3 क्रिया विशेषण का स्थानान्तरण :-

महाराज आज किधर है ध्यान? (श्री गंगावतरण- 45)

हम इसका जरूर बदला लेंगे, इसीलिए हम मेम्बर होंगे जरूर करके
(बुधवार आदि- 78)

उसने दमयन्ती से यह वचन तक ले लिया कि मर जाऊँ पर नल को छोड़ कर और किसी से विवाह न करूंगी--(रसरंजन-86)

बावजूद मेरे सैकड़ों बार मना करने के तुमने फिर से कहानियों का लिखना अब तक नहीं छोड़ा?- -(मरदानी औरत- 46)

अब यह तो आपकी आज्ञा पर निर्भर है, पर आऊँगा अवश्य (निर्झरिणी-112)

6-2-ग-4- अन्वय:-

किसी शब्द विशेष पर या कथन विशेष पर बल या जोर देने के लिए सम्पूर्ण वाक्य के शब्दों के क्रम में परिवर्तन या स्थानान्तरण किया गया है जैसे—

खाने को अवश्य रख देना, नहीं मारे भूखों के मर जायेंगे। (निर्झरिणी-125)

क्यों साहित्य की उन्नति क्यों अपनी सेवा-टेवी में भी इस काल कुछ खाने को खिलवाते हैं आप? —(मरदानी औरत-29)

दोहाई । दोहाई । दोहाई । सम्पादक जी, पुकार पर करो अब क मेरे दया- - - - - - - - - - - - -(मरदानी औरत-81)

परन्तु भगवान । ऐसी दशा में किस प्रकार होगा भारत का कल्याण?
(कर्मवीर-2)

6-2-ग-5 शब्दक्रम संबंधी विशिष्टताएँ:-

द्विवेदी युग के वाक्य-रचना में कहीं-कहीं पर शब्दों अथवा पदों में क्रमबद्धता का भी अभाव खटकता है। अवधारण के लिए अथवा अपवादस्वरूप शब्दों के जो स्थानान्तरण सामान्य रूप से हिन्दी में होते हैं उनका विवेचन तो सामान्य शब्दक्रम में किया गया है किन्तु जहाँ कहीं अनुवादों के प्रभाव स्वरूप अथवा लेखकों की असावधानीवश आकस्मिक रूप से शब्दों के क्रम में स्थानान्तरण हुआ है उनको यहाँ दिखाने का प्रयत्न किया गया है। अन्वय संबंधी विशिष्टता की अपेक्षा इनकी संख्या अपेक्षाकृत कम ही है यथा:—

क- संज्ञा के कारकों का स्थानान्तरण -

क- संज्ञा के कारकों का स्थानान्तरण:-

कारकों के स्थान परिवर्तन से कई वाक्य अव्यवस्थित हो गए हैं, क्योंकि वाक्य में एक शब्द के स्थानान्तरित हो जाने से परस्पर कई शब्दों का स्थानान्तरण हो जाता है यथा:—

इसको तो वियोग का रोग हमारी समझ में आता है (माधवानल का0 135)

संशो0,:- हमारी समझ में इसको वियोग का रोग आता है - - - -(

मेरी विवेक शक्ति ने मेरे हृदय को प्रश्न कर मुझे दृढ़ता से यह उपदेश देती है (वेनिस नगर का0 व्या0- 19)

संशो0:— मेरी विवेक शक्ति मेरे हृदय को दृढ़ता से प्रश्न कर मुझे यह उपदेश देती है ।

और अधिक आप का सर्वदा ऋणी हूँ प्रेम और जो आपकहें उसे करने को - - - - - - - - - (वेनिस नगर का व्या0- 70)

संशो0- प्रेम और आप जो कहें उसे करने को मैं सर्वदा आप का और अधिक ऋणी हूँ

: इस पिटारी को पकड़ो, यह श्रम के योग्य है मैं रात्रि होने के कारण प्रसन्न हूँ कि आप मुझे नहीं देख सकते इस वेश में छिपाने में लज्जित हूँ (वेनिस न0का0व्या030)

संशो:-
—— मैं रात्रि होने के कारण प्रसन्न हूँ कि आप मुझे इस वेश में छिपाने में लज्जित हूँ न नहीं देख सकते ।

: मैं आप पर विदित नहीं करूँगी जिस देवगति से यह पत्र आया (वे0 न0 का व्या0- 80)

संशो0:-
—— जिस देवगति से यह पत्र आया उसे मैं आप पर विदित नहीं करूँगी

: उनका मकान ~~अर्थ-अर्थात~~ प्रयाग से दो तीन घंटे की राह है (मर्यादा- 1911- 240)

संशो0- प्रयाग से उनके मकान ~~का~~ राह दो-तीन घंटे का है ।

: यह सब संदेशा पृथ्वीराज का शहबुद्दीन गोरी बराबर रखता था (जीहरानी तलवार-89)

संशो0:- ~~न~~ पृथ्वीराज का यह सब संदेशा शहाबुद्दीन गोरी बराबर रखता था।

: नहीं तो आजकल मियाँ बीबी गले में हाथ डाले चले हैं बाजार से((मुनादफ़न्स- 19)

संशो0:- नहीं तो आज कल मियाँ बीबी बाजार से गले में हाथ डाले चले हैं।

: ऐसा तो सिद्ध हो नहीं सकते आप की अवस्था में कि बसन्त आ गया है इसलिए शारदा को मौज दो- - (मानोवसन्त-48)

संशोधित:- आज की अवस्था में ऐसा तो लिख हो नहीं सकते कि बसन्त आ गया है इसलिए शारदा को भेज दो।

घ) विशेषण विशेष्य का स्थानान्तरण :-

: तेरे दुष्ट स्वभाव के समान कौड़िया का था जो जीव हत्या के कारण सूली पर टाँगा गया ------(वेनिस न0 का0 कथा0- 62)

संशो0:- कौड़िया के समान तेरा दुष्ट स्वभाव था जो जीव हत्या के कारण सूली पर टाँगा गया ।

: सर्वदा उसकी यह रीति है कि वह निर्भय हो कर मनुष्य को जोने देता है टेढ़ी आँखें और सिकुड़न पड़े हुए ललाट देखने को (वे0 न0 का कथा066)

संशो0:- सर्वदा उसकी यह रीति है कि वह मनुष्य को निर्भय हो कर टेढ़ी आँखें और सिकुड़न पड़े हुए ललाट देखने को जोने देता है ।

: दिन आठ था दस हुए एक अद्भुत चरित हुआ(माधवानलकाम0-137)

: किन्तु मेरी समझ में उन लोगों को उत्साहित करने का सब से अच्छा मार्ग यह होगा कि उनके लड़के जो हैं वे आवश्यकताओं की पूर्ति के न होने के कारण से मरने न पावें

(वैवाहिक अत्या0- 53)

संशो0:- उनके जो लड़के हैं वे -----

: एक उनमें से प्रसिद्ध डाक्टर है (वैवाहिक अ0- 106)

संशो0:- उनमें से एक प्रसिद्ध डाक्टर है ।

पुलिस में रिपोर्ट कर दो नोटिस छपवा दो और उसके मित्रों को मैं खास लिख देता हूँ (मानोजरूपन- 121)

संशो0:- उसके खास मित्रों को मैं लिख देता हूँ ।

: इस तरह साहब ने जुनोर को कैसे सिंह को डरा कर एक ऐसे पिंजड़े में बंद कर दिया -----(चि0प्रबो0-142)

संशो0:- इस तरह साहब ने सिंह जैसे जुनोर को डरा कर ऐसे पिंजड़े में बंद कर दिया ।

: फिर अवसर बिना सेना पाकर जाले था इलों ने तारागंज पर अपना राज्य जमा लिया था---(चि0प्रबो0-337)

संशो0:- फिर बिना अवसर को सेना पा कर ---

: हमारी हरदेवी तो ठीक जैसे गंगाजल पवित्र होता है टटका जैसा अनसूँघा फूल जो महादेव जी की पिंडी पर चढ़ता है(ठा0ठ0बो0-30)

संशो:- हमारी हरदेवी तो ठीक गंगाजल जैसी पवित्र और अनसूँघा फूल जैसी टटका है जो महादेव जी की पिंडी पर चढ़ता है ।

: उसका बनाया हुआ एक ग्रंथ प्रबंध कोश नामक है (नैषध च0 030)

संशो0- उनका बनाया हुआ प्रबंध कोश नामक ग्रंथ है ।

: क्यों कि नाहर दुष्ट रात में आ कर हम लोगों को वार्तालाप करते हुए सुन करता है (चौहानी तलवार- 46)

संशो0:- क्यों कि दुष्ट नाहर रात को - - - -

: बिचारा दो टुकड़ों में वह परास्तायो हुआ(चौहानी तलवार-88)

संशो:- वह बिचारा दो टुकड़ों में परास्तायो हुआ ।

ग- विशेषण - विशेषण का स्थानान्तरण:-

: ये कोई किरानी होंगे जो सरकारी किसी दफ्तर में काम करते हैं(सर01903-81)

संशो0:- ये कोई किरानी होंगे जो किसी सरकारी दफ्तर में काम करते हैं।

: मुझे सब तेरी बातें मालूम हैं (मानोवसन्त- 54)

संशो0:- मुझे तेरी सब बातें मालूम हैं ।

तब तेरी यह लोगों की बातें कहाँ गई थीं(मानोवसन्त- 55)

संशो0- तब तुम लोगों की यह बातें कहाँ गई थीं ।

: सेनापति तथा अन्य कुछ सामन्तों की राय से मकवाना नामो एक चतुर सभासद इस कार्य के लिए चुना गया - - (चौहानी तलवार-86)

संशो0:- सेनापति तथा कुछ अन्य सामन्तों की राय से मकवाना नामो एक- - - -

:- उसने अपने मन में पक्का यह विचार कर लिया था कि किसी न किसी प्रकार दोनों से बदला लेना है - - - (चौहानी तलवार- 91)

संशो0:- उसने अपने मन में यह पक्का विचार कर लिया था- - -

घ- अव्ययों का स्थानान्तरण:-

अर्थ आदि पर बल देने के लिए अव्ययों के जो स्थानान्तरण हुए हैं उनका उल्लेख अव्ययों के सामान्य स्थान परिवर्तन में दिखाया गया है, किन्तु कुछ कृतियों में 'भी' और 'ही' अव्ययों का स्थानान्तरण सामान्य रूप से नहीं हुआ है । कहीं कहीं तो 'भी' का यह स्थानान्तरण अटकने लगता है यथा,—

'भी' 'भी' का यह अनुचित प्रयोग एक ही पुस्तक में मिला है । हो सकता है यह अनुवाद के प्रभाव स्वरूप हुआ हो :—

परन्तु प्रेम तो भी कोश से प्यारा है (मानोवसन्त- 25)

मेरा भाग्य कि उनका तो भी मुझ पर अटल प्रेम है (मानोवसन्त-26)

निदान , मेरी आयुष्य मर्यादा तो भी इतनी कम नहीं होती(,,-31)

और कमाई भी साथ में लेते आया हूँ(मनोवसन्त भा0- 48)

कैसे तो भी पचीस पचास मिला ही लेते हैं (,,- 49)

कर्ज तो भी कितना करें मैं --------(,,- 50)

ऐसो दशा में जाता तो भी कहाँ ----(,,- 50)

: कोई बोलने चालने को भी नहीं तो भला काल तो भी कैसा कटे (मानो वसन्त- 47)

संशो0:- कोई बोलने चालने को भी नहीं तो भला काल कटे तो भी कैसे?

ही :- इस युग की कृतियों में निश्चय सूचक 'ही' का प्रयोग बहुत ही रोचक है—

नियमानुसार इसका योग(मूल अथवा प्रकृति प्रत्यय से बने शब्द के पश्चात् होना चाहिए परन्तु इस युग में कई लेखकों ने व्युत्पन्न शब्दों में प्रकृति तथा प्रत्यय के बीच में ही इसका प्रयोग किया है यथा:—

संज्ञा शब्द में :-

अमुक अमुक का जमात अपनी पत्नी बेटे ही पन से साथ ले आया (मानोवसन्त- 11)

बालक ही पन से हमारा आचरण और विचार पवित्र नहीं रखे जाते हैं ------------(तरलतरंग- 59)

क्रिया रूपों में :-

'ही' का यह योग क्रिया के भविष्यतकालिक रूप के साथ अधिक हुआ है यथा:-

इतने मिले ही गे कहाँ? बचे ही गा कौन? लावे ही गा कौन? (आनंद म0- 38)

सो तो हो ही गा ------(अस्तित्व- 65)

कभी न कभी तो जीते ही गे (महाभारत भा0- 84)

मैं सुनू ही गा* नहीं ------(सु0 वि0-18)

कम से कम वहाँ भोजन और रहने का स्थान तो मिले ही गा (वैवाहिक अत्याचार-95)

('ही' युक्त ऐसे प्रयोग पुरानी हिन्दी में कहीं- कहीं मिलते हैं परन्तु अब इनका प्रचलन शिष्ट भाषा में नहीं होता है)

---

* यहाँ बहुवचन अनुस्वार भी 'ही' पर ही लगाया गया है ।

6-2- च अध्याहार (वाक्य संक्षेपीकरण)

भाषा में अध्याहार या वाक्य संक्षेपीकरण की प्रवृत्ति भी वाक्य रचना के विश्लेषणात्मक अध्ययन पद्धति का विषय है जो स्पष्ट करती है कि व्याकरणिक व्यवस्था की अपेक्षा भाषा सामाजिक बोधगम्यता पर अधिक निर्भर रहती है । अर्थात् वाक्यों के अध्याहृत हो जाने पर भी उनके अर्थ में कोई अन्तर नहीं आता, क्यों कि अध्याहार हो जाने के बावजूद भी वाक्य के अनिवार्य तत्व इनमें अदृश्य रूप से विद्यमान रहते हैं । नाटकों , उपन्यासों , कहानियों के संवादों में और व्यंग्यपूर्ण तथा वर्णनात्मक निबंधों में भी इसी शैली का अधिक प्रयोग हुआ है ।

साहित्यिक विधाओं के विकास की दृष्टि से द्विवेदी युग स्वर्ण -युग ही कहा जा सकता है अतः अध्याहृत वाक्य प्रयोग इस युग की अपनी विशेषता है, व्याकरणिक दृष्टि से अध्याहृत वाक्यों के अध्याहार को स्वतः अनुमित और प्रसंगानुमित दो प्रकृतियों में विभक्त किया जा सकता है । चूंकि इस शैली के प्रयोग आधुनिक खड़ी बोली में सामान्य रूप से पाए जाते हैं अतः स्पष्टीकरण के लिए कुछ ही उदाहरण यहाँ पर दिये जा रहे हैं :—

6-2-च-1 स्वतः अनुमित :—

6-2-च- 1-क पद लोप :-

मैं तो पहले ही से(*) जान गई थी, कुछ झूठे थोड़े ही थी

( ) कहती है कि महारानी ने कहा है , कोई बात नहीं (मालती बकुल- 31)

(मालविकाग्निमित्र- 30)

अब जब तक स्वामी जी मेरी जान की जान का ठीक नहीं कर देंगे तब तक ( ) कैसे अपने जी से कोई बात कहूं । - -(नवाबनंदिनी-29)

( )कहाँ रहें कुछ दे रहें ।- - - - - -(छोटी बहू - 136)

तो आज अटपट देखा कर के ( ) यहाँ क्यों भाग आए हो ?

(मा मा नंद- 27)

() इतना न घबराइए ---(भीष्म प्रतिज्ञा- 95)

मैंने माथा रूमाल से पोंछा और () उसका मुँह देखा-(सुखमय जी 0-13)

- -

* कोष्ठक लुप्त शब्द के स्थान संकेत के लिए हैं ।

अब यदि आप की आज्ञा हो तो कुमारियाँ अपनी अपनी भेंट लेने के लिए
आप के चरणों के पास आवें? (आनन्द पूर्वक(——)(शीलमबुध-11)

तो क्या मुझे बैठक करना हो पड़ेगा? अवश्य(- - -) (गंगावतरण-13)
सखी! क्या समाचार लाई? शुभ (- - - -) (गंगावतरण- 42)
मैं आप से पूछता हूँ कि क्या वह चिट्ठी इतनी भारी थी कि उस आदमी
से उठ नहीं सकती थी? शायद(- - - -) (दुर्गावती- 44)
जिसके भय से आज सारा बंगाल थर थर काँपता है, क्या सचमुच वे भी
मेरा सम्मान करते हैं? जी हाँ महाराज। (- - - - -) (स्वामिभक्ति- 49)
मुझे आप का प्रस्ताव स्वीकार है, आप की पत्नी बनने को यह दासी
तैयार है किन्तु - - -(भीष्म प्रतिज्ञा- 23)
हानि तो नहीं किन्तु - - - - - - - (भीष्म प्रतिज्ञा- 52)
ज्ञात होता है कि दुःख ने तुमको बहुत दीन कर दिया है, और- —
(दुर्गावती-60)
ना, मैं नहीं पहनता, चार दिन से तुम मेरे लिए (उसने कहा था-53)
हुकुम तो यह है कि यहीं - - - - -(उसने कहा था - 55)
जो आत्मा चैतन्य है परन्तु मन - - - -(कर्मवीर- 64)
जिस प्रकार मन की दशा बिगड़ जाने पर संगीत की मधुर आलाप कोमल
स्वर की प्रेम भरी झंकार से मिल कर भी उसे शान्ति नहीं पहुँचा सकती,
उसी प्रकार- - - - -(कर्मवीर- 71)
हृदय काँप उठा, छाती दहल गई जब मैंने - - - -(कर्मवीर- 123)

6-2-क-3 अवशिष्ट पदः-

प्रश्नोत्तर या संवाद काल में स्वतः अनुमित और प्रसंगानुमित अध्याहार से इतर एक दूसरे प्रकार का अध्याहार विधान भी बहुधा बोली में पाया जाता है। अर्थात् प्रश्न का उत्तर देते हुए वाक्य का सब से महत्वपूर्ण पद ही अवशिष्ट रह जाता है। युग विशेष में उपलब्ध अवशिष्टपद वाले वाक्य निम्न लिखित हैं :—

तुम्हारा नाम क्या है?
भागवन्ती।
रहती कहाँ हो?
मामी के पास- - -(बुद्धू का काँटा-39)
तेरे घर कहाँ हैं?
आगरे में, और तेरे?

थाने में,--- यहाँ कहाँ रहता है ?

अमर सिंह की बैठक में,---(उसने कहा था-49)

मैंने तो सुना था कि तुम सब लोग शहीद हो गये हो ?

कहाँ?
आगरे ।
आगरे?
हाँ ।
क्यों ?
यह न पूछो ---
क्या यह सच है ?

बिल्कुल ।
क्या मैं सपना तो नहीं देख रहा हूँ?

नहीं --------(दुर्गावती- 61)

ए गुजरी। तुम्हारे पास क्या है ?
दही ।
कहाँ ले जाती हो?
राजा साहब के लिए ।
एक मटकी का क्या मिलता है ?
एक अशरफी ।------(रणबाँकुरा - 24)

6-2-क-4 अध्याहार संबंधी विशिष्टताएँ:-

भाषा में अध्याहार या वाक्य संक्षेपीकरण की प्रवृत्ति जहाँ सामाजिक बोधगम्यता का गुण मानी गई है वहाँ इस युग के लेखकों द्वारा बहुत से वाक्यों में शब्दों अथवा पदों के अध्याहार से अनन्वितता भी आ गई है। बिना आवश्यकता के अथवा बिना किसी नियम के शब्दों को अध्याहृत कर देना वाक्य रचना का दोष ही माना जायेगा। संक्षेपीकरण की यह प्रवृत्ति विशेष रूप से अनुवादित कृतियों में ही मिली है। इसके अन्तर्गत केवल स्वतः अनुमित प्रवृत्ति वाले अध्याहृत वाक्य ही मिले हैं यथा:---

6-2-क-4-क पदलोप -- कर्ता का लोप:-

( ) मुझे तो इस विरञ्चयायी दुःख से हटा देती है (बै० न० कथा 066

यदि कोई यहाँ नहीं आता तो ( ) ऐसी अप्सराओं से अधिक रागिनी गाती ---------------(बै० न० कथा-73)

कैसी सुन्दरता है ये चन्द्रमा की किरणें इस ऊँची भूमि पर पड़ रही हैं। यहाँ बैठ कर ( ) बाजे का मधुर शब्द सुने ।(बै० न० कथा 74)

"विराम चिन्ह"

शब्दों और वाक्यों का परस्पर संबंध बताने तथा किसी विषय को भिन्न भिन्न अंशों में बाँटने और पढ़ने में ठहरने के लिए रचना में जिन चिन्हों का उपयोग होता है वे विराम चिन्ह से अभिहित किए गए हैं, ये विरामचिन्ह अवधि-सापेक्ष होते हैं ।

हिन्दी में विरामचिन्हों का आगमन अंग्रेजी भाषा के सम्पर्क के कारण आ तो गया था किन्तु अभी तक उसमें सुव्यवस्थितता और व्यापकता का प्रायः अभाव हो था । यद्यपि भारतेन्दु काल में इसके प्रयोग में थोड़ी वृद्धि अवश्य हो गई थी किन्तु सुव्यवस्थितता अपेक्षाकृत कम ही थी । फिर भी विरामचिन्ह के प्रयोग की दृष्टि से द्विवेदी युग भारतेन्दु युग का ऋणी ही कहा जायेगा क्योंकि भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र ने इसके प्रयोग में जो सतर्कता दिखाई उसी का उत्तरोत्तर विकास होता गया और द्विवेदी युग तक आते आते अपनी पूर्णता को पहुँच गया ।

भाषा का स्वर्ण-युग होने के कारण इस युग के पूर्वार्ध में यद्यपि अपेक्षाकृत कुछ विरामचिन्ह संबंधी त्रुटियाँ मिल जाती हैं किन्तु अधिकांशतः उनके प्रयोग में सामान्यता ही है । फिर भी प्रयोग की विशेषता और वाक्य गठन पर प्रभाव आदि की दृष्टि से द्विवेदी युग में प्रयुक्त विराम चिन्हों का अध्ययन निम्नलिखित वर्गों में किया जा सकता है ——

(1) सामान्य प्रयोग
(2) दोषपूर्ण प्रयोग
(3) विरामचिन्हों की अनियमितता के कारण वाक्य वैचित्र्य ।

सामान्य प्रयोगः-

सामान्यतः हिन्दी में आठ प्रकार के विराम चिन्ह प्रयुक्त होते हैं, अब उनके क्रमशः सामान्य प्रयोग का विवेचन किया जा रहा है ।

अल्प विराम —(,)

आवश्यकतानुसार शब्दों, वाक्यांशों आदि के पश्चात् किंचित यति देने के लिए इस चिन्ह का प्रयोग किया गया है —

> अच्छा आप की बात मानता हूँ, वैसा ही करूँगा, पर आप के समय का भी तो मूल्य है, रुपये की जरूरत भी है, बिना फीस के रोगियों को देखने से आप का रोजगार किस तरह चलेगा ?- -(संसार- 111)

सुन्दर नील आकाश में चाँद और तारे भी उसी तरह हँसते, खेलते, नाचते,
थिरकते हुए बादलों के बीच छिप-छिप कर आँख-मिचौनी कर रहे हैं ।—

(नवाबनंदिनी- 1)

उसके सुभाव की लायकी और चतुराई तो अलग रही, उसके मुख की ज्योति
पल पल में, चन्द्रकला सी बढ़ती है । उसके शरीर के लावण्य से एक एक
गहने के, तीन तीन, चार चार रूप दिखाई देते हैं (रणधीर प्रेम० 2)

आने पर, यदि उनकी इच्छा न भी होगी तो वे अवश्य ही खेल खेलेंगे ,
तब हम छल कर उनका सारा राज पाट तुम्हारे लिये जीत लेंगे, पर
कठिनता यह है कि इस विषय में पहले तुम्हें अपने पिताजी को राजी करना
होगा, जो एक असम्भव सी बात है , वे इस प्रस्ताव को कभी न मानेंगे

(महाभारत ना०- 68)

अस्तु, जो कुछ हो, कल की बात कल गई - -(सावित्री- 3)

सुन्दर नासिका के ऊपर दो बड़ी बड़ी आँखें जब खुल पड़ती है, तो खंजन की
चंचलता, हरिण की मधुरिमा और यामिनी की चमक को भी मोल लेती है

(उमा- 3)

अतएव इस पर कृपा रखिओ, इसकी शादी किसी योग्य पात्र से कराओ,
क्योंकि इसकी भलाई से हमारी भी भलाई है ।—(प्रेमयोगिनी- 4)

भागो भैया, गौरागिरि, यहाँ हम तुम दो ही हैं, उधर से चार आदमी
आ रहे हैं ---------(ऊषा अनिरुद्ध-61)

कौन ऐसा उत्पन्न न हुआ कि इस छोटे से हृदय में हर घड़ी , हर के शब्द
पर, हरेक अक्षर पर, सुख दुख की जो लहरें उठ रही है, उसे समझ सके?

(रजनी- 33)

अर्द्धविराम— (;)

अर्द्ध विराम का प्रयोग अपेक्षाकृत बहुत ही कम हुआ है। पूर्व की
कृतियों में तो इसका नहीं के बराबर प्रयोग हुआ है किन्तु उत्तरोत्तर प्रयोग बढ़ता
ही गया है , यहाँ पर कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं :—

उसे देख कर पहले तो बहुत बिगड़ा, पर जब जमना ने उसे इस बात
का विश्वास दिला दिया कि , " मुझसे तुम्हारी बुराई कभी न होगी; "
तब वह चुप हुआ; पर तिस पर भी उसने उन कागजों के बंडल या पुजारी
का भेद जमना को नहीं बतलाया था, और न कभी अपने पापकर्म का हाल
उससे कहा था; जमना भी दीवान के स्वभाव और पाप कर्म का बहुत

बहुत कुछ हाल जानती व समझती थी, पर बेचारी लाचार थी; क्योंकि उसका कोई चारा नहीं चलता था। --------(राजकुमारी- 76)

एक आता, तो दूसरा आ जाता; दूसरा आता तो तीसरा आ जाता और इस तरह यह सिलसिला इस तरह चलता रहता, कि वह खड़ी-खड़ी बस देखा ही करती।------(शैले- 182)

विनोद तो केवल यही जानती है कि '' मैं विधवा हूं; मुझे मांस, मछली नहीं खाना चाहिए; मांग में सिन्दूर नहीं लगाना चाहिए; धारीदार रंगीन कपड़े और बेशकीमती वर्जित पहने भी नहीं पहनने चाहिये(कथा-18)

उनके बारे में मौसी — जाने क्या- क्या बकती रहती है; पर वह अभी तक यह नहीं जानता कि उनके झगड़ने के क्या-क्या कारण हैं।

(रायबहादुर- 57)

मैं उसी की खोज में निकला और इस दुर्दशा को प्राप्त हुआ; परन्तु आपने मुझ पर बड़ा ही उपकार किया है जो अपना अमूल्य रत्न दान किया है, आप धन्य हैं(सतीचिन्ता- 134)

वे शिक्षित नहीं, केवल स्कूल- कालेज से परीक्षोत्तीर्ण हैं, वे धार्मिक नहीं कुतार्किक हैं; वे सदाचारी नहीं, सदाचार की ओट में दुराचार करने वाले हैं। ------------(भारती- 302)

अब रही यह बात कि इस संगठन से परस्पर में द्वेष बढ़ता है; सो यह बात भी नहीं है---(ऊषा अनिरुद्ध- 18)

पूर्ण विराम:- (., 0, ।, ।।, —,)

वाक्य के अन्त में निश्चित ठहराव के लिए युग की भाषा में कई प्रकार के पूर्ण- विराम - संकेत प्रयुक्त हैं। सामान्यतः एक या दो खड़ी पाई (।, ।।) का प्रयोग ही हुआ है इनमें से दो खड़ी पाई का प्रयोग कतिपय लेखकों ने ही किया है। जहाँ तक बिन्दु(.) रूप का प्रश्न है इसका रूप मुद्रित रचनाओं में तो कहीं भी नहीं मिला है किन्तु हरिहर प्रसाद मिश्र के एक हस्तलिखित पत्र साहित्य में इस विराम संकेत का भी प्रयोग मिलता है। इससे पता चलता है कि इस काल में भी अभी इसका प्रयोग था किन्तु मुद्रण के प्रचारवश खड़ी पाई का ही प्रयोग हुआ है, अब यहाँ पर इस प्रकार के कुछ विरामसंकेतों को दिया जा रहा है:—

(2) हे महात्माओं ! तुम्हारे पुत्र का आज्ञाकारी दुष्यन्त प्रणाम करता है।।

(शकुन्तला नाटक- 168)

प्रजा पतियों की कृपा का यही प्रभाव है ।। (शकुन्तला ना0-170)

यदि पाण्डुओं को राज्य सिंहासन मिल जायगा तो सदा उन्हीं के वंश वाले राजा होते रहेंगे और आप के पुत्र पौत्र दीन हीन तुच्छ हो कर द्वार द्वार टुकड़े मांगते फिरेंगे ।। —(महाभारत ना0- 19)

यद्यपि अवस्था में मैं बड़ा हूं किन्तु बुद्धि में आपसा इस संसार में कोई नहीं है, सो जैसी आप अनुमति दें वही किया जाय।।- महा0 ना042)

हम लोग श्रीमान् की सविनय जुहार करते हैं ।।—(द्रौपदीचीरहरण-26)

और हम भी आप का स्वागत करते हैं ।। - - - - (,,- 26)

(.) —

—— कई प्राचीन मथुर चौबों की कविता, वृतान्त, प्रणालियाँ, रीतिभाँति इत्यादिक मेरे पास लिखीरखी हैं. लेख चतुर्वेदी पत्रिकायें मैंने 6 भेजे 4 छपे हैं 2 अभी वहीं के कई महीनों से पड़े हैं कभी छपते हैं कभी नहीं. एक एक भी छपे तो छप सकते हैं. वहीं लेख पड़े रहने के कारण और लेख भेजना रोकना पड़े हैं जल्दी 2 छपें तो जल्दी 2 भेजे जाय. जाति के उपयोगी हैं.*,*

(1949-27-12-18 चतुर्वेदी पंडित हरिहर प्रसाद मिश्र डि0सा0स0)

(1) बात चीत में बहोत रात हो गइ । (संसार- 96)

मैदान में किस तरह कोई हम लोगों की बात सुनेगा(राजकुमारी-30)

देखिए, देखिए इसकी सुन्दरताई चित्र से कम नहीं है।(मालविका0-14)

इसकी कोई चिन्ता मत करो । (राजा शिविका- 23)

कारिन्दा आता है । - - -(कौंसिल की मेम्बरी- 33)

प्रश्नचिन्ह (?)

यह चिन्ह प्रश्नवाचक वाक्यों के अन्त में लगाया जाता है । हस्तलिखित पत्र साहित्य में इसका प्रयोग नहीं के बराबर हुआ । मुद्रित कृतियों में इसका प्रयोग निम्नलिखित है :—

" क्या तुमने उस नकली ब्रह्मचारी से भी ये बातें कहीं थीं?"

(राजकुमारी-31)

इसमें तुम्हारा क्या मत है? (सावित्री- 78)

क्या आप इनके रक्षक हैं? (प्रेमयोगिनी- 48)

सो उसका क्या हुआ ? - -(उ0रा0 च0 ना0- 51)

तो आप मुझसे क्या चाहते हैं? (काम्य प्रति0-48)
क्या मुझ पर अचानक वज्र आ पड़ा है ? (मनोविज्ञान- 70)

विस्मयादि बोधक (!)

यह चिन्ह विस्मयादिबोधक अव्ययों और मनोविकारसूचक शब्दों, वाक्यांशों तथा वाक्यों के अन्त में लगाया जाता है, इस समय कहीं- कहीं इनके प्रयोग में अनियमितता भी पाई जाती है अर्थात एक ही स्थान में पर कहीं भावातिरेक से एक साथ तीन-तीन कहीं दो- दो विस्मयादि बोधक चिन्ह का प्रयोग हुआ है:—

हाय केकयी के लड़कों के शिरोमणि! हाय भाई बन्धों के चाहने वाले! हाय अब मैं तुम्हें कैसे कृ देखूं! कहाँ पाऊं! हाय कुमार कुम्भकर्ण! हाय प्यारा मेघनाद कहाँ हो बोलते क्यों नहीं! --(महावीर चरित ना0- 98)

अहह!!! बड़ा दुष्कर कर्म करता है -(नागानंद- 59)

अनर्थ! अनर्थ!! अनर्थ!!! ---(हीo वीरo ह0- 70)

हाय! तुम सरीके रत्न को मैंने कांच समझकर फेंक दिया, अब भीम बिना सांप का जीना वृथा है!!! (रणधीर प्रेम- 142)

अहा! यह तो महारानी चारिणी कौशिकी को आगे किए हुए आ पहुँची '(मालविका0-9)

सम्भव है कि देवीजी ने अभी पत्रिका पर पूरी दृष्टि न डाली हो! आज्ञा हो तो मैं फिर देखो!-----(अभिज्ञान- 27)

यह कौन सो कांप निकली बाबा! (कृष्णार्जुन युद्ध- 24)

किस देवता का आराधन करूँ!!! (सती चिन्ता-61)

उफ! बड़े खटमल! बड़े खटमल!! (भाग्यवतरण- 17)

नमस्कार! नमस्कार!! नमस्कार!!! (श्री गंगावतरण-14)

ओह! कर्मडाकिनी! तेरो कर्म डाकिनी से भी अधिक दुष्कर्म है —
(काम्य प्रति0- 31)

निर्देशक (—) डैश)

समानाधिकरण शब्दों वाक्यांशों या वाक्यों के बीच में, अचानक भावपरिवर्तन के अवसर पर, किसी विषय पर तत्संबंधी अन्य बातों को सूचना देने में, किसी के वाक्यों को उद्धृत करने के पूर्व, बात चीत में रुकावट सूचित करने के लिए उदाहरण वाले वाक्यों के पूर्व या उस विवरण के पूर्व जो पदार्थ व्याख्यान न लिखा हो। इस चिन्ह का प्रयोग होता है:——

। किन्हीं किन्हीं कृतियों में विराम चिन्ह के स्थान पर भी इनका प्रयोग हुआ है यह प्रयोग स्थान की लोपता को क्रमशः प्रभावहीन करने के उद्देश्य से हुआ हो—
जैसे——

पहाड़ से हथियों पर उसकी तलवार बिजली सी गिरती——(रणधीर प्रेम-107

हाय! हाय !! कोई भी नहीं सुनता——(महाभारत ना०- 99)

दुर्यो० दुःशासन तू भी निरा मूर्ख है इन बातों में क्या रखा है बाँध ले साड़ी——- - - - - - - - - - - - - - - - - -(महाभारत- 108)

मुझको कुछ भी खबर नहीं कि गजनीनाथ कब यहाँ आया, और चौहानों ने कब मेरा राज्य बचाया था —— सब सविस्तार कहो——(संयोगिताहरण-88)

जब तलब खाते हैं तब मालिक का हुकुम बजाना होगा लेकिन इसके वास्ते क्या मालिक का खून करें- - -(बनवीर नाटक-82)

कान में साँय साँय फुस फुस करने में भी आफत——(बनवीर नाटक-82)

हाय ! इस बुढ़ौती में यह बदनामी , यह नाकामी । चल दूर हो शैतान- - - - - - - - - - - - - - - - - - - -(भीष्म प्रतिज्ञा-113)

कोष्ठक ( ) [ ]

विवेच्य युग की भाषा में इन दोनों प्रकार के कोष्ठकों का प्रयोग सामान्य रूप से हुआ है, मध्याकार कोष्ठक({ }) का प्रयोग नहीं के बराबर मिला है , एक या दो स्थान पर जहाँ मिला भी है वह कोष्ठक रूप में नहीं वरन् इस चिन्ह रूप में । मुद्रित रचनाओं में भी अपेक्षाकृत छोटे कोष्ठक (()) का ही प्रयोग हुआ है । बड़ा कोष्ठक कहीं-कहीं प्रयुक्त हुआ है ।

इन कोष्ठक चिन्हों का प्रयोग कुछ विशेष स्थितियों में ही हुआ है जैसे— एक शब्द अथवा वाक्यादि की व्याख्या दूसरे शब्द अथवा वाक्य के द्वारा करने में, कुछ कहते समय उससे संबंधित किन्तु वाक्य से भिन्न किसी दूसरे प्रसंग को मध्य में लाने में अथवा नाटकादि में वार्तालाप से अलग दृश्य , पात्र की मनोदशा , अभिनय आदि को व्यक्त करने में विशेष रूप से होता है । अब क्रमशः इनका उल्लेख किया जा रहा है ।——

जिनमें पाँच चार डाब(कच्चे हरे नारियल) लगे हुए हैं (संसार-7)

समाज संस्कारक(सोशल रिफार्मर) असली संस्कार(रिफार्म) का तत्व समझाने और समाज संरक्षक (सनातन धर्मी) सनातन धर्म की बुराई देने देवनाथ जी के घर आ सके ।- - - -(संसार- 169)

मंत्री —हाँ महाराज ! इस समय उनके रत्नों की झलक से रंगभूमि दिवाली की रात के समान जगमगा रही है ।

* * * * * * * * * * * * * * *

प्रेम मोहिनी —(मालती से) क्यों सखी !—(रण धीर प्रेम०-66)

यदि आप भी - - - - - - - - - - (कौंसिल की मे०- 42)

महारानी , देखो 2, यह महाराज ने दीप के धर्म — -(उ०रा०च०ना०-1)

कहीं वह सब हमारी बात सुन न रहे हों, वरना- + अच्छा, लो आओ,

(होते-158)

लड़का भी आँसू पोंछता हुआ बाहर आया

× × × × × × × × × × × × ×

लड़का का सिर अपनी गोदी पर रखे बजीरासिंह बैठा है ।

बजीरासिंह के आँसू टप टप टपक रहे थे ।

× × ×

कुछ दिन पीछे लोगों ने अखबारों में पढ़ा(उसने कहा था - 61)

पुनरुक्ति सूचक चिन्ह—

1- खरीद बार -- पन्द्रह रुपया ।
2- ,, —,, बीस रुपया ।
3 ,, ,, पच्चीस रुपया। } श्री मती मंजरी -79)

टीका सूचक (* ,। ।)

पृष्ठ के नीचे अथवा हाशिये में कोई सूचना देने के लिए तत्संबंधी शब्द के साथ कोई चिन्ह , अंक अथवा अक्षर लिख देते हैं , टीका सूचक चिन्हों में इस युग की भाषा में (* ‡ †) ये चिन्ह तथा अंकों का प्रयोग भी हुआ है । अधिकांश लेखकों ने अंकों का ही प्रयोग किया है । यहाँ पर रचना क्रम से कुछ उदाहरण प्रस्तुत किये जा रहे हैं :—

इस आम को देखो स्वयंवरवधू बनी है क्या तू इसे भूल गई *।।

(शकुन्तला नाटक- 15)

प्रतिष्ठानपुर प्रयाग के राजकीय प्रचण्ड दुर्ग ‡ का मंत्रणा गृह]

माता हा कुन्ती और सहायक कर्ण आते हैं ‡ (द्रौपदी चीर हरण- 5)

छिप या प्रकाश रूप से जो दुष्ट जुआ खेलता है, राजा उसे पूरा (यथेष्ठ) दण्ड देवो ।।* (द्रौपदी चीर हरण-41)

इसे अब भीमसेन इस नराधम दुःशासन की छाती से रुधिर ले कर अपने हाथसे बाँधेंगे ।। * ---------(द्रौपदी चीरहरण- 72)

यह तीन भाजी खुडाल थे, परन्तु युद्धस्थल* से भी बुरे थे ।

राजा हरिश्चन्द्र द्वितीय-60)

उधर नगेन्द्र ने झट एक पुड़िया में से "भस्म सी"* उसके थाली में डाल दी ।------------ (भा०द०- 26)

बगैर आग राख के धोम कभी नहीं निकलता ।[1]

(रणधीर प्रेम मो०-122)

किन्तु भवभूति के नाटकों में विदूषक का नाम भी नहीं* (उ०रा०च०23)

चौधरी के बहू के नीचे मंथा[1] बिछा कर हुक्का पीता रहता था---

(उसने कहा था-57)

संयोजक चिन्ह (—)

इस चिन्ह का प्रयोग आरम्भिक कृतियों में नहीं के बराबर हुआ है किन्तु उत्तरोत्तर इसके प्रयोग में सावधानी बरती जाने लगी है :—

तुमने तो आज तक अपना जीवन अच्छे कामों में और विद्या-प्राप्ति में बिताया है ,------------ (प्रेमयोगिनी-32)

यह बात धीरे- धीरे मेरी समझ में उतरती जा रही है ।—(सौते- 46)

अर्जुन धार्मिक की प्राण- रक्षा से कभी पीछे नहीं हटेंगे, ऐसा मुझे विश्वास है ---------------(कृष्णार्जुन युद्ध- 53)

यह मूर्ति हृदय- मन्दिर को शोभा बढ़ाने वाली है (भीष्म प्रतिज्ञा- 20)

मैं एक परित्यक्ता बन चला हूँ । (दुर्गावती- 60)

कार्य - कार्य में ऐसे विचार योग्य नहीं --(सतीचिन्ता-64)

इस विषय में ब्रजभाषा के हिमायतियों से लिखा- पढ़ी कर के संगठन कीजिए।-------(1652/14 पद्मसिंह शर्मा)

रमाबाई -जैसी वरांगना तेरे-जैसे बंदर को अपने दरवाजे फटकने भी न देगी ।-------------------(रा बबहादुर- 41)

हंस पद (^)

इस चिन्ह का प्रयोग मुद्रित कृतियों में कहीं भी नहीं मिला है किन्तु हस्तलिखित पत्रसाहित्य में छूटे हुए शब्दों को लिखने के लिए सामान्य रूप से हुआ है —

आशा है दोनों बलवाले ^ (लिखो झुककर) त्रिवेदी जो पतो लोग इसे ध्यान से देखेंगे और लिखा देंगे ।

नैषध चरित चर्चा ^ (पृ044) में आप एक जगह लिखते हैं ।

अच्छा यह सोचता इये कि "रीति" आदि लिखने के कारण पं० प्रतापनारायण की संस्कृतज्ञता पर तो ^ (इतना शोर) शंका हो गई पर अपने अंगीकार पर ^ (पर आप के) लघुमित भी नहीं हुई । -----(1637/14 जगन्नाथ प्रसाद चतुर्वेदी साहित्य में हाईकोर्ट)

बिन्दु (0)

समय की बचत अथवा पुनरुक्ति के निवारण के लिए किसी शब्द को संक्षेप में लिखने के निमित्त इसका प्रयोग हुआ है । नाटकों के पात्रों के नामों को संक्षेप में लिखने में इसका विशेष प्रयोग हुआ है —

रा0रि0 शिव0—7 (राजा रिचर्ड शिवतीय-97)

वि0प0 रि0 अब पहुँचते है -- (कौंसिल की मे0- 18)

ती0 —(कुछ रुक कर)— पर —है—आप उन पं0जी को जानते हैं?
(कौंसिल की मैं0-43)

जो रुप0 म0 में पढ़ता है , ----(पो0ट0- 17)

बहुत से बी0ए0 एम भी ऐसे विद्वान् नहीं हैं --(संसार- 35)

डोरा0---" इतनी हिम्मत तो नहीं।"(रजनी -29)

दुर्गा0— (लड़खड़ाती आवाज से)डं0 अ0क0 आ0 में सन्नाटा गया।

(बहारा रिस ना0-59)

अब लछमीसंह नं077 राईफल्स जमादार हो गया है --

(उसने कहा था-60)

तुल्यतासूचक (=)

शब्दार्थ अथवा गणित को तुल्यता सूचित करने के लिए इस चिन्ह का प्रयोग किया जाता है, किन्तु इसका प्रयोग मात्र एक स्थान पर मिलता है —

1- शब्दब्रह्म = जो ब्रह्म अनुभव में नहीं आता केवल शब्दों में बतलाया जा सकता है। ------(उत्तर रा० च०ना०- 26)

दोषपूर्ण प्रयोग

इस युग की कृतियों में जहाँ तक विराम चिन्हों के प्रयोग में दोषों का संबंध है वह भी पूर्व की या आरम्भिक कृतियों में ही अधिकांशतः पाई गई है, इसका कारण यह था कि भारतेन्दु युग में, उनका प्रयोग अंग्रेजी के प्रभाव तथा गद्य के प्रचार स्वरूप हो तो गया था किन्तु उनके प्रयोगों में परिमार्जन नहीं हो पाया था। क्योंकि उस समय तक विराम चिन्हों का प्रयोग परम्परागत नहीं था भारतेन्दु के पूर्व गद्य रचना की ही प्रधानता थी जिसमें अधिक विराम चिन्हों का प्रयोग नहीं होता है। इन्हीं सब कारणों से द्विवेदी युग का पूर्वार्ध भाषा की दृष्टि से उथल-पुथल का ही युग रहा हो किन्तु आगे भी कुछ लेखकों की असावधानी के कारण विरामचिन्हों के प्रयोग में त्रुटियाँ दिखाई पड़ती हैं, इस युग के दोषपूर्ण विराम संकेतों के अध्ययन की सुविधार्थ निम्नलिखित वर्गों में बाँटा गया है :—

अनुपयुक्त विराम चिन्ह का प्रयोग पूर्ण विराम के स्थान पर अल्पविराम:-

इस प्रकार के प्रयोग बहुत कम मिले हैं —

नहीं बीबी जी, गुस्से मत हो, तुम लोगों के लिए जो कैसा कैसा तो करे है, इसलिए आई हूँ, नहीं तो दूसरे के लिए क्या आता, आहा अम्ब बीबी को एक दिन नहीं देखूँ हूँ तो मन कैसा कैसा —(संसार- 64)

सास पतोहू दोनों सदा बसन्तो के यहाँ आया जाया करतीं और जब कभी बसन्तो के बच्चे बिमार होते या उसका हाथ नहीं रहता तो घर का बहुत सा धन्धा भी कर देती थीं, बसन्तो कुछ ऐसी धनवान तो थी ही नहीं जो इन लोगों को विशेष सहायता करती, पर हाँ साल आसरी में जब धान कट के आता तो थोड़ा सा पड़ोसन के यहाँ भिजवा देती, कभी कभी बुढ़िया के लिए दो एक पुरानी धोती पर से

निकाल देती या बुढ़ि कभी बिमार होती तो कभी मरा का सा बहाना,
मिसरी या क्यूनाइन की पुड़िया भिजवा देती थी-- (संसार-60)
आते ही बोली बाबी जी, अब की तुम्हारे जमाई के हाथ में दो चार
रुपया आया है , बहोत दिनों से घर की मरम्मत नहीं हुई थी , सो
अब की सब नई छावनी करवाई है, और देखो बच्चे के लिए बाज़ार
से यह नया कुरता लाई हूँ, बच्चों ने लड़के को आशीर्वाद दे के विदा
किया ।---------------- (संसार-68)
उनके पौत्र और पवित्रकीर्ति नीलकंठ और-- जातूकर्णी देवी के पुत्र
भवभूति नाम हुए, जिन्हें श्री कंठ की पदवी मिली थी, (महावीरच.रत-2
उस अपूर्व ग्रंथ का श्री अवधवासी भूप उपनाम लाला सीताराम जी ने
यथामति सरल भाषा में अनुवाद किया है, उसे आप लोग सुन कर
हमें कृतार्थ करें , भवभूति जी ने कहा भी था, --(महावीरचरित-1)

प्रश्नसूचक अथवा विस्मयादि के स्थान पर पूर्ण विराम:-

प्रश्न सूचक विरामों के स्थान पर पूर्ण विराम का प्रयोग बहुत अधिक हुआ है । प्रायः अधिकांश नाट्यकृतियों में ऐसे प्रयोग मिलते हैं, इससे भी यही लगता है कि उस समय तक अभी हिन्दी में विराम चिन्हों के प्रयोग में कोई स्थिरता नहीं थी इसीलिए प्रश्नवाचक स्थलों पर भी पूर्ण विराम से ही काम लिया जाता था । अथवा लेखकों की विराम चिन्हों के प्रति असावधानी भी हो सकती है ।

महावीर चरित नाटक, प्रेमयोगिनी, उत्तररामचरित नाटक, संयोगिता हरण, रणधीर प्रेम मोहिनी, कौंसिल की मेम्बरी, रत्नावलि, ऊषा अनिरुद्ध, महाभारत नाटक, नागानंद जैसे नाट्यकृतियों में ऐसे प्रयोग सर्वत्र ही मिलते हैं। अब क्रमशः रचना काल के अनुसार इनको दिखाया जा रहा है :--

यह और भी बुरा है ।
कैसे । (महावीर चरित ना०- 20)
कहाँ गये भैया । (महावीर च०ना०- 48)
यह भोजू क्यों इतराई जा रही है।(,,-50)
महात्मा वशिष्ट जी क्या कहते हैं।(महावीर चरित ना०- 51)
हाय माँ दादा को तू बन भेजना क्यों मांगती है । (महावीर चरित-55
अरी क्यों घबड़ा रही है क्या विपत पड़ी ।(महावीर च०- 80)

अरे क्या नगर जल गया और अक्षयकुमार मार डाला गया। यह कब डर कौन है। -- (महा0 च0 ना0- 80)

बेटी इतना क्यों डरती है।--(महा0 च0 ना0- 81)

वत्स तुम क्यों उदास बैठे हो। (,, -110)

महात्मा मेघावस्थि अब किसका आसरा देख रहे हो(महा0 च0ना0-112)

गुरु जी क्या आज्ञा है। ------------(,, - 113)

साफ 2 कहिए, क्या समाचार है। --- (प्रेम यो0- 10)

हाँ जी बिहारी कहो क्या कहते थे।-(कौंसिल का मेम्बरी- 21)
क्यों भाई क्या बात है क्यों नहीं समझते। भाई में तो प्रेम होना चाहिए
न कि लड़ाई। -------(कौंसिल की मेम्बरी- 21)

कहिये प्रान्तीय राजनीतिक सम्मेलन अच्छी प्रकार सकुशल समाप्त हो गया।
(कौं0 की मे0-23)

आप के प्रस्तावों में से कितने प्रस्ताव कार्य रूप में परिणत हो सके।
(कौं0 की मे0-24)

क्यों ? आपने भी तो कौंसिल की मेम्बरी स्टार्ट कर के राजनीति क्षेत्र
में पैर रखा है ------(कौं0 की मे0- 40)

आप इसको कैसे समझते हैं।---(,, - 46)

कहिए। उन सब बातों का प्रबंध हो गया।(,,- 32)

भला तुमने यह कैसे समझा कि मैं मिथ्या वादिनी हूँ। (नागानंद- 98)

अहा। क्या बढ़ी देवी शिवा है जिसके दर्शन निष्फल कभी नहीं होते।
(नागानंद- 99)

पर मानिनी राधा " मानिनी राधा" करके क्यों प्रसिद्ध हैं।
(संयोगिता हरण-3)

बेटी संयोगिता तू कुछ समझ बूझ कर बात करती है या ऐसे ही उन्मत्त
उटपटांग बातें बक देती है। -----(संयोगिताहरण- 31)

बेटी तू। किसकी राजकुमारी है क्या तुझे खबर है। क्या तू नहीं जानती
कि वह शुद्र कुल में उत्पन्न है। - (संयोगिता हरण- 48)

तो क्या वास्तविक में संयोगिता मुझे अपना प्राणपति बनाया चाहती है।
(संयोगिता हरण- 50)

क्यों क्या आप जी सम्मती नहीं है। --(संयोगिताहरण- 70)

क्या एक अबला के लिए जान जावेगी। मैं वासना जीवित थई है।
(संयोगिता हरण- 70)

अरे क्या सारा संसार क्षत्रिय शून्य हो गया जो तुम इस प्रकार इनको हाँक रहे हो । (उ0रामच0ना0-100)

अरे महाराज राम चन्द्र के सामने कौन क्षत्री है । (उ0रामच0ना0-100)

क्या ये हो जो रामायण की कथा के नायक और वेदरत्नागार के रक्षा करने वाले हैं । (उ0रामचरित्र ना0- 128)

क क भगवती तुम कौन हो और ये कौन हैं ।(,, 141)

तो क्या यह बालक मेरा पुत्र हो है । (,, -151)

उस विषय में आप की क्या सम्मति है । (,,-150)

क्या यहाँ तात जनक भी हैं । (,, -152)

हूँ ? तो वशिष्ट आये हैं । (,, -80)

अरे जोम्भ कंकाल , यह क्या कहता है । (,,-80)

भगवती अरून्धती आप जानती हैं यह किसका बालक है।(,,-91)

यह आप क्या कहते हैं । (,,-9)

क्यों भरत की स्थापित की हुई अटलकीर्ति को संसार से उच्छिन्न करने में कटिबद्ध हो रहे हैं ।------------(महाभारत ना0-22)

क्या यहाँ का प्रजाजाध्यक्ष। (राजसिंह -70)

तुमने लगान के रुपये क्यों नहीं दिये । (राजसिंह- 79)

क्यों रे भिखारी ? तू मेरी पूजनीय भगिनी का इतना तिरस्कार करता है ।------- -(राजसिंह 78)

शिवि- क्या भूमि । }
ब्राह्मण — नहीं । } (राजसिंह-102-103)
शिवि — नगर, धीन आदि । }
ब्राह्मण — नहीं }
शिवि — मेरे स्त्री , बालक । }
शिवि — मुझे । }
ब्राह्मण -- नहीं । }

अब तक तुझे कौन सो क्षार जेड़ी है जो आगे के लिए धमकी दे रहा है। (आत्मनिरुद्ध)-29)

तब तक कौन ऐसा मार्ग का लाल है जो युद्ध में मुझे परास्त कर सकता है । (आत्मनिरुद्ध-29)

अहा, कैसा मनोहर दृश्य है ! —(कृपा अनि0-40)

तेरा यहाँ कौन मददगार है ! —(,,- 61)

प्रहलाद का नाम मेरे सामने लेना बेकार है ! वह वैष्णव न था !

(कृपा अनिरुद्ध - 97)

क्या ये मतवाले हाथी की तरह इस समय जिसको देखेंगे, मार डालेंगे !

(रणधीर प्रेम0-50)

पूर्ण विराम के स्थान पर प्रश्न सूचक, विस्मयादि सूचक — अर्ध विराम और डैस जैसा :-

रक्षक ! सेनापति कनककुञ्ज को सभा में बुला ओ ?(संयोगिताहरण-23)

मुझे यकीन है कि रणधीर सिंह उसको देखते ही एक बार हिरन की तरह चौकन्ने हो कर चौकड़ी भरें में ! (रणधीर प्रेम मो -28)

अरे ओ विदेह राज के दास दासियों; रामचन्द्र कन्या के महल में घुसा बैठा है, उससे जाके कहो तो; - - - (महावीरचरित ना0- 21)

आप जो दुःख देख कर घबराना उचित नहीं। आप महत् कुल—की पुरुष हो —

(रण धी प्रेम0-72)

पहाड़ से हाथियों पर उसकी तरवार बिजली सी गिरती —(,,-109)

सखियों इस सन्तप्त हृदय संयोगिता को सम्हालो —(संयोगिताहरण- 33)

धीरज धरो बेटी, धीरज के घ रो —(उत्तरामचरित्र ना0-51)

धैर्य्य धरो बेटी, धैर्य धरो— (,,- 53)

महाराज, भूल हुई , क्षमा कीजिए, अपराधिनी हूँ-- कृष्णार्जुनयुद्ध-65)

इसके अतिरिक्त भी अल्पविराम के स्थान पर अर्धविराम , पूर्णविराम तथा विस्मयादि और संबोधन सूचक, प्रश्न सूचक के स्थान पर भी पूर्ण विराम और अर्ध विराम अल्पविराम आदि का प्रयोग अनुपयुक्त है किन्तु ऐसे प्रयोग इतने कम हैं कि कोई निश्चित निष्कर्ष नहीं निकला जा सकता, हो सकता है यह मुद्रण की त्रुटि हो या लेखकों की जल्दबाजी के कारण हो । इस प्रकार के प्रयोग निम्नलिखित हैं :—

अरे अरे विदेह के दास दासियों; रामचन्द्र कन्या के महल मे घुसा बैठा है

(महावीर च0-21)

प्राण प्यारी ! तुमने क्यों मुझे अपना पति बनाया, (संयोगिताहरण -51)

अहा रम्य है यह सभा ! - - - - - - - - - -(,— 83)

अहा ! मित्र! बहुत दिनों में दिखा पड़े हो ?(नागानंद- 50)

राजा सुहोत्र सात दिन से एक महात्मा; वैराग्य- पन्था और धर्मपथ पर वादविवाद कर रहा है ? (राजर्षि-20)

अहा! क्या बड़ी देवी सिद्धि है -----(नागानंद- 99)

धन्य भाग्य ! आज मेरी तपस्या सफल हुई । जो मेरे पुत्र का मांस एक ब्राह्मण के उदर में जा कर उनको कुछ तृप्त करेगा(राजर्षि-105)

अहा, कैसा मनोहर दृश्य है । —(उषा अनिरुद्ध- 40)

चाहे जो हो । मेरा बिल अवश्य स्वीकार हो जायगा(भारतदर्पण 68)

यदि आपने अपने कैसर के नाम दान स्वरूप न्योछावर कर दिखाया है । तो भारतवर्ष के वीरो --------(भारतदर्पण 58)

कब गाड़ी ठहरे और कब उतरू । क्यों कि चाहे उसके साथियों ने उसे न पहचाना हो -------(वि०च्यौ०- 55)

शायद किसी अंग्रेज बहादुर का हो तो । क्यों कि वर्दी और फैशन उसका बिल्कुल नये ढंग पर है ।-------(दी०ट०ट०-3)

पूर्ण विराम के स्थान पर अल्पविराम का प्रयोग अथवा अल्प के स्थान पर पूर्ण विराम या अन्य विरामों का प्रयोग कोई अधिक महत्व नहीं रखता क्यों कि इससे अर्थ में कोई विशेष अन्तर नहीं आता किन्तु प्रश्न सूचक के स्थान पर पूर्ण विराम के प्रयोग से वाक्य के अर्थ में अन्तर आ जाता है अतएव ऐसा प्रयोग आधुनिक हिन्दी में विशेष दोषपूर्ण माने जाने चाहिए ।

अनावश्यक प्रयोग

प्रायः कितनी ही कृतियों में आवश्यकता न रहते हुए भी लेखकों ने कहीं कहीं विराम चिन्हों का प्रयोग किया गया है जो खटकती है उदाहरणार्थ समुच्चयबोधक अव्ययों के लगने पर कोई विराम चिन्ह नहीं लगना चाहिए फिर भी लगा है, रचना क्रम से निम्नलिखित प्रयोग हैं—

जो बातें अपने कानों सुनीं, और जो हाल अपनी आँखों से देखा, (राजकुमार-10)

पत्थर, लकड़ी और मिट्टी के ढेर के, या जंगली पेड़, पीपर, करील और झरबेर के, और कोई ऐसी जगह नहीं बची है,- -(राजकुमारी-21)

कई ऊबड़- खाबड़ टीले, और कटीले जंगल को लांघता उतरता चढ़ता-(,,-21)

मगर यह तो बताओ, कि तुम मेरी जोरू बनोगी, या खसम । (राजकुमारी-101)

मैं भी ऐसे पहरे में रखा गया हूँ कि मैं तुम्हें, या तुम मुझे, न देख सको।
(राजकुमारी-102)

आप के पुत्र यदि आत्मा की सच्ची हुंकार सुनकर देशभक्ति के विचारों पर पानी फेरने वाली विद्या को छोड़ते हैं । तो आप उनका उत्साह क्यों तोड़ते हैं—
(भारतदर्पण-130)

अप्रिय वचन बोल कर मैंने थोड़ी इन्हें दुखित किया। अथवा विष के सिवाय विषधर के मुख से और क्या निकलेगा ? ---(नागानंद- 80)

तो फिर क्या ऐसे पापी जीव को अभी देह से बाहर करूँ? अथवा दोनों के समझाऊँ ।--------------(नागानंद- 81)

कहीं चौबे जी को रास्ते में इसी कारण देर लगी हो, अथवा पण्डित जी ने जान बूझ कर उसके आने को विदा मिलाई हो , अथवा गुलाबीलाल ने मुझको जाल में फँसाने के लिए ये चाल चली हो, अथवा इन सब ने मिल ~~मिलकर-करना~~ मिला कर ये करतूत रची हो, कुछ नहीं जाना जाता । (रणधीर प्रेम मोहिनी- 51)

क्यों हिन्दू ऐसी शुभलग्न में, शुभ दिन में, और वैशाखी पूर्णिमा की तिथि पर कन्यादान करके पुण्य- संचय क्यों न करेंगे ? (सावित्री-2)

चण्डीचरण की जो कुछ विषय सम्पत्ति थी, सभी उन्हों ने खरीद ली, और अपने अपमान का बदला ले लिया । ------(सावित्री -130)

क्या यह अभिमान तेरा नाश न होगा? या शायद यह तो नहीं समझती कि

तुझे तेरी सखी का प्यारा माधव बचाने आयेगा ? (प्रेमयोगिनी-101)

सिपाही सब आजकल, हर रोज सलाम बजाने आते ही हैं, या शायद सेठ जी शादी का इनाम तो नहीं माँगने आये हैं ? (प्रेमयोगिनी-132)

जो बहलाते थे, या अपने को माया के जाल में फँसाते थे,----(गंगावतरण-23)

तो क्या जो नहायेगा, या जल का आचमन कर लेगा, वह मुक्त हो जायेगा?
(गंगावतरण-78)

पर आप क्यों , न पधारें —(संयोगिताहरण 70)

उनके परिवार में कितने हाथी घोड़े हैं , अथवा उनकी सेना में कितने सूरमा हैं, और वे कैसे कैसे पहलवान और पराक्रमी हैं ।---(संयोगिताहरण-91)

सत्तर हजार हाथी हैं, और दस लाख अश्व घुड़सवार और पैदल चले हैं।

(संयोगिताहरण -101)

नारकी मैंने तेरा विश्वास कर तुझे इस प्रदेश का अध्यक्ष बनाया था। या दीन दुखियों को मार कर खाने के लिए बाघ बनाया था। —(राजसिंह-80)

देखो ऐसे देवता, द्वार पर आते हैं और हार-मानकर लौट जाते हैं

(राजसिंह- 106)

क्या भजन सुनकर मगन हो रहे हो, या कोई दूसरा विषय मनन कररहे हैं।

(राजसिंह- 116)

इन तीन सिनरी पर्दों के बीच में रहने वाला, तथा राजा महाराजा, नौवाब दीवान, मंत्री, जागीरदार, सेठ साहूकार, श्री, अमीर, थानेदार, सूबेदार तथा कल्लू चुड़िहार, आदि अनेक प्रकार का रसलोभी कुछ नर भ्रमर के लिये संसार में यदि कोई दूसरा स्थान होता ---(महाभारत- ना0-1)

वह बिना मेरी आज्ञा के कोई काम नहीं करता था, और युधिष्ठिर भी पिता ही के समान धर्मपरायण और राजनीतिज्ञ है—(महाभारत- 20)

मैं किसे 2 समझाऊं सुकुमारी युवक-कुमारों को कि चारों छोटे भाइयों को, अथवा स्वयं अपने ही को समझाऊं। ---(महाभारत-ना0- 61)

अरे भाई, कोई कारण भी तो होना चाहिए, अथवा व्यर्थ ही आत्महत्या के इच्छुक हो रहे हो -- (महाभारत ना0-70)

रग 2 में वीररस का संचार होता है, और ऐसा मालूम होता है कि वीरता का समुद्र उमड़ा हुआ चला आ रहा है (ऊषा अनिरुद्ध-28)

जब तक पृथ्वी पर मेरा एक पाँव है, इस पाँव के ऊपर यह छाती है, इस छाती के ऊपर यह हाथ है, और इस हाथ में यह सर्वदमन गदा है,

(ऊषाअनिरुद्ध- 29)

महन्त अवधदास के साथ साथ गोमतीदास, सरयूदास, कौशिकीदास, आदि2 शिष्यगण अन्दर से "सच्चा आरती श्री जय जय सीताराम" कहते हुए आते हैं ----------(ऊषाअनि0- 31)

सचमुच ऐसे ही दुष्टों ने वैष्णव धर्म का झंडा गिराया है, और अपने आप ही अपने इष्टदेव का हास्य कराया है। और यह श्लोक तो भी वाल्मीकीय रामायण का नहीं है -------(ऊषा अनिरुद्ध- 35)

क्या यह स्वप्न था, या अनुभूति? -(ऊषा अनि0- 41)

क्या संसार में और भी कोई ऊषा है? अथवा मैं स्वप्न में अपना ही अभिनय देख रही थी ।---(ऊषा अनि0- 41)

अरे क्या तू वैष्णव सम्प्रदाय में था? या विलम्ब ज्यादा बढ़ गई है(ऊषा अनि0-59)

काले काले बादलों चंचला जो बिजली की थिर नहीं रहती। जैसे दुष्ट स्वभाववाले सेवों की मीत ।---------(ऊषा अनिरुद्ध -76)

जो सावन सघन श्यामल तरुण तरुओं की सुख शोभा से सर्वत्र का उपद्रव न होने के कारण निर्भय विचरते हुए कुरंगों को कौतूहली बना है।

(उत्तरराम0चरित्र ना0- 41)

क्यों कि प्रबल आँधी के जोर से चारों ओर उमड़ते घुमड़ते घूम 2 कर घनघोर मचाते काले कलवाले मेघों के सघन गाढ़ान्धकार में बँधा हुआ, किंवा मानो सम्पूर्ण विश्वासनार्थ फटे हुए विकराल कालके की मुखकंदरा में जकड़ कर डाला हुआ, अथवा युगान्त की योगनिद्रा में मग्न निश्चेष्ट सोये नारायण के उदर में पड़ा हुआ सा सम्पूर्ण जीव लोक काँप रहा है (उत्तर राम0-121)

:- पुस्तकों में सर्वत्र इस प्रकार में पद-पद पर इनका संकेत है । और फिर वह जमाना भी ऐसा नहीं था जिसमें भगवान का भजन भी झूठा ढकोसला ख्याल किया जाय ।-------(जु0तै0- 43)

: इन कृतियों में सर्वत्र ही इसी प्रकार के अनावश्यक विराम चिन्हों का प्रयोग है कहीं कहीं दुहरे विरामों का प्रयोग भी अनावश्यक ही प्रतीत होता है, इस प्रकार के प्रयोगों को प्रयोग की अनियमितता के अन्तर्गत दिखाया जायेगा :-देखिये:—— 469

विराम चिन्हों का अभाव

भारतेन्दु युगीन भाषा के समान ही इस समय भी विराम चिन्हों के अभाव के प्रयोग भी मिलते हैं । किसी किसी रचनाओं में तो आवश्यक स्थलों पर भी विराम चिन्ह नहीं लगाये गए हैं, यही नहीं कई रचनाओं में तो पूरे के पूरे परिच्छेद अथवा पूरे पृष्ठ में विराम चिन्हों का प्रयोग नहीं मिलता। उदाहरणार्थ अनुवादित कृतियों में शकुन्तला नाटक, महाभारत नाटक, अभिज्ञानशाकुन्तल, महावीरचरित ना0 आदि में तो विराम ~~चिन्ह~~ चिन्हों का बहुत अभाव है ।

जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि अंग्रेजी के प्रभाववश भारतेन्दु युग में विराम चिन्ह का प्रयोग हो तो चुका था किन्तु अभी तक सभी विरामों का प्रयोग नहीं

हो सका था, द्विवेदी युग के पूर्वार्द्ध में भी इस तरह का रूप या परिस्थिति थी जिससे विराम के प्रयोगों में अभाव होना स्वाभाविक ही है —

पूर्ण विराम का अभाव—

इस कुलवाड़ी के समीप और भी आलाप सा सुनाई देता है मैं भी वहीं चलूं (।) (चारो ओर फिर कर और देख कर) ये तो तपस्वियों की कन्या है जो —

(शकुन्तला ना०-12)

आप को सखी का विवाह मेरे साथ गान्धर्व रीति से हुआ था (।) फिर कुछ काल बीते आपके के लोग इसे मेरे पास लाये (।) उस समय मेरी ऐसी सुध भूली कि इसे पहचान न सका और इसका त्याग कर के मैं आप के सगोत्री कण्व का अपराधी बना (।) पीछे अंगूठी देख कर मुझे सुध आई कि कण्व की बेटी से मेरा ब्याह हुआ था (।) यह वृत्तान्त अचरज सा दीखता है ।।(शकुन्तला ना०- 170)

जब शकुन्तला मेरे सामने आई मैंने कहा कि इससे मेरा ब्याह कभी नहीं हुआ फिर जब वह मेरे पास से चली तब मुझे कुछ शंका हुई कि कदाचित इससे मेरा ब्याह हुआ होगा (।) निदान जब अंगूठी देखी तब ब्याह का निश्चय हुआ जैसे सामने हाथी देख कर कोई कहे कि यह हाथी नहीं है फिर जब चला जाय तब कहे कि हाथी होगा अथवा नहीं होगा और जब उसकी खोज देखे तब निश्चय कर जाने कि हाथी ही था ।। ----------(शकुन्तला ना०- 170)

जब अप्सरा तीर्थ पर जाकर मेनका ने शकुन्तला को व्याकुल देखा तो उसे ले कर देवतों के पास आई (।) मैंने उसी समय ध्यान शक्ति से जान लिया किया तैंने अपनी धर्मपत्नी को केवल दुर्वासा के शाप का त्यागा है और इस शाप की अवधि मुंदरी के दर्शन तक रहेगी ।।---(शकुन्तला ना०-171)

संसार में यदि कोई दूसरा स्थान होता तो मैं आज ही इस कार को छोड़ देता (।) कुछ सोच कर । आहा !! हा !!! बड़ी देरी भी हई ।(महाभारत ना०-

नारद । देखिये ऐसी कुसमय समय उपस्थित है और आप पड़े सो रहे हैं (।) कैसे शोक की बात है ।------(महाभारत नाटक- 2)

महाराज । इस नीच बुद्धि दुर्योधन की मूर्खता और शकुनि के कारण कुरुकुल एक दिन ध्वंस हो जायगा (।) हम अनेक बार आप से कह चुके हैं, और फिर भी कहते हैं कि ऐसे दुष्ट को त्याग कर निश्चिन्त हो जाइये ।—(महाभा०- ना०

आओ मेरी लाड़िली बेटी(छाती से लगाती है)(।) -(उत्तरा०च०-ना०-141)

अब तो देखा नहीं जाता??8 (रोते हुए दूसरी जगह बैठते हैं)- - - -
(उत्तरा०च०-ना०- 62)

बड़े आनन्द की बात है कि बात है कि महाराज दशरथ के लड़के हमने देख लिये (।) (गले लगा के)- - - -(महावीर चरित ना०-6)

भैया तुम्हारी मझली माँ ने बड़े प्यार से तुम्हें गले लगा के यह कहला भेजा है '' बहुत दिन हुए महाराज ने दो वर देने को कहे थे , सो बेटा तुम हमारी ओर से कहना । यह तुम्हारे पिता के नाम चिट्ठी है इस में सब लिखा है ।''(।)- - (महावीरचरित ना० 55)

नहीं तो पीछे पछताना पड़ेगा (।) -(राजाविक-110)

किसी ने ठीक कहा है कि ,''—— त्रिया चरित्र जाने नहीं कोय, धति मार के सती होय '' - -(राजाविक-41)

महन्त माधोदास के साथ साथ गोमती दास, रघुदास, ओखियोदास आदि 2 शिष्यगण अन्दर से '' संध्या आरती की जय जय सीताराम'' कहते हुए आते हैं (।)- - - - —(उषा अनिरुद्ध- 31)

अल्प विराम का अभाव

अल्प विराम का अभाव अपेक्षा पूर्ण सँख से अधिक मिला है । उपर्युक्त पूर्णविराम के अभाव वाले उदाहरणों में भी बहुत जगह अल्पविराम का अभाव है, जैसा कि कोष्ठक में दिखाया जा चुका है शेष अल्प विरामों के उदाहरण निम्नलिखित हैं - - - - - -

राजा ने केवल एक कँगन बाँये हाथ में रख कर और सब बड़े बड़े गहने उतार डाले हैं और राज रँग के साज सब दूर कर दिए हैं (,) लम्बी उसांसों से उनके होठों का रँग फीका पड़ गया है (,) रात में नींद नहीं आती (,) जागते ही रात बीतती है (,) आँखों में लाली छा गई है परन्तु तेज के कारण दुबला शरीर भी शोभायमान दीखता है (,)जैसे सान पर चढ़ा हीरा ।।- - - - - - - - - -(शकुन्तला ना०- 123)

मेरी जान तो वही शकुन्तला होगी जिसका चैत्ररथ ढीला हो कर बालों से फूल गिरते हैं (,) शरीर कुछ थका हुआ सा दीखता है (,) पसीने की बूँदे मुख पर झलक रही हैं (,) निराली भाँति बाँह फैला रही है और

इस सींचे हुए नई कोंपलों वाले आम के पास खड़ी है(।) अवश्य य दोनों की सखी होगी ।।-------------- -----(शकुन्तला नाटक-133)

। इस सम्पूर्ण कृति में सर्वत्र ही विराम चिन्हों का अभाव है । पूर्ण विराम को छोड़ कर अल्प विराम का प्रयोग कहीं कदाचित हो गया है अन्यथा पूरा का पूरा परिच्छेद विरामचिन्ह रहित है जो खटकता है ।

गन्धर्वराज(,) हमें जानपड़ता है कि राजा ने हथियार चला दिए(,) क्यों कि देखो(,) बन्दरों की सेना कैसी तितर बितर भाग रही है (,) कुछ ऐसा मचा है (,) मानों समुद्र की बड़ी लहर तट की पहाड़ी पर टक्कर खा रही है।

(महा वीर चरित -89)

कुबेर ने (,) जो राजा के सौतेले भाई हैं (,) गन्धर्व राज से यह हाल सुना तब हमको आज्ञा दी कि जाओ(—) जो हमारे भाई बंधु बचे हैं उनको समझा बुझा आओ ।----(महावीरचरित -99)

देखो (,) यह प्रस्रवण नाम पहाड़ जन स्थान के बीच में है जिसका नीला रंग बार बार पानी के बरसने से मैला सा हो गया है और जिसकी कन्दरा घने पेड़ों के अच्छे वनों के किनारे गोदावरी के हिलोरों से गूंज रही है ।

(महावीरचरित ना0- 65)

भीष्म(,) द्रोण (,) कृप आदि के लिए कौरव पाण्डव दोनों ही बराबर हैं(,) राजकर्मचारी और प्रजा ये धन से वश में हो गये हैं (,) खजाना अपने वश में ~~हो गये में (,)~~ हुई है, देश विदेश के करद राजाओं को वश में लाने का यत्न हो रहा है ।(-----(महाभारत ना0- 20)

दुर्योधन तथा शकुनि का आश्चर्य से अन्ध की ओर संकेत करना(,) पांडवों का घुटनों के बल बैठ कर हाथ जोड़ कर कृष्ण के चरणों की ओर सिर नीचा कर लेना (,) सभा के लोगों का उचक कर आश्चर्यमयी दृष्टि से देखना।

(महाभारत ना0- ~~अंक~~ 109)

जो कुछ थोड़ा सा गला घुमाये खड़े हुए हैं (,) जिनके चरते समय मुख से कुशों के कौर कट 2 कर गिरते हैं(,) जो कभी एक कान उठाकर मुख से आँसों को पोंछते और कुछ सुनने की सी चेष्टा करते हैं ।--(नागानंद-18)

मैं सब भैदों को खोल देता(,) किन्तु लखनऊ के नवाब के चोंठी का इंतजार है।

(चौपट चपेट-108)

और जो मनुष्य अभिमान करते हैं वे स्वयं अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारते हैं (,) क्योंकि दुर्योधन ऐसे वीर और प्रतापी तथा बाणासुर ऐसा तेजस्वी राजाओं का अभिमान पद-दलित हुआ तो हम क्षुद्रों का क्या कहना है ।

(प्रेमयोगिनी- 25)

नहीं नहीं लेखक(,) जो मैं वंचक और विद्रोही हूँ तो मेरा नाम संसार के लेख से मिटा दिया जाय और जैसे यहाँ से निकाला जाता हूँ वैसे ही स्वर्ग से भी निकाला जाऊँ ।------(राजा रिचार्ड द्वितीय -17)

मैं अपनी विपत्ति एक ओर और सुख एक ओर रख कर कहती हूँ कि यह लोग राज को बातचीत करें (,) क्योंकि जब राज उलट पलट होता है तो सब लोग उसी की चर्चा करते हैं और दुख के पहले सुख की बातें होती हैं ---------(राजा रिचार्ड द्वितीय-73)

अस्तु (,) फिर सब लोगों से प्रार्थना कर पात्रों को सजावें (,) क्योंकि नाटक का नाम सुन कर दर्शक गण मन ही मन अकुलाते होंगे —

(संयोगिता हरण :- प्रस्तावना)

और फिर (,) दूसरी ओर तो देखो (,) तुम्हारा भाई जयचन्द बन कर स्वयंवर के मण्डप को ठीक बनाने की आज्ञा दे रहा है —

(संयोगिता हरण :- प्रस्तावना)

हठ न कर देव(,) हठ करने से भारत(,) नहुष और राजा वेणु ने बड़े 2 संकट सहे हैं ------------ (संयोगिता हरण - 40)

देखो तो सही(,) कैसे विनीत भाव से कंचुकी की बातें सुन यह बालक और कुमारों का साथ छोड़ के इधर ही को आ रहा है (उत्तर राम ना0-92)

जिससे वीर का आदर और क्षत्रिय धर्म का यथावत पालन हो (,) क्योंकि युद्ध शास्त्र वेत्ताओं के मतानुसार रथी को पदाति के साथ लड़ना कहाँ उचित लिखा है (------------(उत्तर रा0च0ना0- 110)

आयुष्मन(,) तुमने ठीक विचार किया है ।—(उ0 राम0 च0ना0111)

देखो (,) ये श्री रघुनाथ जी बैठे हैं (,) यह हम दोनों पर बड़ा स्नेह रखते हैं ---------(उत्तर राम चरित नाटक 128)

नहीं (,) नहीं (,) अभी तक उसके यह दोष बाकी है (श्रीमती कुंवरि

अस्तु (,) अब आप कृपा करें और मेरा उत्तर भरें ।--(राजसिंह-104)

पिता जी मैं आप जैसे योगी, प्रतिभाशाली(,) प्रतापी और दानी नरेश का पुत्र हूँ ।---------(राजसिंह-106)

विस्मयादि सूचक चिन्ह का अभाव --

सखियों (!) मैं अकेली रही जाती हूँ तुममें से एक तो यहाँ आओ।।
(शकुन्तला ना0- 63)

हे वृक्षों(!) जो शकुन्तला तुम्हें सींचे बिन जल नहीं पीती थी-
(शकुन्तला ना0- 80)

बेटी(!) मैं जानता हूँ तेरा इसमें सहोदर का सा प्यार है ।(शकु. ना0- 82)

हाय(!) हाय(!) दुहरी कहाँ गई?-----------(शकुन्तला ना0-105)

अहा (!) उस तपस्विनी के बड़े भाग्य हैं ।। (,, -124)

हाय (!) यह दुहरी भी अभागी है ----------(,, 129)

इस प्रकार के अभाव पूरी कृति में हैं ।

हाय(!) मैं अभागी कहाँ जाऊँ (महावीर चरित ना0-61)

अहा(!) जब से पृथ्वीराज की चर्चा मेरे कर्ण गोचर हुई तब से हृदय चंचल है।------------(संयोगिता हरण-29)

हैं(!) यह बात आपने कैसे जानी-----(संयोगिता हरण-50)

रे मूढ़ (!) तू नहीं जानता कि तेरे बुरे दिन आने वाले हैं, (महाभारत81)

अरे(!) क्या सारा संसार क्षत्रिय शून्य हो गया --(उत्तररामचरित ना0- 100)

हैं (!) यह किसकी आवाज है ? (ऊषा अनिरुद्ध -65)

उद्धरण चिन्हों का अभाव

फिर क्या (') आप मेरे बस हुआ (') --(संयोगिताहरण- 81)

काम ऐसा होना चाहिए (') साँप मरे न लाठी टूटे (')(महाभारत ना0-9)

पूर्ण चन्द्रोदय देख बोली (--) (') हे चन्द्र देव । तुम कहाँ के रहने वाले हो ? (') -- (चन्द्रप्रभा बाई -3)

• उद्धरण चिन्हों के अभाव वाले प्रयोग अधिक नहीं मिले हैं

संयोजक चिन्हों के अभाव

संयोजक चिन्हों के प्रयोग में भी बहुत से लेखकों ने ध्यान नहीं दिया है —

जैसे पावस का दिन पहले पशु(-) पक्षियों को व्याकुल करता है -(शकुन्तला-56

अँगुलियों से होंठ छुपा कर बार (-) बार नहीं (-) नहीं कहती हुई का मुख मैंने कुछ उठा लिया - - - - - - -(शकुन्तला ना0- 66)

इतने सवेरे (-) क्या महाराज जी से मुलाकात होती है - -(संसार-127)

दाढ़ी (-) मूँछें भी छुटी हुई हैं (नवाबनन्दिनी -11)

केवल आप मेरे भले (-) बुरे किसी काम में बाधा न दें -(भीष्म प्रतिज्ञा-22)

कुछ देर तक इधर(-) उधर की बातें सुनाओ।—(भीष्म प्रतिज्ञा- 95)

वेद(-) पाठ से जो थोड़ा भी अवकाश मिला(महावीर चरित ना0- 108)

गुरु जी राम(-) लक्ष्मण तुमको दण्डवत करते हैं।- - -(महावीरचरित-111)

मेरे चित्त से चिन्तन(-) पक्षियों को स्वतंत्रता के स्वतंत्रता का राग गाने का अवसर ही न मिले गा - - - - - - -(भारत दर्पण-67)

दुकानों (-) दुकानों के ऐसे (-) कैसे चक्कर में मत आया को जिये।

(कौंसिल की मेम्बरी-11)

देश (-) विदेश के करद राजाओं को वश में लाने का यत्न हो रहा है

(महाभारत ना0- 20)

पिता जी औषध (-) पाँच नहीं मैं सच कहता हूँ —(महाभारत ना0-70)

इन्हीं के साथ (-) साथ देश की सच्ची सेवा की जा सकती है —(राजसिंह वि -100)

दो(-) चार सहेलियों के साथ कर्नाटी का प्रवेश - - (संयोगिताहरण 97)

दो(-) चार के टूटे (-) फूटे घरों के सिवाय ईंट, पत्थर लकड़ी, और मिट्टी के ढेर के,- - - - - - -(राजकुमारी- 21)

उन सभी के डेरे और खाने(-) पीने का पूरा प्रबंध किया गया था,

(राजकुमारी- 141)

इन अठारह बरसों में जो(-) जो दगाबाजियाँ इस देश में हुई हैं

(राजसिंह वि0-4)

तो जान पड़ता है, कि तुम्हें दुःख (-) सुख से अधिक प्रिय मालूम है।

(सती चिन्ता-32)

: संयोजक चिन्हों का अभाव भी बहुत अधिक मिला है किन्तु उनका सबों को न तो यहाँ प्रस्तुत किया हो जा सकता है और न अपेक्षित ही है।

इसी प्रकार अन्य विराम चिन्हों के अभाव के उदाहरण नहीं के बराबर मिले हैं।

विराम चिन्हों के प्रयोग की अनियमितता

द्विवेदी युग की भाषा में जहाँ विराम चिन्हों के प्रयोग में अधिकता हुई वहाँ हो जहाँ प्रायः सभी प्रकार के विराम चिन्हों का प्रयोग अधिकाधिक होना शुरु हुआ वहीं भाषा के निर्माण युग होने के कारण प्रारम्भ में विराम चिन्हों के प्रयोग में निश्चित नियम का अभाव भी मिलता है। विरामचिन्हों के प्रयोग की अनियमितता से मेरा अभिप्राय —— कहीं एक ही प्रसंग में विराम चिन्हों का प्रयोग है तो कहीं नहीं है, कहीं उपयुक्त विराम विरामचिन्ह हैं तो कहीं अनुपयुक्त अथवा कहीं दोहरे विराम चिन्हों तक के प्रयोगों से जो अस्थिरता उत्पन्न हुई है, उसी से है।

विराम चिन्हों के अभाव, और अनुपयुक्त प्रयोग को तो पहले ही दिखाया जा चुका है यहाँ पर कुछ दोहरे विराम चिन्हों के प्रयोग तथा एक तरफे कोष्ठक के प्रयोग वाले रूप रचनाक्रम से दिखाए जा रहे हैं ——

: कोष्ठकों के संबंध में विशेष बात उल्लेखनीय है कि नाटकों में संकेत के लिए जो बातें कही गई हैं उनमें वर्गाकार कोष्ठकों का एकतरफा प्रयोग हुआ है फिर एक ही संकेत वाक्यों में दो भिन्न कोष्ठकों का प्रयोग हुआ है अर्थात एक तरफ वर्गाकार और दूसरी तरफ छोटा कोष्ठक इस प्रकार का प्रयोग निश्चय हो विशेष है — जहाँ पर एकतरफा कोष्ठक का प्रयोग हुआ है वहाँ पूर्ण विराम का भी प्रयोग नहीं हुआ है ——

[दोनों रंगभूमि से जाते हैं - --(शकुन्तला ना0- 4)

[वृक्ष की ओर चलती है - - - -(,,- 15)

[ऋषि कुमारी कान लगा कर सुनती है और चौंकती है -(शकुंतला ना0-27)

[अनसूया जाती है और प्रियम्वदा माला उतारती है (,,- 75)

[दुष्यन्त रथ पर चढ़ता है और सब जाते हैं   (,,- 147)

: विराम चिन्ह संबंधी अभाव मात्र '' शकुन्तला नाटक कृति में ही मिला है। वनवीर नाटक ' में दोनों ही तरह के प्रयोग मिले हैं ——

[विक्रम की छाती में खंजर मारना —— -(वनवीर ना0-73)

[सिर पर टोकरा लिए कामर का प्रस्थान(,,- 77)

[झांक कर विराम कुआ देती है। - - -(,,-77)

[वनवीर का प्रस्थान।- - - - - - - - - - (,,- 99)

[दोनों भील आते हैं ।- - - -(बनवीर नाटक- 111)

[पत्र लाने के लिए बैठक में आता है ।—(रावबहादुर- 46)

[कल्लू आता है - - - - - - - - - - - - - (,,- 56)

[दर्जी और उसका बेटा, दोनों बड़े अदब के साथ झुक कर सलाम करते और आते हैं। इसके दूसरी ओर से नौकर सहित रावबहादुर का भी प्रस्थान - - - - - - - - - - - - - - - - - - -(रावबहादुर-73)

[सब आते हैं - - - - (रावबहादुर- 142)

(सब पाण्डव अर्जुन के घर में] (महाभारत ना0-44)

दो चार सहेलियों के साथ कर्नाटी का प्रवेश कर्नाटी पृथ्वी राज को देख कर घूंघट काढ़ती हैं । सकल त सभा में सन्नाटा आ जाता है । जयचन्द्र के दरबारी परस्पर वार्तालाप करने लगते हैं ।)(संयोगिताहरण- 97)

सहेलियां होली की खुशी मनाती हैं , रायबहादुर आनकीनाथ अपनी स्त्री लक्ष्मी के साथ शराब पी रहे हैं) - - - -(श्री मती मंजरी- 21)

चाभी खोजने के बहाने जा कर लक्ष्मी को चिकोटी काट लेती है। लक्ष्मी की नींद खुल जाती है) - -(श्री मती मंजरी -27)

चम्पा का जाना नैना जी का वस्त्र बदले आना)(श्री मती मंजरी-32)

कमालउद्दीन खुदा से दुआ के लिये हाथ उठा कर बैठ जाता है)

(श्रीमती मंजरी- 49)

आनकीनाथ का पाँव पर- - - - - - - - - (,,- 58)

नैना जी का जाना- - - - - - - - - - - - (,,- 59)

(आकर (श्रीमतीमंजरी- 64)

अलमारी से जामा चाहता है) (,,- 79)

(हंस कर (महाभारत ना0-14)

1 कोष्ठकों के ये विविध रूप इस पुस्तक में सर्वत्र हैं , किन्तु ऐसे प्रयोग किसी किसी पुस्तक में ही हैं अन्यत्र इनका रूप न मिलने से यह निश्चित नहीं हो पाता कि यह प्रयोग उस समय चलता था अथवा लेखकों की स्वच्छन्दता है । फिर भी यह कहा जा सकता है कि कोष्ठकों का एकतरफा प्रयोग तो होता होगा किन्तु एक ही वाक्य में विविध कोष्ठकों का प्रयोग भाषा की अस्थिरता तथा लेखक की स्वच्छन्दता अथवा विरामचिन्ह के प्रति असावधानी ही है ।

: परिच्छेदों के अतिरिक्त एक ही प्रसंग में विविध विराम चिन्ह अप्रयोग भी विराम चिन्ह प्रयोग की अनियमितता ही है - ---

क्यों तुमको देखना था वो देख लिया न, ?(नागानंद-20)
अभी तो राजकुमारि ने चन्दन लता घर को प्रस्थान किया है न, ?
(नागानन्द - 22)
विदूषक — अहा । ———— (,, - 40)
प्रसन्न हो जा नवमालिका प्रसन्न ! । (नागानंद-43)
कुपद! मत जाना ! ।। ---- (महाभारत ना0-12)
है ये क्या व्यापार !।। ----(,, - 30)
विदुर ने तुमको एकान्त में ले जा कर क्या कहा (?।)
वह क्यों इतनी शीघ्रता से आप ओर चले गये ? ।।(महाभारत ना0-29)
गृहस्थी चलाने की बातें सदा भूल जाया करते हो यह क्या बात ? ।
(महाभारत नाटक-55)
क्यों विकर्ण फिर भी तुम अकेले ही आये !।! (महाभारत ना0-92)
क्या कहोगे अथवा क्या समझाते हो अपना सिर (महाभारत ना0-96)
हाय! हाय!! :—— (महाभारत ना0- 97)
महाराज ! :—— (,, - 99)
बिना अपराध के कारण मेरे साथ यह घोर अन्याय किया गया है ? ।
(महाभारत ना0- 102)
क्यों आज यही न ? ।। (,, - 102)
देखाव तो क्या किसी भी जीव के पास तक उसकी इच्छा नहीं पहुँचाई
जाये भी ।:— (उषा अनिरुद्ध - 30)
क्या है ? क्या है ? ? (,, - 78)
हाँ महाराज , माता जी की आज्ञा मान कर हट गया।—(उषाअनिरुद्ध-83)
राजा है तो क्या अमर हो कर आया है ? ——--(,, -94)

(एक बड़े जोर के शब्द के साथ कृष्ण का प्रकट होना तथा द्रौपदी के सिर पर हाथ रख देना, दुःशासन का द्रौपदी को अग्नि जान कर भयभीत हो दोनों हाथ पीछे हटा कर हट कर खड़े हो जाना, दुर्योधन तथा शकुनि का आश्चर्य से कृष्ण की ओर संकेत करना पाण्डवों का घुटनों के बल बैठ कर हाथ जोड़ कर कृष्ण के चरणों की ओर सिर नीचा कर लेना तथा

के लोगों का उचक कर आश्चर्य भरी दृष्टि से देखना।--(महाभारत ना0-109)

: विराम चिन्हों की उपर्युक्त अनियमितता तात्कालीन भाषा के अविकार रवरूप की तरफ संकेतक करता है।

7-3-- विराम चिन्हों की अनियमितता के कारण वाक्य के अर्थ में त्रुटियाँ --

जैसा कि पहले ही कहा जा चुका है कि उचित स्थान पर उचित विराम चिन्हों के न लगने से पूरा वाक्य का अर्थ ही बदल जाता है उसी प्रकार विरामचिन्हों की अनियमितताके कारण वाक्यों में प्रयुक्त शब्दों के आपसी संबंध को भी ठीक तरह से जानना असम्भव हो जाता है जिससे वाक्यों के अर्थ में अनेक भ्रम, त्रुटियाँ और अस्पष्टता आ जाती है। यहाँ पर उदाहरण के लिए कुछ ऐसे ही विचित्र वाक्य दिए जा रहे हैं ----

> हे राजा! जिस मुनि की कन्या को तुमने छल कर दूषित और जिसने कुछ दुराम्न न मान कर वही कन्या तुम्हारी ~~स्वाभाव~~ व्याहता स्वीकार कर ली और तुम्हारे पास ऐसे भेज दी जैसे कोई चोरी की वस्तु पा कर फिर वही वस्तु चोरको साह बनाने के लिए उसे दे देता है तो क्या ऐसे अपमान के योग्य है जैसा तुम उसके साथ करते हो ।। (शकुन्तला ना0-104)

> जब तक इस भगवती के बालक न जन्म हो जब तक यहीं मेरे घर रहे क्यों कि अच्छे अच्छे ज्योतिषियों ने आगे ही ~~कह~~ कह रखा है कि आप के चक्रवर्ती पुत्र होगा सो कदाचित इस मुनि कन्या के ऐसा ही पुत्र हो जिसके लक्षण चक्रवर्ती के से पावे ओंव तो इसे आदर से रनवास में लेना और न होवे यह अपने पिता के आश्रम को चली जाये गी ।।

> (शकुन्तला नाटक-111)

> हाय! इस समय इसकी ऐसी दशा है जैसे सन्मुख दीपक होते हुए भी ऊपर अंचल आ जाने से किसी को अँधेरा ही दीखता हो अभी इसका दुःख दूर कर देती परन्तु क्या करूँ इन्द्र की माता के मुख से शकुन्तला को यों समझाते सुन चुकी हूँ कि यज्ञ भाग के अभिलाषी देवता ऐसा करें गे जिससे तेरा भरता थोड़े ही काल में तुम धर्म पत्नी को आनन्द देगा इसीलिये जब तक यह शुभ घड़ी आवे तब तक मुझे कुछ न करनाचाहिए हाँ इतना तो करूँ गी कि अपनी प्यारी सखी को इन वृत्तांतों से धीरज बधाऊँ ।।

> (शकुन्तला नाटक- ~~(ना)~~.143)

जब हरी जाजम से होगा , तो मूल मतलब को वह तत्काल भूल जायेगी।
तो उसकी दृष्टि एकमात्र उस मोटा बात पर ही जा गिरेगी ।

(सर0 1907- पृ0-146)

थोड़ी दूर चलने के बाद एक पुल मिला पुल के पार होने पर एक
शाल का वन था घना अंधकार अपना प्रभाव फैलाये हुए था । (मर्यादा-1911-
139)

किन्तु छाया आये न उनरे बैरी बस पड़ियाँ ।''

यह लोकोक्ति उसके दिमाग में चक्कर काट रही थी ।- - -(पु0सै0-36)

इस गायन में पद-पद पर इसका संकेत है । और फिर वह जमाना भी
ऐसा नहीं था जिसमें भगवान का भजन भी झूठ ढकोसला ख्याल किया जाय

(पु0सै0- 43)

सवेरा होते ही जो चना खा- पी कर उसी पहाड़ की ओर चले । जिसकी
चोटी पर कुछ शाल के आदमी बैठा था । - - - - - -(ठक0 मो0-130)

मैं अब उठी उस क्षण मुझे ऐसी वेदना हुई कि समग्र अन्तर सहस्त्र टुकड़ों
में टूट नहीं गया यही आश्चर्य था । - - - - - - - - (कल्पकुसु0- 74)

रात्रि के प्रथम प्रहर के स्थान पर दूसरे प्रहर में लगभग एक घन्टा पूर्व
अधिकार कर लिया था । - - - - - - - - -(मनोरमा-309)

मनुष्य जाति के विषय में भी अनेक ज्ञातव्य बातें लिखी है । क्यों कि
इन लोगों की सहायता के बिना अन्य देशवासी ध्रुव प्रदेश में अधिक दूर तक
नहीं जा सकते - - - - - - - - - - - - - - - - - -(लेखांजलि -59)

संस्कृत में जैसे पद्य ग्रंथों की बहुलता और गद्यग्रंथों की प्रायशः अभाव
सा ही है । तदनुसार ही हिन्दी में भी पद्य ग्रंथों का प्रचार ही दिनोंदिन
परिपुष्ट होता आया ।- - - - - - - - - - - - -(जे0 नि0- 15)

रामेश्वर प्रसाद अपने कमरे में बैठे? आकाश पाताल की सोच रहे थे ।

(गल्प मंजरी-84)

उपर्युक्त उद्धरणों में विराम संबंधी जो अनियमितता दिखाई पड़ रही है उनमें से कुछ
तो मुद्रण की भूल भी हो सकती है । किन्तु जहाँ पर लम्बे लम्बे उद्धरणों
के आवश्यक स्थलों पर भी विराम चिन्हों का अभाव वास्तव में ही विचारणीय है।
फिर अनुपयुक्त विरामों के प्रयोगों से तो पूरे वाक्य का ही अर्थ बदल जाता है।
जैसे कि अनुपयुक्त विराम प्रयोग में प्रश्न सूचक और विस्मयादि सूचक उद्धरण से

स्पष्ट हो जाता है —देखिए ------- (प्रश्न सूचक अथवा विस्मयादि के स्थान पर पूर्ण विराम ।)

खण्ड-2

द्विवेदी युगीन गद्यभाषा का शैलीगत अध्ययन

द्विवेदी युगीन गद्यभाषा के भाषा वैज्ञानिक अध्ययन के पश्चात् शैलीगत अध्ययन भी आवश्यक हो जाता है । शैली की दृष्टि से भी द्विवेदी युगीन गद्यविधाओं में एक क्रमिक विकास मिलता है । निबंध , कहानी, उपन्यास नाटक, आलोचना, पत्रकारिता आदि जितनी भी द्विवेदी गद्यविधाएँ हैं उनके आद्योपान्त अध्ययन से स्पष्ट है कि इन विधाओं में व्यवहृत भाषा क्रमशः सरलता से जटिलता: अपरिमार्जित से परिमार्जित और शैशवावस्था से प्रौढ़ता को प्राप्त होती गई है । इन विधाओं की आरम्भिक भाषा से ऐसा प्रतीत होता है मानों लेखकों का मुख्य ध्येय हिन्दी का येन केन प्रकारेण प्रचार करना था । भाषा परिष्कृत, परिमार्जित या प्रौढ़ है या नहीं इस ओर उनका ध्यान नहीं के बराबर था, यह कार्य तो उत्तर द्विवेदी युगीन लेखकों द्वारा सम्पादित किया गया । अब यहाँ पर क्रमशः विभिन्न गद्य विधाओं को ले कर उनकी भाषा शैली का विवेचन किया जा रहा है—

1- निबंध विधा:-

जहाँ तक निबंध विधा की भाषा शैली का प्रश्न है लेखकों ने जनभाषा तक हिन्दी के प्रचारार्थ व्यावहारिक भाषा को ही निबंधों में आवश्यक प्रश्रय दिया है । इसके लिए सरल , सुबोध प्रवाहमयी भाषा का ही अधिक प्रयोग किया है । बालमुकुन्द गुप्त , पद्मसिंह शर्मा, महावीर प्रसाद द्विवेदी, चन्द्रधर शर्मा गुलेरी पार्वतीनंदन, जनार्दन भट्ट आदि की भाषा इसी प्रकार की है । इनकी भाषा शैली में जनसामान्य में प्रचलित उर्दू, फारसी, अंग्रेजी आदि के शब्दों का निःसंकोच प्रयोग हुआ है । उदाहरणार्थ बालमुकुन्द गुप्त का मेले का ऊँट'' नामक निबंध उपयुक्त गद्यांश प्रस्तुत है — यथा —

'' किसी को पुरानी बात यों खोलकर कहने से आजकल के कानून से हतक-इज्जत हो जाती है । तुम्हें खबर नहीं कि अब मारवाड़ियों ने '' ''एसोसियेशन' बना ली है । अधिक बलबलाओगे तो वह रिजोल्यूशन पासकर के तुम्हें मारवाड़ से निकलवा देंगे । अतः तुम उनका कुछ गुणगान करो जिससे वह तुम्हारे पुराने हक को समझें और जिस प्रकार लार्ड कर्जन ने किसी जमाने के

'ब्लैक होल' को उस पर लाठ बनवा कर और उसे संगमरमर से मढ़वा कर शानदार बनवा दिया है उसी प्रकार भारवाड़ी तुम्हारे लिए अबकी कोठी, जरी की गद्दियाँ, हीरे- पन्ने की नकेल और सोने की पीटियाँ बनावा करुन तुम्हें बड़ो करेंगे और अपने बड़ो की सवारी का सम्मान करेंगे '' --(मेले का ऊँट- बालमुकुन्द गुप्त, निबंध पूर्णिमा पृ0-11)

आरम्भ के निबंधों की भाषा में व्यंग्य विनोद, मुहावरों लोकोक्तियों आदि- की प्रचुरता है जिससे लेखकों की भाषा शैली में उन्मुक्तता, स्वच्छन्दता और गति में प्रवाहमयता है ओजन सामान्य में सहज हो आह्लादकारी- हो जाती है। तीखे और मार्मिक व्यंग तथा लोकोक्तियों युक्त भाषा शैली के लिए पंडित बालमुकुन्द गुप्त का साहित्यिक निबंध 'भाषाकी अनस्थिरता' नामक शीर्षक से उध्दृत निम्नलिखित गद्यांश पर्याप्त होगा। प्रस्तुत गद्यांश में लेखकों ने जिन शब्दों और वाक्यों का प्रयोग किया है वे अपने स्थान पर इतने सटीक हैं कि उनमें थोड़ा सा भी हेर-फेर कर देने से हास्य और व्यंग्यादि का पूरा मजा ही किरकिरा हो जाता है यथा ——

'' जो लोग समझते थे कि हिन्दी भाषा एक दम से लावारिस है कोई उसका मुरब्बी या सरपरस्त नहीं — वह यह खबर सुन कर खुश होंगे कि अब तक में उक्त भाषा माता-पिता विहीन नहीं है। गत नवम्बर मास की 'सरस्वती' के देखने से विदित हुआ कि उक्त पत्रिका के सम्पादक पंडित महावीरप्रसाद द्विवेदी जी हिन्दी भाषा के संरक्षक या वारिस दो में से एक कुछ हुए हैं। इसके लिए हिन्दी के प्रेमियों और द्विवेदी जी महाराज को हम बधाई देते हैं।

कहावत है कि बारह वर्ष के पीछे घूरे के दिन भी फिरते हैं। उसके अनुसार अन्त को हिन्दी के दिन भी फिरे। बड़े ही अच्छे अवसर पर द्विवेदी जी ने सरस्वती की उस संख्या में 'भाषा और व्याकरण लिख कर अपनी हिन्दी दानी के झंडे गाड़ दिए हैं। आप ने साबित कर दिया है कि हरिश्चन्द्र से ले कर आज तक जितने हिन्दी लिखने वाले हुए हैं सब की हिन्दी अशुध्द है। उन सब की इसलाह के लिए आप को स्वयं खलीफा या उस्ताद बनना पड़ा है और सब को एक ही उलटे उस्तरे से मूड़ना पड़ा है। सच है इस तरह बिना ठीक सफाई भी नहीं हो सकती '.'

(गुप्त निबंधावली- भाषा की अनस्थिरता

~~जैसे~~ इसी प्रकार पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी ने भी अपने निबंधों की भाषा सरल और व्यवहारिक ही रखा है, अपने साहित्यिक निबंध' ~~कवि~~ 'कवि बनने के सापेक्ष साधन' में उन्होंने अपनी इसी भाषा शैली के माध्यम से आधुनिक साहित्य में कवि बनने की होड़ तथा उससे उत्पन्न साहित्यिक कुपरंपरा के प्रति बड़ा ही सुन्दर कटाक्ष किया है यथा -----

आज कल हिन्दी कवियों ने बड़ा हो और मचाया है। जिधर देखिए उधर कवि ही कवि। जहाँ देखिए वहाँ कविता ही कविता। कवि बनाने के कारखाने भी रातदिन जारी हैं। कोई कहता है, हमारे पिंगल के प्रचार से चौक-चौक में कवि हो सकते हैं। कोई कहता है हमारा काव्य कल्पद्रुम पढ़ लेने से सैकड़ों कालिदास पैदा हो सकते हैं। कोई कहता है, हमारा काव्य प्रभाकर ही कवि बनने के लिए एक मात्र साधन है, उसकी एक ही झाँकी मनुष्य को कवित्व की प्राप्ति करा सकती है। कोई कहता है- हमारी सभा की दी हुई समस्याओं की पूर्तियाँ करने से अनेक व्यास और वाल्मीकि फिर जन्म ले सकते हैं। शायद इन्हीं लोगों के उद्योग का फल है जो हिन्दी में आजकल इतने कवियों का एक ही साथ प्रादुर्भाव हो गया है। पर इन कविता- कुबेरों के प्रादुर्भाव से सहृदय सज्जन बहुत तंग हो रहे हैं। जो काम बहुत कठिन समझा गया है वह इन कवियों के लिए खेल हो रहा है। (कवि बनने के सापेक्ष साधन 'रसज्ञ रंजन पृ०-24)

किन्तु जैसे जैसे विचारों में प्रौढ़ता, तार्किकता और विवेचनात्मक शक्ति का विकास होता गया भाषा शैली में भी गंभीरता , प्रौढ़ता और जटिलता का समावेश होता गया है। यही कारण है कि सरदार पूर्ण सिंह के निबंधों से विकसित हो कर आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, गुलाबराय , श्यामसुन्दर दास के निबंधों में भाषा को यह प्रौढ़ता और विवेचनात्मक शक्ति अपनी चरमावस्था को प्राप्त हुई है। दूसरे शब्दों में उत्तर द्विवेदी युगीन निबंधों की भाषा शैली मात्र मनोरंजन की ही सामग्री नहीं रही वरन् वह विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम भी हुई। एक - एक शब्द और एक-एक वाक्य में लेखकों के गूढ़ विचार निहित होने लगे। उत्तरकालीन निबंधों में भाषा की यह प्रौढ़ता विवेचनात्मकता और गंभीरता यहाँ तक बढ़ी कि यदि एक ही वाक्य से एक भी शब्द इधर -उधर कर दिया जाय तो लेखक के समस्त विचारों में महान उलट -फेर हो जाता है। यथा——

'' जिस प्रकार सुखी होने का प्रत्येक प्राणी को अधिकार है उसी प्रकार मुक्तातंक होने का भी। पर कार्य क्षेत्र के चक्रव्यूह में पड़ कर जिस प्रकार सुखी होना प्रयत्न साध्य होता है उसी प्रकार निर्भय रहना भी। निर्भयता के सम्पादन के लिए दो बातें अपेक्षित होती हैं — पहली तो यह कि दूसरों को किसी प्रकार का भय या कष्ट न दे, दूसरी यह कि दूसरे हमको कष्ट या भय पहुँचाने का साहस न कर सकें। इनमें से एक का संबंध उत्कृष्ट शील से है और दूसरी का शक्ति और पुरुषार्थ से।''

(भय- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल,- चिन्तामणि- भाग-1 पृष्ठ-104)

उपर्युक्त भाषा शैली के अलावा इस युग के कई निबंधकारों ने अपने निबंधों में संस्कृत के शब्दों का ही मात्र प्रयोग किया है। गोविन्द नारायण मिश्र, जगन्नाथ प्रसाद चतुर्वेदी जैसे निबंधकारों की भाषा में ऐसी ही शैली का प्रयोग हुआ है, इसमें शब्दाडम्बर चमत्कार और प्रयत्न की मात्रा ही अधिक दिखाई पड़ती है। सुबोधता, सरलता व्यवहारिकता तथा स्वाभाविकता जो साहित्यिक भाषा के गुण है इस शब्दाडम्बर और चमत्कार प्रदर्शन भावना के कारण नष्ट हो गए हैं यथा——

''मनस्वी मर्मज्ञ सुविमल ज्ञान- विज्ञान सुशोभित सुजनमन सुमनदल ही इन अनोखे शिल्पी शिरोमणि अद्भुत चित्रकार कुल उजागर चतुर नरवरकुल कमल कमलाकर दिवाकर कविवरों का सुन्दर सुविशाल सुयोग्य, सर्वोत्तम सर्वगुण सम्पन्न द्वितीय चित्रपट है। - - - - - (कवि और कविता- गोविन्द नारायण मिश्र)
(श्री गोविन्द निबंधावली पृ0-8)

2- कहानी विधा

कहानी विधा वस्तुतः द्विवेदी युग की ही देन है। इस युग की कहानियों में प्रयुक्त भाषा शैली के दो रूप देखने को मिलते हैं :—
(1) वर्णनात्मक भाषा शैली (2) भावात्मक या आलंकारिक भाषा शैली।
वर्णनात्मक भाषाशैली जन सामान्य की भाषा से प्रभावित है प्रेमचन्द, चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, वृन्दावनलाल वर्मा, विश्वम्भर नाथ 'कौशिक', सुदर्शन, ज्वालादत्त शर्मा आदि की कहानियों में इसी प्रकार की भाषाशैली का प्रयोग हुआ है। इनकी कहानियों की भाषा में उर्दू फारसी अंग्रेजी के जन प्रचलित शब्दों तथा

लोकोक्तियों और मुहावरों का निःसंकोच रूप से प्रयोग किया गया है ऐसा करने में लेखकों का उद्देश्य भाषा में सरलता, सुबोधता और प्रवाहमयता लाना ही रहा है । शब्द चयन और वाक्य विन्यास के प्रति लेखकों की दृष्टि उदार ही रही है । कहानियों में इन लेखकों की भाषा शैली पात्रों के अनुसार ही उर्दू वाँ, संस्कृतनिष्ठ, सामान्य या ठेठ रूप में बदलती गई है ।

इनमें भी उर्दू-फारसी तथा मुहावरेदानी वाली भाषा का प्रयोग ही अधिक हुआ है यथा ——

'' घनश्याम '' क्यहाँ तो वही रफ्तार बेढंगी जो पहले थी सो अब भी है , न सावन हरे, न भादों सूखे। गिनी रोटी और नपा शोरबा । आप अपनी कहिए।'' (संतोषायन- विश्वम्भर नाथ शर्मा 'कौशिक' चित्रशाला2पृ0

इसमें भाषा की सरलता प्रवाहता और मुहावरेदानी देखते ही बनती है। इसी तरह ठेठ भाषा शैली तथा उर्दू प्रधान भाषा शैली का रूप प्रेमचन्द की कहानियों से स्पष्ट है यथा——

'' क्या मिलती है । नकदा जिया बुरा हवाल दिन भर कल में मजदूरी करते हैं, तो चूल्हा जलता है । चाँदी तो आजकल बुध्दू की है । रखने को ठौर नहीं मिलता। नया घर बना, भैंसे और ली हैं । अब गुड़ी परदेश की धूम है । सातों गाँवों में सुपारी जायेगी ।

(मुक्ति मार्ग- प्रेमचन्द- मानसरोवर
भाग-3 पृ0- 251)

सरल, व्यवहारिक और व्यंग्यमय वर्णनात्मक भाषा शैली का सुन्दर प्रयोग गुलेरी जी की कहानियों में देखते ही बनता है। उसने कहा था' कहानी में लेखक ने अमृतसर के बम्बूकोर्ट वाले इक्के तांगे वालों की खबर लेने के लिए व्यंग्यमय भाषा शैली का बहुत ही सुन्दर प्रयोग किया है । उपरी तौर पर यद्यपि लेखक उनके व्यवहार की बड़ाई ही करते हुए दीखते है किन्तु उस बड़ाई के पीछे जो तीखा व्यंग्य और कटाक्ष है वह देखने ही योग्य है यथा——

'' बड़े - बड़े शहरों के इक्के गाड़ी वालों की जबानी के कोड़ो से जिनकी पीठ छिल गई और कान पक गए हैं, उनसे हमारी प्रार्थना है कि अमृतसर के बम्बूकोर्टवालों की बोली का मरहम लगावे । जब बड़े बड़े शहरों की चौड़ी सड़कों पर घोड़े की पीठ को चाबुक से धुनते हुए इक्के वाले कभी

घोड़े की नानी से संबंध स्थिर करते हैं, कभी राह चलते पैदल की आँखों के न होने पर तरस खाते हैं, कभी उनके पैरों की अंगुलियों के पोरों को चीथ कर अपने ही को सताया हुआ बताते हैं और संसार भर की ग्लानि, निराशा और क्षोभ के अवतार बने नाक की सीध चले जाते हैं, तब अमृतसर में उनकी बिरादरी वाले तंग चक्करदार गलियों में हर एक लड्ढीवाले के लिए ठहर कर, सब्र का समुद्र उमड़ा कर बचो खालसा जी हटो भाई जी, ठहरना भाई, आने दो लाला जी, हटो बाछा कहते हुए सफेद फेटों खच्चरों और बत्तखों गन्ने और खोमचे और भारेवालों के जंगल में से राह खेते हैं। क्या मजाल है कि 'जी' और साहब बिना सुने किसी को हटना पड़े। यह बात नहीं कि उनकी जीभ चलती ही नहीं, चलती है, पर मीठी छुरी की तरह मीठी मार करती है।

(उसने कहा था- गुलेरी जी की अमरकहानि
पृ०- 48)

वर्णनात्मक भाषाशैली वर्ग के कहानी लेखकों की भाषा में उन्मुक्त उभार और भाषा का व्यावहारिक चलतापन विशेष उल्लेखनीय है। वास्तविकता तो यह है कि इस वर्ग के समस्त कहानीकारों ने मध्यममार्गी भाषा को ही अपनाया है। इनकी कहानियों में प्रयुक्त भाषा यद्यपि क्रमशः प्रौढ़ और परिष्कृत होती गई है किन्तु भाषा को जनसामान्य में ग्राह्य बनाने के हेतु शब्द चयन, वाक्य-विन्यास आदि में सर्वत्र ही उदार दृष्टिकोण को अपनाया गया है। सहजता, सरलता, और प्रवाहता के लिए अनेकों स्थल पर लेखकों ने ग्रामीण, देशज, तद्भव तथा उर्दू-फारसी और अंग्रेजी आदि विदेशी भाषा के व्यावहारिक शब्दों को भी निःसंकोच अपनाया है। यद्यपि ऐसा करने में कहीं-कहीं व्याकरणगत त्रुटियाँ भी आ गई हैं। किन्तु इससे व्यावहारिकता, सरलता, सुबोधता में कहीं भी अन्तर नहीं आ पाई है। इसके साथ ही लोकोक्तियों और मुहावरों के प्रयोग ने भाषा की व्यावहारिकता में चार-चाँद लगा दिया है।

भावात्मक और अलंकारिक भाषाशैली वर्ग की कहानियों की भाषा चुने हुए अभिजात्य वर्ग तक ही सीमित रह जाती है। इनमें प्रयुक्त, शुद्ध तत्सम, संस्कृत शब्दावली सम्पन्न भाषा कुछ अधिक बुद्धि की अपेक्षा रखती है। इस वर्ग के लेखकों ने अपनी कहानियों में भावात्मक स्थितियों को ही स्थान दिया है जिससे भाषा स्वतः ही भावप्रधान और तत्सम शब्द युक्त हो गई है। लोकोक्तियों, मुहावरों और तद्भव, देशज आदि शब्दों का पूर्णतया बहिष्कार किया गया है।

जयशंकर प्रसाद, रायकृष्ण दास , चण्डीप्रसाद हृदयेश विनोद शंकर व्यास' और कुछ सीमा तक राधिकारमणसिंह भी इसी वर्ग के कहानीलेखक हैं। इनकी कहानियों में संस्कृत की कोमल कांत पदावली , लाक्षणिकता प्रतीकात्मकता और सूक्तिप्रधान भाषा शैली की ही प्रधानता है । प्रकृति के विभिन्न चित्रण में भाषा भी अत्यधिक भावप्रधान और अलंकारिक हो गई है । ऐसी भाषा का रूप प्रसाद की छाया संग्रह से उद्धृत निम्न गद्यांश में देखा जा सकता है —

'' उत्ताल तरंगों की फेनोमाला अपना अनुपम दृश्य दिखा रही है। नीलाम्बु शिखर के समान तरंगों पर चन्द्र दर्शक ध्रुवों की प्रभामयी किरणावली का प्रकाश नीलगगन में विद्युत सौदामिनी को भी लज्जित कर रहा है चारों ओर जल ही जल है, चन्द्रमा अपने पिता की गोद में क्रीड़ा करता हुआ आनन्द दे रहा है लहरों के घात - प्रतिघात से अतीव भयंकर गर्जन ध्वनि होती है। जान पड़ता है कि वर्षा-ऋतु ने इसी समुद्र में ही अपना डेरा जमाया है ।'' — (मदन मृणालिनी- जयशंकर प्रसाद 'छाया' पृ0-53)

इसी प्रकार शुद्ध संस्कृत के शब्द युक्त अलंकारिक भाषा - शैली की सुन्दर छटा चण्डीप्रसाद हृदयेश की भाषा शैली में देखते ही बनती है यथा। —

'' नील नभोमंडल में चन्द्रमंडल से निःसृत हो कर चन्द्रिका समस्त पृथ्वीमंडल में सुधा- धारा की भांति फैली हुई है । प्रकृति निस्तब्ध है, धीर-समीर आमोद परिपूर्ण हो कर चतुर्दिक बह रही है । शैलेन्द्र की एक शिला पर बैठे हैं । उनके चरण तल के समीप एक गिरि निर्झरिणी मंद-मंद गति से नवयौवन नायिका के मधुर पद झंकार की भांति मनोहर कल-कल शब्द करती हुई अपने निर्दिष्ट पथ की ओर अग्रसर हो रही है । सामने विशालकाय नगेन्द्र कुसुमभूषित लताओं का शीशमुकुट धारण किए हुए खड़े हैं ।

(प्रेमपरिणाम- चण्डीप्रसाद हृदयेश, नंदन निकुंज- पृ0 10)

3- उपन्यास विधा

कथा साहित्य के समान ही उपन्यास विधा का उद्भव और समुचित विकास भी द्विवेदी युग में ही सम्पन्न होता है । भाषाशैली की दृष्टि से इस युग के उपन्यासों को दो वर्गों में इस युग के उपन्यासों को दो वर्गों में बाँटा जा सकता है भाषा शैली का यह विभाजन प्रेमचन्द्र की औपन्यासिक कृतियों में निहित भाषा के आधार पर ही किया गया है ।

प्रेमचन्द्र के पूर्वकालीन लेखकों में देवकी नंदन खत्री किशोरीलाल गोस्वामी गोपालराम गहमरी अयोध्यासिंह उपाध्याय, ब्रजनंदनसहाय, गंगाप्रसाद गुप्त आदि का नाम विशेष उल्लेखनीय है ।

उपन्यासों की रचना में इनका मुख्य उद्देश्य मनोरंजन का सृजन करना था जिसकी पूर्ति के लिए बहुत ही सरल और व्यवहारिक भाषा के अपनाया गया। इसी समय उर्दू-फारसी , अंग्रेजी, मराठी गुजराती, बंगला आदि अनेक भाषाओं के अनुवाद भी बहुत ही हुए परिणाम स्वरूप इन भाषाओं के अनेकों शब्द इन उपन्यासों की भाषा शैली में स्वभावतः ही आ गए हैं । भाषा की दृष्टि से प्रारम्भिक युग संक्रांति युक्त था जिससे औपन्यासिक कृतियों में भाषा का मनमाना प्रयोग भी दिखाई पड़ता है । अनेकों उर्दू-फारसी शब्दों में विसर्ग लगा कर संस्कृत के समान शब्द बनाने की प्रवृत्ति किशोरीलाल गोस्वामी, गंगाप्रसाद गुप्त, और देवकीनंदन खत्री में विशेष रूप से दिखाई पड़ती है — यथा

प्राजिलः , शहलाः, तोबः , अजाब, आदि ।

पूर्वप्रेमचन्दकालीन प्रायः समस्त लेखकों पर ब्रजभाषा का प्रभाव यथेष्ठ मात्रा में दिखाई पड़ता है । यथा——

वह बंधु मदक पीके सदा सोया करें और अंगरेज रुपया कमाकर विलायत लिया करें, बंगाली रोया करें , और सत्यानाश में मिला करें, बंग देश के लिए तो यह साधारण नियम था । (आनन्द मठ- 9)

ग्रामीण , देशज, तद्भव और संस्कृत के तत्सम शब्दों के साथ ही साथ बहुत सीमा तक लोकोक्तियों मुहावरों और कहावतों का प्रयोग भी हुआ है । ' कलियुगी परिवार का एक दृश्य नामक उपन्यास में से उद्धृत भाषा शैली इसके लिए पर्याप्त होगी यथा——

" अच्छा मैं आऊँ हूँ तू उसे भी जगा आ मुझे रात बुखार हो आया था इससे कुछ उठने को जी ना करता ।

अच्छा आऊँ हूँ कह राम दुलारी अपनी प्यारी जिठानी के कमरे () जा बोली जिठानी जी कैसो तबियत है आज तो मैं सबेरे 2 शनीचर का औतार बन चुकी हूँ ।

मुझपे तो रोज चौका बर्तन नहीं होता एक दिन रोटी न मिले तब ही आटा- दाल का भाव मालूम हो गा । आज बिना खाये कचहरी चले जायेंगे ।

(कलयुगी परिवार का एक दृश्य-पृ०-4)

उपर्युक्त गद्यांश में व्यवहारिक भाषा के साथ ही साथ व्याकरणगत त्रुटियाँ भी दर्शनीय हैं ।

शुद्ध संस्कृत और समास युक्त अलंकारिक भाषा शैली का रूप किशोरी लाल गोस्वामी के उपन्यासों में देखा जा सकता है यथा——

पूर्ण निशीथकाल में नि नीलाकाश का वक्षःस्थल विदीर्ण कर करोड़ों तारागण मुख निकाल के पृथ्वी की ओर देखते और तम को दूर करने में व्यर्थ प्रयास करते थे । क्यों कि जब तम के भय से तारानाथ ही ने पराजय स्वीकार कर गृहगृह का अवलंबन किया था, तब तारागणों का तम नाश के लिए उद्योग करना विडम्बना मात्र ही था । कृष्णाभिसारिका रजनी तिमिरावगुंठन करके संसार में एकछत्र विचार रही थी, उस समय तमतमिस्त्रा का तामस समागम दर्शनीय था - - - - -(अर्थलतादेवी -किशोरी लाल गोस्वामी-पृष्ठ- 42)

इसी समय अयोध्यासिंह उपाध्याय ने अपने उपन्यासों की भाषा ठेठ हिन्दी रखी जो बहुत ही सरल, व्यवहारिक और कौशियों से प्रभावित है -यथा——

" रूप ही इस तिरियों में से कई एक ने देवहुती के पानी में उतराते हुए कपड़ों को दिखला कर कहा— रूप ही कपड़ों को कींचने के लिए देवहुति पानी में बैठी थी, अभी नहाने और कपड़ा फींचने भी नहीं पाई थी — इसी बीच घड़ियाल आन पहुंचा है, उसको पकड़ ले गया ।"

(अधखिलाफूल- अयोध्यासिंह उपाध्याय-पृ०-136)

कहीं कहीं तो भाषा में उर्दू फारसी के शब्दों की भरमार है फिर भी उनके अभिव्यक्ति में कठिनाई नहीं होती । इस प्रकार की भाषा में

लोकोक्तियों और मुहावरों के प्रयोग ने उनके प्रवाह में और भी जान डाल दी है। '' चौहानी तलवार '' नामक उपन्यास से उद्धृत निम्न गद्यांश इसी प्रकार का है यथा—

'' वल्लाह आफ़रीं है आप के इन ख्यालातों पर। सुभानअल्लाह। कहाँ तक आपने शेख़ मारी है कि हमको भी ~~सक-आपने~~ मात कर दिया। आओ जनाब। आप पहले पहल न जंग में चल रहे हैं? इसी वजह से इतनी बड़की-बड़की बातें कर रहे हैं। अगर आप को कभी इन राजपूतों या क्षत्री कौमों से वास्ता पड़ा होता तो कदर आफ़ियत हो जाती। क्योंकि शरअ'' कदर आफ़ियत आँ कसे दानद, कैश मुसीबत गिरफ्तार आयद' (जो मनुष्य विपत्ति में पड़ जाता है वही सुख की क़दर को जानता है।) किसी आला ख़्यालात ने क्या अच्छा कहा है। ' ऊँट जब तक पहाड़ के नीचे नहीं आता, तब तक वह किसी को अपने से ऊँचा नहीं देखता। -----(चौहानी तलवार- हरिदास माणिक-पृष्ठ-344)

उपन्यासों की भाषा शैली में प्रौढ़ता, गंभीरता, परिमार्जन आदि का समावेश प्रेमचन्द के औपन्यासिक क्षेत्र में पदार्पण के साथ ही शुरू होता है। इस समय तक भाषा में बहुत अधिक परिमार्जन और परिष्कार हो गया था। प्रेमचन्द के बाद की परम्परा में लिखने वालों में विश्वम्भरनाथ शर्मा-'कौशिक' वृन्दावन लाल शर्मा, जयशंकर प्रसाद, चंडीप्रसाद, हृदयेश' आदि का नाम विशेष उल्लेखनीय है। इनकी औपन्यासिक कृतियों का भाषा - शैली प्रौढ़ परिष्कृत सरल सुबोध और व्यवहारिक है। मुहावरों, कहावतों, तद्भव प्रयोग देशज उर्दू फ़ारसी अंग्रेजी आदि भाषाओं के शब्द भी यथा सम्भव उपयोग में आये गए हैं। ऐसा करने में लेखकों का मुख्य उद्देश्य भाषा को जनसामान्य की वस्तु बनाना तथा शब्द चयन के प्रति उदार दृष्टि कोण ही रहा है। प्रेमचन्द 'कौशिक' और वृन्दावनलाल वर्मा ने इसी तरह की भाषा शैली को अपनाया है। स्पष्टीकरण के लिए प्रेमचन्द की प्रसिद्ध औपन्यासिक कृति सेवासदन से निम्न गद्यांश प्रस्तुत है —

क्या मालूम हो जाता कि हमारी जिन्दगी का क्या मकसद है, हमें जिन्दगी का लुत्फ़ कैसे उठाना चाहिए। हम कोई भेड़ बकरी तो हैं नहीं कि माँ-बाप जिसके गले मढ़ दे बस उसी के हो रहे। अगर अल्लाह को मंजूर होता कि तुम मुसीबतें झेलो तो तुम्हें परियों की सूरत क्यों देता? यह बेहूदा रिवाज यहीं

है लोगों में है कि औरतों को इतना जलील समझते हैं, नहीं तो और सब मुल्कों में औरतें आजाद हैं, अपनी पसन्द से शादी करती हैं और जब उससे राय नहीं आती तो तलाक दे देती हैं। लेकिन हम सब वही पुरानी लकीर पीटे चली जा रही हैं। (सेवासदन- प्रेमचन्द-पृ0- 54)

उपर्युक्त गद्यांश में उर्दू और फारसी के उन्हीं शब्दों को प्रयोग किया गया है जो जन सामान्य के अत्यधिक निकट हैं। भाषा में सरलता, सुबोधता और प्रवाहता कूट-कूट कर भरी है। इससे भिन्न प्रसाद और चण्डीप्रसाद हृदयेश ने तत्सम प्रधान अलंकारिक भाषा शैली को अपनाया। इनके उपन्यासों की भाषा अपेक्षाकृत अधिक अलंकारमयी ~~अलंक~~ भावप्रधान और अभिजात्यवर्गीय है -- कंकाल' में प्रसाद जी ने प्रकृति के चित्रण में इसी भाषा का प्रयोग किया है यथा--

'' एक चाँदनी रात थी। गंगा के तट पर अखाड़े से मिला हुआ उपवन कोठा। विशाल वृक्ष की विरल छाया में चाँदनी उपवन की छाया में अनेक चित्र बना रही थी। बसन्त समीर ने कुछ रंग बदला था। निरंजन मन के उद्वेग से वहीं टहल रहा था।''

(कंकाल - जयशंकर प्रसाद- प्रथम खण्ड- पृ0- 19)

तत्सम प्रधान आलंकारिक भाषा शैली का सुन्दर रूप चण्डीप्रसाद 'हृदयेश' की औपन्यासिक कृति' मनोरमा' से उद्धृत निम्न गद्यांश में देखते ही बनता है यथा ------

'' सांध्य वायु सेवन करने के लिए ठाकुर कालन्दीसिंह और रामेश्वर निकले। सूर्य देव पश्चिम सागर में पतित हो रहे थे। उनकी स्वर्ण- वर्ण किरण माला आम्रकानन को सम्प्रीतराशि को देदीप्यमान कर रही थीं। उनमें कोमल सौन्दर्य था, उनमें प्रखर विलास नहीं था। संध्या समीर परिहासमय पुष्प-पुंज से क्रीड़ा कर रहा था। प्रकृति परिवार संगीत गा रहा था और परिमल मयी - शांति ताल दे रही थी।''

(मनोरमा- चण्डीप्रसाद हृदयेश-पृ0-158)

इस प्रकार किशोरीलाल गोस्वामी के उपन्यासों से ले कर प्रेमचन्द , कौशिक वृन्दावनलाल वर्मा, आदि के उपन्यासों में विकसित होती हुई उपन्यास विधा की भाषाशैली जयशंकर प्रसाद हृदयेश के उपन्यासों तक आते, आते पूर्णतः परिष्कृत व प्रौढ़ और परिमार्जित हो गई है।

नाट्य विधा—

अन्य विधाओं की अपेक्षा द्विवेदी युग का आरम्भिक दस वर्ष नाट्यविधा के लिए बहुत ही दयनीय सिद्ध हुआ, किन्तु इसके युग के उत्तर काल में प्रौढ़ नाट्यकृतियों का सृजन हुआ। भाषा शैली की दृष्टि से इस युग की नाट्य कृतियों को तीन वर्गों में बाँटा जा सकता है जिनमें भाषा के तीन स्तर मिलते हैं यथा—

प्रथम कोटि के नाटक वे हैं जो पारसी कम्पनियों को लक्ष्य कर के लिखे गए हैं इनकी भाषा बहुत ही निम्नकोटि की है आद्योपान्त त्रुटिपूर्ण होने पर भी भाषा भाव और पात्रों के भी अनुकूल नहीं है साहित्यिक दृष्टि से इन नाटकों का कोई महत्व नहीं है। इस वर्ग के नाटक कारों में नारायण प्रसाद बेताब, राधेश्याम कथावाचक, कृष्ण चन्द्र जेबा, तुलसीदत्त शैदा, किशोरी लाल गुप्त, राधेश्वरी प्रसाद राय आदि का नाम विशेष उल्लेखनीय है। इनकी कृतियों की भाषाशैली ग्रामीण बोलियों से प्रभावित है तथा हास्य और व्यंग्य को उत्पन्न करना ही इनका प्रधान लक्ष्य है। यथा—

अरे राम राम। इस मिस्टर बाबू से तो बचाना श्याम। क्यों कि मिस्टर बाबू की ऐसी आदत है कि इनके लिए किसी का माल व दौलत लेना एक अदनी बात है। मगर जनाब। हिन्दुस्तानियों को तो मिस्टर के नाम से मैंने आज तक नहीं सुना, खैर माफ कीजिए, इस मिस्टर रूपी राक्षस को आपने कहाँ पाया था खुद आप ही ने कहीं से चोरी करके अपने नाम से लटकाया मगर देखिए जनाब आप नाराज न होंगे, बन्दर की तरह उछल न पड़ें, क्यों कि मैं पुराने वक्त का आदमी हूँ इसलिए जब मैं किसी के नाम में मिस्टर, शर्मा, सिंह वगैरह लटका हुआ देखता हूँ तो सचमुच ही बहुत डर जाता हूँ, और वैसे शर्मा, सिंह बाबू और मिस्टर शर्मा के पास जाकर कदम तौल कर रखता हूँ"

(प्रेमयोगिनी- राधेश्वरी प्रसाद पृष्ठ-46)

भाषा में हास्य को उत्पन्न करने के लिए शब्दों की तोड़ मरोड़ भी किया गया है जिससे भाषा का स्तर बहुत ही निम्नकोटि का हो गया है यथा—

"देखो वलास्टर साहब। यह हमारी बही है, इसमें जो हमको बोलना है, वा जो कोर्ट में पूछना है, सो साफ साफ लिख दो, मैं अपनी जबान की नोक पर रख लेऊँ। फिर तुम पूछो या संकराती वकील पूछे, मैं बगाबप, अगाबप, सटासट पटापट बोलता जाऊँ रामभरोसे।" (श्रीमती मंजरी शिवराम दास पृ० 98)

दूसरी कोटि के नाटक वे हैं जो साहित्यिक स्तर के होते हुए भी पारसी थियेटरों के प्रभावों से प्रभावित हैं । इस प्रकार के नाटककारों में गोपालराम गहमरी, बद्रीनाथ भट्ट, ईश्वरी प्रसाद शर्मा, जयगोपाल श्रीवास्तव, माखनलाल चतुर्वेदी का नाम विशेष उल्लेखनीय है । इनमें गहमरी, भट्ट, ईश्वरीप्रसाद चतुर्वेदी जी की भाषा जन सामान्य के अधिक निकट है, उर्दू -फारसी , देशज तद्भव , अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं के शब्द मुहावरों और कहावतों का प्रयोग यथावसर किया गया है । ये नाटक मूलतः रंगमंच की दृष्टि से लिखे गए हैं जिससे भाषा बहुत ही सहज, सरल, और जनसामान्य के निकट प्रतीत होती है यथा- - - - - - -

" राजपूत का क्रोध और तोप की बारूद जब आग पावे तब बाप रे बाप उनका कहाँ ठिकाना है। एक दम धमाधम । अहा। के मारे ढकोदाह करके तो छोड़ेगी । और कच्चा विक्रम की तो वह पट्टी दी कि सर्दारों की फूटी आँख से भी नहीं देख सकता । ऐसी पट्टी बिना कहीं अपना मतलब गढ़ता है। उधर बनवीर की माँ शीतलसेनी भी बड़ी चतुरा निकली । बाबा रे बाबा कहाँ का पानी कहाँ जा कर तो उतारा। भला किसी देवता को भी इसका पता है कि उसका और मेरा दोनों का मतलब त्रिवेणी में संगम हो कर घुम धार बहा रहा है । बनवीर के राजा होते ही शीतलसेनी मुझे तीन-तीन सो बड़े बड़े गाँव लाखराव दे देगी तब मैं एक बड़ा सर्दार हो कर राव-रावल या रावत का खिताब पाऊँगा। अहहा अब जरा छिप कर विक्रम का मकरकन्द होना तो देखें । फिर तो घोड़े पर जीन और एक ही बाग में सरपट दौड़ ।"

(बनवीर नाटक- गोपालराम गहमरी-पृ0-15)

नाटकों में व्यंग्य और कटाक्षों को व्यक्त करने के लिए प्रयुक्त भाषा भी सरल है, जो ऊपर से तो सामान्य लगती है किन्तु उसके उसके मूल में निहित व्यंग्य या कटाक्ष से जिस पर कटाक्ष किया जाता है वह तिलमिला उठता है । ' दुर्गावती नाटक में बद्रीनाथ भट्ट ने एक षड्यंत्रकारी और देश द्रोही के प्रति इसी प्रकार के व्यंग्य की योजना की है यथा——

" ठीक है, आप हर एक प्रश्न का उत्तर क्यों दें , आप क्या कोई उत्तर बाँड हैं ? पर हाँ, एक बात निश्चित है कि अकबर से आप चुपचाप कलिखापढ़ी कीजिए, और फिर देखिए कि उसके दरबार में आप को कैसी बड़ी नौकरी मिलती है। वहाँ बीरबल और मुल्ला दो प्यादे के बराबर बैठने

पर आप का धाम्रियपन और भी चमक जायेगा।''

(दुर्गावती- बद्रीनाथ भट्ट पृ०- 45)

हास्य और प्रहसन लेखकों में गंगाप्रसाद श्रीवास्तव का नाम विशेष उल्लेखनीय है। इनकी भाषा में आद्योपान्त हास्य, व्यंग्य और विनोद का पुट बना रहता है जिसमें भाषा का हल्कापन, व्यवहारिकता और प्रवाहमानता है। हास्योत्पत्ति के लिए शब्दों का विचित्र संयोग, अशुद्ध प्रयोग विदेशी शब्दों तथा वाक्यों में हेर-फेर करके या शब्दों को तोड़-मरोड़ कर रखा गया है। पात्रों के नाम भी हास्योत्पादक ही है यथा—

'' कहो बुरघा हुसेन, सुनो कहहारेओ? धन्य हो महाराज धन्य हो? अपने अल्ला खुदाय से यही दोआ माँगो कि फाँसी केरे हुकुम होवे। नाहीं जिन्दगी अकारत जाई। जीके का करबो? नकटा जैसे बुरा हवाल। कहो भाई है न ठीक। -----(उलट-फेर, जी०पी० श्रीवास्तव- पृ० 118)

उपर्युक्त अंश में भाषा को व्यवहारिक और सरल रूप देने के लिए उर्दू-फारसी, अंग्रेजी मुहावरों, लोकोक्तियों आदि का निःसंकोच प्रयोग किया गया है। संस्कृत के तत्सम सामासिक शब्दों का पूर्णाभाव है। किसी शब्द विशेष पर जोर देने के लिए वाक्यों के शब्द-विन्यास में भी परिवर्तन हुआ है यथा—

यह साला कूकुर लोग बड़ा पाजी हालता है। जहाँ-जहाँ चोरी-चोरी रात को वोट पकड़ने जाता है यह साला लोग भूँक-भूँक कर भण्डाफोड़ देता है। क्या, जहाँ-जहाँ तुरन्त गब्बू लाल और पीली परसाद ? जा कर सब चौपट कर देता है। हम इसका जरूर बदला ले लेगा। इसीलिए हम मेम्बर होगा जरूर करके। फिर खूब कोशिश करके ' कुत्ताबिल'' होगा।''

(दुमदार आदमी- जी०पी०श्रीवास्तव-पृ०-78)

इसके अतिरिक्त कहीं-कहीं पर प्रौढ़ गंभीर और तर्कपूर्ण सम्भाषणों की उद्भावना भी मिलती है किन्तु इनकी संख्या बहुत ही कम है। माखनलाल चतुर्वेदी और विश्वम्भरनाथ शर्मा आदि का हास्य व्यवहारिक है। सम्भाषणों में पात्रों की भाषा ही इस हास्य को उत्पन्न करती है यथा—

'' सीताराम -'' क्यों महोदय, जब आपको दूसरा काम था तो पहले ही क्यों न कह दिया। वाह! मुझे भी कोई उल्लू समझा कि इतनी देर हँसी में टालते रहे। चल चले तो चले पानी पिलवा दूँ।

बाबू—
अजी महाशय, आपने मुझे बोलने तो दिया नहीं अपनी ही कहते रहे फिर भला मैं कैसे कहता,

सोताराम— बोलने क्यों नहीं दिया? क्या मैं तुम्हारा मुँह दाबे था?

बाबू— अजी, आप तो अपनी ही ओटते रहे; मेरी तो सुनी ही नहीं।''

(भंडाफोड़- विश्वम्भरनाथ शर्मा कौशिक
पृ०- 30)

तीसरे कोटि के नाटकों में शुद्ध साहित्यिक नाटकों की गणना होती है। जयशंकर प्रसाद वियोगीहरि, गोविन्द वल्लभ पन्त, पाण्डेय बेचन शर्मा उग्र और माखनलाल चतुर्वेदी इसी वर्ग के नाटककार हैं। इन्होंने रंगमंच की दृष्टि से नाट्यकृतियों का सृजन नहीं किया है जिससे इनकी भाषा शैली शुद्ध, परिष्कृत और तत्समप्रधान है। भावों और पात्रों के अनुकूल भाषा भी भावात्मक अभिव्यक्ति तथा शुद्ध तत्सम है उर्दू-फारसी, अंग्रेजी या इसी तरह के अन्य विदेशी शब्दावली का अभाव है। प्रसाद की भाषा इसी तरह की है यथा——

'' हृदय नीरव अभिलाषाओं का नीड़ हो रहा है। जीवन के प्रभात का वह मनोहर स्वप्न ~~विश्व~~ विश्वभर की मदिरा बन कर मेरे उन्माद की सहकारिणी कोमल कल्पनाओं का भंडार हो गया है। मल्लिका! तुम्हें मैंने अपने यौवन के पहले ग्रीष्म की अर्धरात्रि में आलोकपूर्ण नक्षत्र-लोक से कोमल हीरक-कुसुम के रूप में आते देखा। विश्व के असंख्य कोमल कंठों की रसीली तानें पुकार बन कर तुम्हारा अभिनंदन करने, ~~तुमको~~ तुम्हें सम्हाल कर उतारने के लिए नक्षत्र लोक को गई थी।''

(अजात शत्रु- जयशंकर प्रसाद- पृ०- 55)

वस्तुतः प्रसाद ने सर्वत्र ही अपने नाटकों की भाषा में संस्कृत शब्दों की अधिकता के साथ सदुक्तियों की लयात्मकता, दार्शनिक की दार्शनिकता, कवि की भावुकता को स्थान दिया है। उर्दू-फारसी और मुहावरों के बहिष्कार के बावजूद भी उनकी भाषा में सर्वत्र ही प्रवाह है। एक लय है गति है जो सहज ही पाठकों के मन को मुग्ध कर लेती है। इसी कारण कहीं-कहीं भावात्मक अतिरेक के कारण वाक्य लंबे और ~~भाव~~ भाषा लयात्मक हो गई है यथा——

'' युद्ध क्या गान नहीं है? रुद्र का शृंगीनाद, भैरवी का तांडव नृत्य और शस्त्रों का वाद्यमिलन कर भैरव संगीत की सृष्टि होती है। जीवन के अंतिम दृश्य को जानते हुए अपनी आँखों से देखने, जीवन रहस्य के चरम

सौन्दर्य की नग्न और भयानक वास्तविकता का अनुभव केवल सच्चे वीर हृदय को होता है। ध्वंसमयी महामाया प्रकृति का वह निरन्तर के संगीत है। उसे सुनने के लिए हृदय में साहस और बल एकत्र करो। अत्याचार के श्मशान में ही मंगल का, शिव का, सत्य सुन्दर संगीत का समारम्भ होता है।''

(स्कन्दगुप्त- जयशंकर प्रसाद-पृ0-46)

इसी कोटि के दूसरे नाटककारों की कृतियों की भाषा प्रसाद की तरह कुछ तत्सम और संस्कृतनिष्ठ तो नहीं है फिर भी उसमें कुछ साहित्यिक खड़ी बोली का प्रयोग हुआ है। 'कृष्णार्जुन युद्ध' में प्रयुक्त माखनलाल चतुर्वेदी की भाषा इसी प्रकार की है।

'' द्रौपदी — '' ज्योतिष। ज्योतिष मूर्खों को बहकाने की एक छल विद्या है। राजनीति के दाँव चन्द्रसूर्य की गति देख कर नहीं चले जाते किन्तु ये राष्ट्र के सारे मानवों के अभ्युत्थान या पतन का विचार करके चले जाते हैं।''

(कृष्णार्जुन युद्ध- माखनलाल चतुर्वेदी- पृ0-50)

इसी प्रकार उग्र, गोविन्द वल्लभ पन्त, वियोगीहरि आदि नाटककारों ने भी इसी तरह की भाषा को अपनाया है। यद्यपि पन्त जी की भाषा भी कहीं-कहीं भावों के आवेग में कुछ तत्सम - संस्कृतनिष्ठ हो गई है किन्तु अधिकांश स्थलों पर शुद्ध, साहित्यिक खड़ी बोली का ही प्रयोग किया गया है। नाटकों में भी भाषा का क्रमशः विकास हुआ है। इस प्रकार नाट्यविधा की भाषा शैली बोलचाल से शुरू हो कर प्रौढ़ संस्कृत निष्ठ भाषा में समाप्त होती है। अतः वस्तु इस युग के उत्तरार्द्ध के नाटक की भाषा प्रौढ़ प्रांजल परिष्कृत आदि गुणों से समन्वित हो गई है।

समीक्षा—

समीक्षा या आलोचना विधा की दृष्टि से द्विवेदी युग प्रौढ़ और परिष्कृत काल रहा है। इसके पूर्व जो भी समीक्षाएँ हुईं उनमें प्रायः प्रशंसा और परिचय का हल्कापन ही था। आलोचना की गंभीरता और प्रौढ़ता के दर्शन तो यत्र-तत्र ही दिखाई पड़ते हैं। इसके साथ ही भाषा संबंधी त्रुटियाँ भी बहुत अधिक मात्रा में थीं। द्विवेदी युग के आरम्भिक - काल में प्रायः ऐसी ही आलोचनाओं के रूप दृष्टिगोचर होते हैं। स्वयं द्विवेदी जी के आरम्भिक समीक्षात्मक लेख 'कालिदास की आलोचना' में भाषा संबंधी अनेक दोष मिल जाते हैं। इस युग में

महावीर प्रसाद द्विवेदी, गोपालराम गहमरी, बालमुकुन्द गुप्त, मिश्रबंधु, पद्मसिंह शर्मा, लाला भगवान दीन 'दीन', श्याम सुन्दर दास, पदुमलाल-पुन्नालाल बख्शी आदि का नाम विशेष उल्लेखनीय है। इन समस्त लेखकों ने अपने व्यक्तित्व के अनुसार ही आलोचना के विभिन्न रूपों यथा--- परिचयात्मक, व्यंग्यात्मक तुलनात्मक, विवेचनात्मक, गवेषणात्मक, विश्लेषणात्मक और वैज्ञानिक आदि रूपों को विकसित किया। आलोचना के इन रूपों के अनुसार ही भाषा के स्तर में भिन्नता दिखाई पड़ती है।

परिचयात्मक आलोचना में कदाचकों की इतिवृत्तात्मक भाषा का प्रयोग हुआ है। इस प्रकार की समीक्षात्मक टिप्पणियों और निबंधों में बहुत ही सरल भाषा का प्रयोग हुआ है। इसके लिए उर्दू-फारसी के शब्दों, मुहावरों, शेरों आदि तक का खुल कर उपयोग किया गया है किन्तु शेरों मुहावरों आदि का प्रयोग कहीं-कहीं ही हुआ है। सामान्यतः इस प्रकार की आलोचनाओं में भाषा जनसामान्य को दृष्टि में रख कर ही प्रयोग की गई है। गोपालराम गहमरी और महावीर प्रसाद द्विवेदी के समीक्षात्मक कृतियों में इसी तरह की भाषा का रूप मिलता है यथा-------

"कवि यदि अपनी या और किसी की तारीफ करने लगे और यदि वह उसे सचमुच ही सच समझे, अर्थात यदि उसकी भावना वैसी ही हो तो वह भी असलियत से खाली क नहीं फिर चाहे और लोग उसे उलटा ही क्यों न समझते हों। किन्तु इन बातों में भी स्वाभाविकता से दूर न जाना चाहिए क्योंकि स्वाभाविक अर्थात नेचुरल (Natural) उक्तियाँ ही सुनने वाले के हृदय पर असर कर सकती हैं, अस्वाभाविक नहीं"

उपर्युक्त गद्यांश में भाषा की सहजता सरलता और शब्द चयन में लेखक की उदारता सहज ही दर्शनीय है।

व्यंग्यात्मक समीक्षाओं की भाषा में विचित्रता और विदग्धता का भी समावेश हुआ है। आवेश में आ कर कहीं-2 लेखकों के अनगढ़ शब्दावली का भी प्रयोग किया है। व्यंग्यों के सहज, सरल और प्रवाहमय बनाने के लिए विदग्ध उक्तियों कटु उक्तियों, मुहावरों, कहावतों उर्दू फारसी अंग्रेजी के शब्दों और आलंकारिक शब्दावली का निःसंकोच प्रयोग हुआ है, बालमुकुन्द गुप्त के समीक्षात्मक निबंधों में इसी तरह की भाषा का प्रयोग हुआ है, यद्यपि कहीं

कहीं ओज और प्रखरता के साथ ही साथ प्रसाद गुण समन्वित भाषा का भी प्रयोग मिल जाता है। किन्तु अधिकांशतः भाषा में ओज की ही प्रधानता है यथा——

" यदि द्विवेदी जी सामने होते, तो पूछते कि महाराज! यह जो आपने गड़बड़ कई एक वाक्य आगे-पीछे मियाँ मदारी के गोलों की भाँति उछाल दिए हैं इसका कुछ सिर-पैर है या खाली हिन्दी के वालों को हैरान करने के लिए यह लीला दिखाई है "। ।*

अथवा

" आप की लंबी चौड़ी डाँफनी चढ़ी हुई बातों को सुनकर लोग घबरा उठे थे कि न जाने हिन्दी वालों की कैसी कैसी भूलें और व्याकरणविरुद्ध बातों का गट्ठर लाद कर आप लाये हैं। पर देखा तो कुछ नहीं, वही ढोल के अन्दर पोल। कहाँ तो आप की यह घबराहट और बौखलाहट कि जिस अखबार को उठाते हैं, सब में वाक्य रचना का भेद पाते हैं और कहाँ यह फिसड्डीपन कि एक पुरानी पोथी के साढ़े तीन पंक्तियों के विज्ञापन पर गिर कर रह गए। वाह! इतनी जोरा - जोरी पर यह बेबसी। दो चार अखबारों की भाषा का मुकाबिला करके दिखाना था, दो चार पोथियों की वाक्य रचना का भेद बताना था। पर यह जरा समझदारी का काम था, इतनी समझ शायद आप में है ही नहीं। होती तो दूर जाना न पड़ता अपनी रचना में ही सब रचना भेद देख लेते।---------- खैर अब यह उदाहरण देख लीजिए जिसे बड़ी धूमधाम से झंडे पर चढ़ कर द्विवेदी जी महाराज अपनी व्याकरणदानी की लीला दिखाने लगे हो। सरस्वती के मैदान में आए हैं और जिसके घमंड के मारे आप ऐंठासिंह बने जाते हैं।"

आलोचना विधा की तुलनात्मक समीक्षा पद्धति में शुद्ध परिष्कृत भाषा शैली का प्रयोग किया गया है। किन्तु इसके प्रारम्भिक रूप में भाषा का सहज, सरल सुबोध और सजीव रूप ही दिखाई पड़ता है। उर्दू अरबी ब्रज अवधी, और ठेठ भाषा का प्रयोग भी यथा उचित हुआ है। तुलनात्मक समीक्षा के प्रवर्तक पं० पद्मसिंह शर्मा तथा लाला भगवान दीन 'दीन' के तरह की है ने भाषा के इसी रूप को अपने समीक्षाओं में स्थान दिया है, मुहावरों और उक्तियों के प्रयोग से भाषा में जीवन ही नहीं चपलता और जिन्दादिली भी आ गई है——

फड़कती हुई भाषा का प्रयोग निम्न गद्यांश में दर्शनीय है——

1- गुप्त निबंधावली- बालमुकुन्द गुप्त- भाषा की अनस्थिरता (आलोचना-प्रत्यालोचन)

"स्वामी जी महाराज । इनके तो बिहारी के इस दोहे को सुनकर छूटते हैं, ठहरिए, जरा संभलकर, धैर्य धर कर सुनियेगा वाक्य समाप्ति के पूर्व ही कहीं समाधि न लगा जाइये । हाय रे निष्ठुर बिहारी तेरी विकराला ने तो किसी तरह भी कहीं का न छोड़े, एकदम सारे साधन ही बेकार कर दिये ।

"छिप- छैल छाया ग्राहिनी गहै बीच ही आय"।

हरे हरे । इससे भला कोई कैसे बचने पायेगा यह तो ऊपर उड़ते हुए हवाई जहाजों की भी छाया पकड़कर— अनायास नीचे खींच कर निगल जायेगी । इस छाया ग्राहिनी के पंजे से छूटना तो सिर्फ 'पवन सुत' महायोगी महावीर का ही काम था। पर महावीर तो एक ही थे, सब कोई तो महावीर नहीं है। नहीं तो फिर पड़ो माया ग्राहिनी के माया जाल में । देखो? डराने वाले भय का कैसा भयानक रूपक बांधा करते हैं, छिप छैल छाया ग्राहिनी, '—दुस्तरा मेरी माया — छिप छैल छाया ग्राहिनी है ।"1

किन्तु इसके विपरीत परवर्ती तुलनात्मक समीक्षात्मक कृतियों में गंभीर शुद्ध परिष्कृत खड़ी बोली का ही प्रयोग हुआ है उर्दू फ़ारसी, आदि के व्यवहारिक शब्दों तक को दूर रखने का प्रयत्न किया गया है। मिश्रबंधुओं ने अपनी तुलनात्मक आलोचनाओं में इसी तरह की भाषा का प्रयोग किया है । यद्यपि इनके पूर्व की आलोचनाओं में भाषा का लचरपन और हल्कापन भी दर्शनीय है किन्तु क्रमशः भाषा प्रौढ़, परिष्कृत और शुद्ध होती गई है—

"इनकी कविता में अजायबघर की भाँति भ्रष्ट से भ्रष्ट छंद देखते चले जाइए, परन्तु इसमें बिहारी की भाँति उतने दोष नहीं मिलते। किन्तु इसके साथ ही साथ इनके साहित्य में अभूतपूर्व कोमलता रसिकता, सुन्दरता आदि गुण कूट-कूट कर भरे हैं । ऐसे उत्कृष्ट पद्य किसी अन्य की कविता में स्वप्न में भी नहीं देखे जाते । इनके उत्कृष्ट पद्यों के बराबर किसी भाषा में कोई पद्य पाना कठिन है ।"2

आलोचना विधा की विवेचनात्मक और गवेषणात्मक पद्धतियों में भाषा इतिवृत्तात्मकता और व्यवहारिकता से ऊपर उठ कर प्रौढ़ प्रांजल और परिष्कृत है । शब्दचयन भी संस्कृतोन्मुख तथा सुगठित और गंभीर है,

---

1- बिहारी की सतसई— पद्मसिंह शर्मा- सतसई का संहारक पृ०- 77)

2- हिन्दी नवरत्न— मिश्र बंधु — (महाकवि देव) पृ०- 291

उर्दू - फ़ारसी के अति व्यवहारिक कतिपय शब्दों को ही अपनाया गया है अन्यथा इनके बोल-चाल के शब्द तथा उक्तियों मुहावरों आदि तक का बहिष्कार ही हुआ है। भाषा में सर्वत्र ही नीरसता, शुष्कता है। इतना होने पर भी संस्कृत के कठिन , दुरूह और सामासिक शब्दावली और अलंकारिकता का प्रयोग नहीं के बराबर हुआ है । इसके साथ ही जहाँ कहीं भी कुछ विदेशी और विजातीय शब्दों का प्रयोग हुआ उन्हें उसी रूप में न अपना कर शुद्धिकरण करके अपनाया गया है । डा० श्याम सुन्दर दास के गवेषणात्मक और विवेचनात्मक आलोचना पद्धतियों में इसी प्रकार की भाषा का प्रयोग है ——

" मधुमती भूमिका में पहुँचा कवि का मन जब उल्लसित होकर नवीन सृष्टि का आरम्भ करता है और अपनी ही सृष्टि की सुन्दरता पर मुग्ध हो कर रीझता है उस समय उसकी समस्त वृत्तियाँ एकतान एक लय हो जाती हैं । इसीलिए उसकी रचना भावों का संगीत है । मन की इस एक विषया-वगाहिनी निरोधावस्था से चित्त (= ज्ञान) का आवरण-भंग होता है, अर्थात् मन जब विक्षिप्त हो कर इधर-उधर अनेक विषयों पर दौड़ता है उस समय अपनी इस विक्षेपावस्था से वह निरंतर धुंध-धुंध युक्त - स्वभाव चित्त पर एक प्रकार का पर्दा सा डालता रहता है, पर जहाँ उसकी यह सब अवस्था रुकता है, पर ज्यों उसकी यह विक्षेपावस्था निरोधावस्था में बदली कि उसका आवरण डालना बन्द हो जाता है और चित्त निरावरण हो कर चमकने लगता है। "।

सैद्धान्तिक , व्यवहारिक और वैज्ञानिक आलोचनात्मक पद्धतियों की भाषा प्रौढ़ मार्मिक तथा प्रांजल होने के साथ ही साथ विशुद्ध - परिष्कृत तत्सम शब्दावली से युक्त है। भावावेश के कारण यद्यपि कहीं कहीं उर्दू-फ़ारसी और मुहावरों तथा कटु व्यंग्योक्तियों तक का प्रयोग दिखाई पड़ता है किन्तु कहीं भी भाषा हल्की और लचर नहीं होने पाई है । हिन्दी और संस्कृत के विशुद्ध और तत्सम शब्दों का ही बाहुल्य है फिर भी भाषा दुरूह और जटिल नहीं है वरन् इसके विपरीत उसमें मार्मिकता, सहजता, प्रौढ़ता, गंभीरता और प्रवाह है। शब्दों का चयन भी ऐसा है जिसमें भाव कूट कूट कर भरे हुए हैं । अंग्रेजी के मूल शब्दों के साथ ही उनका हिन्दी पर्यायवाची शब्द कोष्ठकों में रखे गए हैं । इस प्रकार की भाषा हमें आचार्य शुक्ल , गुलाबराय, पदुमलाल-पुन्नालाल बख्शी आदि के आलोचनात्मक कृतियों में दिखाई पड़ता है ——

(रस और शैली — डा० श्यामसुन्दर दास— साहित्यालोचन पृ० 287)

"" मंगल अमंगल के द्वन्द्व में कवि लोग अंत में मंगलशक्ति की जो सफलता दिखा दिया करते हैं उनमें सदा शिक्षावाद (डिडैक्टिसिज्म) या असम्भाविकता को ढूंढ समझ कर नाक- भौं सिकोड़ना ठीक नहीं । अस्वाभाविकता तभी आयेगी जब बीच का विधान ठीक न होगा अर्थात् जब प्रत्येक अवसर पर सत्पात्र सफल और दुष्ट पात्र विफल या दण्डित दिखाए जायेंगे । पर सच्चे कवि ऐसा कभी नहीं करते ""।

इस प्रकार द्विवेदी युगीन आलोचना विधा में भाषा का आरम्भिक रूप जहाँ सरल सुबोध व्यंग्य हास्ययुक्त कहावतों मुहावरों से युक्त था वहीं उसका परवर्ती रूप प्रौढ़ गंभीर और तत्सम प्रधान है भाषा के स्तर में इस विभेद का कारण सम्भवतः दो ही दिखाई पड़ता है। प्रथमतः तो द्विवेदी युग का आरम्भ अभी भाषा के प्रचार, प्रसार का ही युग था जिससे भाषा के प्रति लेखकों का उदार दृष्टि कोण होना स्वाभाविक था। दूसरा सम्भवतः अभी तक आलोचना के क्षेत्र में लेखकों का दृष्टिकोण निष्पक्ष न होकर प्रतिद्वन्द्विता से युक्त था इसके साथ ही इसी समय साहित्यिक क्षेत्र में भाषा - व्याकरण को ले कर एक विवादग्रस्त समस्या उत्पन्न हो गई थी जिसका फल यह हुआ कि एक दूसरे को पछाड़ने के लिए आपत्तियों- कटूक्तियों का खुल कर प्रयोग हुआ । इस समय जो भी आलोचनाएं - प्रत्यालोचनाएं होती थी उसमें भाषा की सरलता, सुबोधता को ही प्रधानता रहती थी क्यों कि सीधी सरल और सामान्य भाषा ही उनके व्यंग्यबाणों को विपक्षी तक पहुंचाने में समर्थ हो सकती थी । किन्तु आलोचना की दृष्टि जैसे-जैसे निष्पक्ष होती गई उसकी भाषा शैली में भी गंभीरता, प्रौढ़ता, प्रांजलता तत्समता और परिष्कार का क्रमशः समावेश होता गया। जिसका फल यह हुआ कि एक-एक शब्द अनेक - अनेक भावों विचारों के संवाहक बने ।

पत्रकारिता :-

भारतेन्दु युग में आविर्भूत पत्रकारिता विधा द्विवेदी युग में ही विकसित हुई । द्विवेदी युगीन पत्रिकाओं के प्रकाशित होने में स्थिर प्रौढ़ परिष्कृत भाषा शैली ही सहायक सिद्ध हुई । दूसरे शब्दों में हम

1- सूरदास — आचार्य राम चंद्र शुक्ल — काव्य में लोकमंगल पृ० 102

कह सकते हैं कि द्विवेदी युग के साहित्यिक विधाओं में भाषा संबंधी जो स्थिरता, प्रौढ़ता, परिष्कार और संस्कृत दिखाई देती है उसको एक प्रमुख कारण ये पत्रिकाएं ही थीं क्योंकि इन पत्रिकाओं की जो सम्पादकीय टिप्पणियाँ हुआ करती थी वे विशेषतः भाषा विवेचनदृष्टिकोण से ही सम्बन्धित रहती थी। इस युग तक दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक सभी प्रकार की पत्रिकाओं का प्रचार और प्रकाशन हो चुका था। इन पत्रिकाओं में 'आज' (दैनिक)। मतवाला (साप्ताहिक) व्यापार(कलकत्ता) समालोचक प्रभा, सरस्वती मनोरंजन मर्यादा, माधुरी, शारदा, चाँद, लक्ष्मी, गृहलक्ष्मी, इन्दु (मासिक) आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। पत्रिकाओं की भाषा में भी एक स्तर का विकासक्रम दिखाई देता है।

इस युग के आरम्भ में ही प्रकाशित सरस्वती की भाषा अपने समकालीन पत्रिकाओं के लिए आदर्श रूप थी, इसकी भाषा में सरलता, सुबोधता, प्रवाह और विषयानुकूल शब्द चयन के प्रति सजगता है, परवर्ती पत्रिकाओं में प्रभा, आज,लक्ष्मी, श्री शारदा, चाँद, गृहलक्ष्मी, माधुरी आदि पत्रिकाओं में भाषा का जो विकास मिलता है वह बहुत सीमा तक सरस्वती की भाषा संबंधी आदर्श से ही प्रभावित हैं। इनमें भाषा की सरलता सुबोधता प्रौढ़ता वर्णनीय है। उर्दू, फारसी, अंग्रेजी के शब्दों के प्रति विशेष संकोच न होने के कारण उसे बहुत ही कम प्रयोग में लाया गया है। फिर भी कहीं-2 स्फुट रूप में इन भाषाओं के अति व्यवहारिक शब्दों को अपनाने में लेखकों ने संकुचित शब्दों को अपनाने में लेखकों ने संकुचित दृष्टि नहीं अपनाई है यथा- आज' की भाषा इसी तरह की है ——

आप अपने घरों के अन्दर बैठी हुई हैं आप के शरीर पर बाहरी हवा की गन्ध तक नहीं लगी, पर आपके कान में जो बाली लटकी हुई है और आपके हाथों में जो चूड़ियाँ पड़ी रहती हैं उनके कारण आप का देश पराधीन है। आप को इसका ख्याल भी नहीं पर जर्मनी के हाथों में आप बिकी हुई हैं। इन चूड़ियों और बालियों से कोई लाभ भी नहीं है। उलटे इनके कारण कितनी अड़चन पड़ती है। ऐसी सुन्दरता मोल लेना जिससे अपने शरीर को कष्ट पहुँचे, उसका कोई उपयोग न हो और उलटे काम काज करने में अड़चन हो, बुद्धिमत्ता नहीं जान पड़ती।

इतना होते हुए भी हम आपके इस प्रिय वस्तु के छूने का कदापि प्रयत्न न करते पर जब हम यह सोचते हैं कि इस साधारण सी विलासिता की चीजके द्वारा देश का बहुत सा धन विदेश चला जाता है और जब हम यह देखते हैं कि देशके लाखों आदमी भूखों मर रहे हैं और लाखों आधा पेट खाकर रह जाते हैं और लाखों को काफी कपड़ा पहिनने को नहीं मिलता तो हम भयंकर चिन्ता में पड़ जाते हैं''। किन्तु जहाँ पर गंभीर, सूक्ष्म विषयों का विवेचन हुआ है वहाँ पर व्यंग्य, मुहावरों, उर्दू-फ़ारसी आदि के व्यावहारिक शब्दों तक का बहिष्कार किया गया है। ऐसे अवसर पर भाषा अधिक, प्रौढ़, प्रांजल- परिष्कृत, गंभीर हो गई है। वाक्य कहीं-2 लम्बे भी हो गए हैं किन्तु शब्द चयन में तत्समता की ओर विशेष ध्यान रखा गया है यद्यपि कहीं-कहीं शब्दों की स्पष्टता के लिए कोष्टक में अंग्रेजी के शब्दों को भी उपयोग में लाया गया है 'प्रभा की सम्पादकीय टिप्पणियों से उद्धृत निम्नांश इसी प्रकार की भाषा शैली को स्पष्ट करता है—

'' मस्तिष्क और हृदय एक दूसरे से बिलकुल पृथक नहीं किये जा सकते इसलिये विश्वासों पर युक्तियों का और उक्तियों पर विश्वासों का प्रभाव पड़ता है। परिणामस्वरूप विश्वास और उक्तियाँ एक-दूसरे से संकीर्ण्य और संदीर्ण होते हैं जिससे युक्ति-युक्त और उक्तियाँ विश्वास जन्य होती है। व्यक्ति और समाज अपने विश्वासों के अनुसार कार्य करते हैं यद्यपि अपने जीवन की युक्तिवाद (Rationalism) की अवस्था में पहुँच जाने पर वे अपने विश्वासों को युक्तियों की कसौटी पर कसते हैं और इस प्रकार उन्नति की ओर अग्रसर होते हैं परन्तु वे युक्तियाँ भी बहुत कुछ विश्वास जन्य होती हैं।''2

1- सम्पादकीय- वृद्ध खादी(सं0 श्री प्रकाश) किरण सोर 20 वैशाख- सं01979)

2-प्रभा - सम्पादकीय टिप्पणियाँ(युक्तियाँ और विश्वास) । मार्च, 1921, पृ0187)

आदि में जहाँ भाषा सशक्त, प्रौढ़, प्रांजल और अपेक्षाकृत परिष्कृत तथा परिमार्जित है वहीं पर मनोरंजन 'मर्यादा' समालोचक 'मतवाला' आदि की भाषा में लचरपन है। व्याकरण की दृष्टि से भी अनेक त्रुटियाँ पाई जाती है। 'मनोरंजन' की भाषा में कृत्रिमता है। इस श्रेणी की अन्य पत्रिकाओं में उर्दू-फारसी शब्दों की भरमार तथा शब्दों की अशुद्धियाँ विशेष उल्लेखनीय है। व्याकरण की अशुद्धियाँ तथा विरामचिह्नों के दुरुपयोग से कहीं-कहीं भाषा में ऊब उलझन हो गई है। इस प्रकार की भाषा 'मर्यादा' में देखा जा सकता है ——

"[1]किसी स्कीम या सुधार को यदि पायोनियर, मद्रास मेल, स्टेट्समैन आदि एंग्लो इंडियन पत्र तथा स्वयं एंग्लो इण्डियन लोग अच्छा समझें, प्रशंसा के पुल बाँधे और प्रयत्न करे कि भारतवासी भी हाँ में हाँ मिला दें तो बिना कुछ भी सोचे विचारे किसी भी हिन्दुस्तानी को समझ लेना चाहिए कि दाल में कुछ काला है और जिसे ये अच्छा कह रहे हैं वह उसके लिए भी उतना ही अच्छा नहीं हो सकता। मांटेगू चेम्सफोर्ड - स्कीम सहज ही में इस कसौटी पर कसी जा सकती है। हम देख रहे हैं कि एंग्लो इण्डियन पत्र तथा कितने ही एंग्लो इण्डियन सज्जन और हमारे वे अफसर विशेष कर जिनको हम पहिले से जानते हैं एक स्वर से स्कीम की प्रशंसा कर रहे हैं ऐसी अवस्था में हमको यह समझने में संकोच न करना चाहिए कि स्कीम से हमारा बहुत बड़ा हित नहीं हो सकता। स्कीम के समर्थक कह सकते हैं कि एक ओर से यदि हमारे विपक्षी समर्थन कर रहे हैं तो यह भी तो सत्य है कि हमारे विदेशी शुभचिन्तक भी - जिनकी हित चिन्ता में उनके हमको संदेह नहीं हो सकता— तो समर्थन कर रहे हैं"।

इसी कोटि की पत्रिका 'मतवाला' की भाषा में ओज, मस्ती और भावावेश की प्रधानता है। भावावेश के कारण शब्द चयन की शुद्धता पर भी ध्यान नहीं दिया गया है। मुहावरों, लोकोक्तियों, अनुप्रास प्रधान भाषा शैली में सरलता, सुबोधता, मस्ती प्रवाह आदि का स्वभावतः ही समावेश हो गया है। उर्दू-फारसी, अंग्रेजी आदि के शब्दों का निःसंकोच प्रयोग हुआ है——

---

1. "मर्यादा- भाग-16, संख्या-1 जुलाई सन् 1918, सम्पादकीय टिप्पणी स्कीम की भुलभुलैया) पृ० 50-51)

करने वाले साहित्यिकों की संख्या उंगलियों पर गिनने भर को भी नहीं है। हम पश्चिम में डूबते हुए पाश्चात्यदिवाकर की शोभा को देखने में इतने भूल गए हैं कि, हमें अपने पूर्वीय स्वर्णिम - प्रभात के स्वर्ण- युग, की सौरभ की सुधि तक भी नहीं रह गई है ''।

इसमें भाषा की मधुरता , कमनीयता सरलता, भावुकता के साथ ही साथ भाषा की आलंकारिता और तत्समोन्मुख शब्द चयन भी दर्शनीय है। इतना होने पर भी भाषा में कहीं भी दुरूहता और भ्रामकता नहीं आने पाई है ।

- -

1- कु कु अम्बिका प्रसाद गुप्त(सम्पादक) अप्रैल-1927, कला-8 किरण-4 विविध विषय- पृ०- 157)